हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 15 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 110, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe

Koylanchal sambad news


## संक्षिप्त खबरें

### सीजेआई गवई अस्पताल में भर्ती हैदराबाद दौरे में हुए संक्रमण का शिकार



नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई को संक्रमण के चलते दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में तेलंगाना के हैदराबाद दौरे के दौरान वे संक्रमण की चपेट में आ गए थे। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों का कहना है कि 1-2 दिन में छुट्टी मिल सकती है। सीजेआई बीआर गवई ने 12 जुलाई को हैदराबाद के नालसर लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और भारतीय संविधान पर आधारित डाक टिकट और पोस्टकार्ड सेट का विमोचन किया था। इलाज के चलते सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में नहीं बैठे, जिससे उनकी तबीयत को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि संक्रमण की प्रकृति स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है और इलाज का असर दिख रहा है। उन्हें एक से दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

### झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे त्रिलोचन सिंह चौहान

रांची : झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी है कि झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का तबादला किया गया है और उनके ट्रांसफर की अधिसूचना जारी कर दी गई है. हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था. जिसपर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है. जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान की नियुक्ति की भी अधिसूचना जारी कर दी गई है.

### बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब, शिवमय हुआ भगवान भोलेनाथ का दरबार

देवघर(ईएमएस)।सोमवार को श्रावणी मेला का चौथा दिन है। वहीं सावन की पहली सोमवारी है। इस पावन दिन पर देवघर के बाबा धाम या बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जल सैलाब उमड़ा पड़ा है।अहले सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिख रहे हैं।पूरा मंदिर बोल बम के नारे से गूंज रहा है।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गई।जो भी श्रद्धालु सोमवार को बाबा के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं, वह रूट लाइन के रास्ते से ही मंदिर तक पहुंच रहे हैं। पहली सोमवारी की भीड़ को देखते हुए जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित तमाम पदाधिकारी मंदिर में सुबह-सुबह ही सारी तैयारी का जायजा लेने पहुंचे हुए थे।श्रद्धालुओं ने बताया कि आज जलाभिषेक करने में 8 घंटे से भी ज्यादा लग रहे हैं।कई बम को तो जलाभिषेक के लिए 12 से 15 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इधर, प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जो भी भक्त आ रहे हैं उन्हें सही रास्ता दिखाकर मंदिर परिसर भेजा जा रहा है।वहीं, कांवरिया पथ पर लाइनें सुचारू रूप से चलती रहे, इस पर जिला प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर के चारों ओर एवं मुख्य चौकों पर क्यूआरटी की टीम तैनात की गई है।

### नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से एसीबी ने पूछा, आईएएस विनय चौबे से क्या और कैसा संबंध है?

रांची(ईएमएस)।शराब घोटाला मामले में आरोपी ऑटोमोबाइल कारोबारी और नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से एसीबी ने सोमवार को पूछताछ की।एजेंसी ने उन्हें पूर्व में समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था।सोमवार को विनय सिंह अपने अधिवक्ता के साथ करीब दस बजकर तीस मिनट पर एसीबी मुख्यालय पहुंचे।एसीबी ने उनसे दोपहर लगभग डेढ़ बजे में पूछताछ शुरू की।एसीबी ने विनय सिंह से यह पूछा कि वह आईएएस अधिकारी विनय चौबे को कैसे और कब से जानते हैं। जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि वह विनय चौबे को कई वर्षों से जानते हैं और विनय चौबे उनके करीबी मित्र हैं।इसके बाद एसीबी ने यह जानकारी मांगी कि नेक्सजेन कंपनी में महत्वपूर्ण पदों पर कौन-कौन कार्यरत है। वहीं एसीबी ने विनय सिंह से पूछताछ के दौरान यह भी जानकारी मांगी कि आईएसएस विनय चौबे की पत्नी कब से नेक्सजेन से जुड़ी हैं और उन्हें क्या पद दिया गया है।बता दें कि एसीबी झारखंड शराब घोटाला की जांच कर रही है। इस केस में अब तक आईएएस विनय चौबे समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी केस में विनय सिंह भी आरोपी हैं लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम बेल दे दी है।

### दो साल का बी एड कोर्स करने का वाले भी सहायक शिक्षक नियुक्त के पात्र : हाईकोर्ट




रांची(ईएमएस)। झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को जेएसएस सी को यह निर्देश दिया है कि सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) नियुक्ति प्रक्रिया में वैसे अभ्यर्थियों का भी दस्तावेज सत्यापन किया जाए, जिन्होंने दो वर्षीय बी.एड कोर्स किया है।हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने यह आदेश दिया है। दो वर्षीय बीएड कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन करने की मांग को लेकर कई अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।अभ्यर्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की।सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि दो वर्षीय बीएड कोर्स करने वाले अभ्यर्थी भी नियुक्ति के लिए पूरी तरह पात्र माने जाएंगे। यह फैसला उन अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है, जिन्हें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सिर्फ इसलिए अपात्र घोषित कर दिया था, क्योंकि उन्होंने दो साल का बीएड किया था, जबकि विज्ञापन में केवल एक वर्षीय बीएड का जिक्र था।

### मनोज कुमार को पंचायती राज व अभय नंदन को राज्य पोषण मिशन के प्रभारी महानिदेशक का प्रभार

रांची(ईएमएस)।राज्य सरकार ने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार को सचिव, पंचायती राज विभाग, का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।वही अभय नंदन अंबष्ट को अपर सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अपने कार्यों के साथ प्रभारी महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया।

## झारखंड वासियों को जल्द ही मिलने वाली है मेट्रो की सौगात

# तीन शहरों में चलेगी मेट्रो ट्रेन, राज्य सरकार ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव



#### रांची, धनबाद और जमशेदपुर में मेट्रो रेल परियोजना लागू करने के प्रस्ताव

रांची : झारखंड वासियों को जल्द ही मेट्रो की सौगात मिलने वाली है. इसे लेकर झारखंड सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख शहरों रांची, धनबाद और जमशेदपुर में मेट्रो रेल परियोजना लागू करने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा है. यह प्रस्ताव शहरी विकास और आवास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव को भेजा गया है.

#### प्रस्ताव में क्या है खास

जानकारी के अनुसार, इसमें संबंधित शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन, फिजिबिलिटी स्डटी और एलाइनमेंट सर्वे कराने का प्रस्ताव दिया है. साथ ही अनुरोध किया गया है कि केंद्र सरकार जल्द इन तीनों शहरों में मेट्रो परियोजना को स्वीकृति दें. ताकि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके.

#### पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उठाई थी मांग

बताया जा रहा है कि 10 जुलाई को ही पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से रांची में मेट्रो रेल परियोजना की मांग की थी. इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने 11 जुलाई को केंद्र सरकार को प्रस्ताव भी भेज दिया है.

#### प्रस्ताव में क्या कहा

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य सरकार तेजी से बढ़ते यातायात दबाव और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए स्थायी शहरी गतिशीलता के लिए मेट्रो प्रणाली की संभावना तलाश रही है. कहा गया कि शहरीकरण की गति तेज हो चली है और वाहन भी बढ़ रहे हैं. इससे शहरों की सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है. शहरों में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है. ऐसे में मेट्रो रेल ही एक आसान यातायात का साधन हो सकता है. यह शहरों पर ट्रैफिक दबाव को कम कर सकता है.

## पलामू में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए अब लिखित परीक्षा, सीएम ने दी मंजूरी



रांची। पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय कर्मियों की बहाली लिखित परीक्षा के आधार पर होगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पलामू में हुए चतुर्थ वर्गीय श्रेणी की नियुक्ति को रद कर दिया गया था और इसके साथ ही पलामू डीसी को यह निर्देश भी दिया गया था कि पुनः विज्ञापन प्रकाशित कर छह माह के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए।

पलामू जिला प्रशासन द्वारा पुनः नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन में अंक के आधार पर चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति किए जाने का प्रविधान किया गया था, जबकि अभ्यर्थियों की मांग थी कि नियुक्ति प्राप्त अंक के आधार पर ना कर लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाए। इस मसले को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा था, जिसके बाद सीएम ने चतुर्थ वर्गीय पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दिया था। पिछले दिनों 11 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में वित्त मंत्री ने एक बार फिर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके बाद सीएम के निर्देश पर पलामू जिले के चतुर्थ वर्गीय पद पर लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने की मंजूरी दी गई है।

यहां से स्वीकृति मिलने के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी के द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने का निर्देश पलामू डीसी को दिया गया है।

## हरियाणा और गोवा को मिला नया राज्यपाल

#### कविंदर गुप्ता को बनाया गया लद्दाख का एलजी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सोमवार को जारी आधिकारिक सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल और पुसापति अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल घोषित किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार किया है। ये नियुक्तियाँ उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस दिन नए नियुक्त व्यक्ति अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे। ये नियुक्तियाँ दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख संवैधानिक पदों पर फेरबदल का संकेत हैं। घोष, जिन्होंने वरिष्ठ शैक्षणिक पदों पर कार्य किया है और उच्च शिक्षा में अपने प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं, हरियाणा के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने वाले है। वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती और पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, राजू, गोवा में कार्यभार संभालने वाले है। राजू ने अपने दशकों लंबे राजनीतिक जीवन में आंध्र प्रदेश और केंद्र दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## सीसीएल कर्मी से एक करोड़ लेवी मांगने वाले चार नक्सली गिरफ्तार

#### हथियार बरामद

रांची(ईएमएस)। सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले चार भाकपा माओवादी नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए माओवादी संगठन के योगेन्द्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।सोमवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन क्षेत्र के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे और इनके पास से हथियार व नक्सली पर्चे भी बरामद हुए हैं।यह कार्रवाई 25 जून को सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपए की लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी के मामले में की गई है।एसएसपी ने बताया कि 25 जून को सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमेटी के सदस्य मनोज जी के नाम पर एक करोड़ रुपए की लेवी मांगी गई थी। धमकी दी गई थी कि यदि दो जुलाई तक राशि का भुगतान नहीं किया गया तो उसे जान से मार दिया जाएगा।कोलकर्मी की लिखित शिकायत के आधार पर खलारी थाना में सात जुलाई को प्राथमिकी संख्या 46/25 दर्ज किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान 14 जुलाई की मध्य रात्रि को दल को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के चार पांच सक्रिय सदस्य मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए जमा हुए हैं।

## 17 जुलाई को रायबरेली पहुंच रहे राहुल गांधी तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा



रायबरेली (ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जुलाई को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करने वाले है। रायबरेली से 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह उनका अपने निर्वाचन क्षेत्र का पांचवां दौरा होगा। रायबरेली में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने राहुल गांधी के दौरे का पूरा शेड्यूल बताया। जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा, 17 जुलाई को राहुल गांधी का अपने संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे का कार्यक्रम तय है। वह तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आ रहे है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष तिवारी के मुताबिक, 17 जुलाई को राहुल गांधी बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करने वाले हैं, ऊंचाहार विधानसभा के अंतर्गत बाबूगंज में यह कार्यक्रम होगा। उसके बाद रायबरेली शहर में प्रजापति समाज के साथ संवाद होगा। बाद में वे सताव ब्लॉक इलाके में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करने वाले हैं, जहां उनका एक दिवसीय दौरा समाप्त होगा। यह दौरा राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना है, क्योंकि इसके माध्यम से राहुल गांधी पंचायत चुनाव से पहले पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूती दे सकते है। राहुल गांधी इस दौरे में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संवाद करने और उन्हें जमीनी स्तर पर चुनावी रणनीतियों के बारे में मार्गदर्शन दे सकते है।

## दुमका जिले में बनेगी फोर लेन सड़क, ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को मिला है ठेका



रांची : झारखंड की उपराजधानी दुमका के लोगों के लिए अच्छी खबर है। खबर यह है कि दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एनएच 114-ए के इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आमंत्रित किया था। दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण की प्रोजेक्ट राशि 189.36 करोड़ रुपये है। दो वर्ष में इस कार्य को पूरा कराने की मियाद तय की गई है। टेंडर की प्रक्रिया में कुल छह कार्यकारी एजेंसियों ने भाग लिया था, जिसमें ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने सबको पछाड़ते हुए बाजी मार ली है। ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड फिलहाल देवघर से बासुकीनाथ फोरलेन सड़क निर्माण का काम भी पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर लेकर करा रहा है। देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क निर्माण का काम पंजाब की गावर नामक कार्यकारी एजेंसी को मिला है जिससे तय मानकों के तहत एकरारनामा कर यह काम भी आल वन करा रही है। देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य एनएचआइ के जिम्मे है।

#### साल के अंत तक काम शुरू होने की है संभावना

टेंडर की प्रक्रिया के बाद कार्य आवंटित कर कार्यादेश निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एनएच 114 ए के कार्यपालक अभियंता रामपद मांझी बताते हैं कि इस माह के अंत तक कार्यादेश देने की प्रक्रिया संभवतः पूरी हो जाएगी। कहा कि इस पथ का निर्माण हेम मोड पर कराया जाना है। इसके लिए एकरारनामा के उपरांत छह माह का समय कार्यकारी एजेंसी को तमाम प्रक्रियाएं पूरी कर काम शुरू कराने के लिए दिए जाने का प्रावधान है। ऐसे में यह उम्मीद है कि इस साल के अंत तक दुमका-बासुकीनाथ फोरलेन पथ का निर्माण काम शुरू हो जाएगा। कहा कि इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी चल रही है।

#### टेंडर में हिस्सा लेने वाली कार्यकारी एजेंसियां

आल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स श्रीराम इंटरप्राइजेज, त्रिवेणी इंजीकाम प्राइवेट लिमिटेड, कोल माइंस एसोसिएडेट ट्रेर्डस प्राइवेट लिमिटेड, राजवीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन ने टेंडर की प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। इसमें ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने फाइनांसियल बीड में 168.49 करोड़ रुपये की राशि डालकर एल वन श्रेणी में सबसे उपर है।

ऑल वन ने तकरीबन 11.02 प्रतिशत नीचे जाकर टेंडर की राशि कोट किया है, जबकि दूसरे नंबर पर श्रीराम इंटरप्राइजेज है। जिसने

## फर्जी तरीके से आयकर रिफंड मामला

## झारखंड सहित देश में 200 जगहों पर आयकर का छापा




रांची : आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा ने फर्जी तरीके से आयकर रिफंड लेने के मामले में देश भर में 200 स्थानों पर छापा मारा. दिल्ली स्थित मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में रांची स्थित आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा में चतरा जिले के बचरा कोलियरी के पास रिटर्न दाखिल करने वाले एक व्यक्ति के ठिकाने पर छापा मारा.

आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले इस व्यक्ति ने सीसीएल के कर्मचारियों का रिटर्न दाखिल किया था. छापामारी के दौरान मिले दस्तावेज से इस बात की जानकारी मिली है कि इस व्यक्ति ने 2000 से ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल किये थे. रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्स की सही तरीके से कटौती की गयी थी. लेकिन रिटर्न दाखिल करने के बाद आयकर में दिये गये छूट के प्रावधानों का ग़लत इस्तेमल करते हुए रिफंड फ़ाइल किया गया. इसमें फर्जी दस्तावेज का सहारा लिया गया. साथ ही भुगतान किये गये टैक्स की रकम वापस ले ली.

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस से दो अपराधियों को किया गिरफ्तार हत्या बलात्कार और चोरी के मामले हैं दर्ज चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस को एक और सफलता मिली है। जहां पर उन्होंने चोरी के पांच मोटरसाइकिल को बरामद किया है। जिले के एसएसपी पीयूष पांडे ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो संदिग्ध लोगों द्वारा सीताराम डेरा थाना अंतर्गत बस स्टैंड के पास चक्कर लगा रहे हैं। पुलिस ने चेकिंग की तो वह मोटरसाइकिल फर्जी पाया गया। इन दोनों को गिरफ्तार कर और खोजबीन की गई, तो तीन और मोटरसाइकिल बरामद किया गया। जिसमें जांच करने पर पता चला कि एक पर सात चोरी के मुकदमे दर्ज है और वह हाल ही में जेल से छूटा है। जबकि दूसरे आरोपी पर हत्या, बलात्कार और चोरी की चार घटनाएं दर्ज है।दोनों से पूछता जारी है। यह लोग मोटरसाइकिल चोरी कर अलग-अलग स्थान पर छुपाते थे और उसे बेच देते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साहिबगंज में युवक का शव बरामद

साहिबगंज(ईएमएस)।साहिबगंज के जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज श्री रामचौकी तुरी टोला में सोमवार की सुबह एक युवक का शव कुएं से बरामद किया गया। मृतक की पहचान रोशन तूरी के रूप में हुई है, जो गांव का ही निवासी था।सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने कुएं में शव को देखा। खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पाकर जीरवाबाड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक की मौत कैसे हुई।

### जमशेदपुर पुलिस ने हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के एलबीएम रोड पर साईं मंदिर के पास 11 जुलाई को आशीष कुमार भगत को गोली मार दी गई थी। बाद में अस्पताल में आशीष कुमार भगत ने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने 5 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। यह हत्यारोपी नागाडीह मैदान के पास से तब गिरफ्तार किए गए जब यह डकैती की योजना बना रहे थे। पूछताछ में इन्होंने आशीष कुमार भगत को गोली मारने का जुर्म कबूल कर लिया है। साकची में एसएसपी ऑफिस में एसएसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोमवार को गिरफ्तारी की जानकारी दी।एसएसपी ने बताया कि जो हत्यारोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनमें बागबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्वाला पट्टी का रहने वाला राहुल यादव उर्फ छोटू, कीताडीह ग्वाल पट्टी का ही रहने वाला रंजन कुमार सिंह, यहीं का विजय शंकर सिंह, सूरज कुमार दास और शुभम कुमार उर्फ कल्लू हैं। इनके पास से एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद हुआ है। एसएसपी ने बताया कि इसमें से राहुल यादव और विजय शंकर सिंह उर्फ बाबू टेपर का आपराधिक इतिहास है।राहुल यादव के ऊपर बागबेड़ा में मारपीट का एक मामला दर्ज है। जबकि, विजय शंकर सिंह के खिलाफ जगन्नाथपुर में मामला दर्ज है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद सभी हत्यारोपियों को एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया है।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के श्राद्ध में पहुंचीं कल्पना सोरेन, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

रांची(ईएमएस)। गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सोमवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके पैतृक गांव पहुँचीं। उन्होंने पूरे परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी हैं। कल्पना सोरेन के साथ-साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और परिवार को इस मुश्किल समय में संबल देने की कोशिश की।बता दें कि भरत कपूर का हाल ही में हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक जताया था और उन्हें विनम्र व्यक्तित्व का धनी बताया था। इसके साथ ही तमाम नेता मंत्रियों ने कहा था कि भरत कपूर जैसे लोग समाज की पूंजी होते हैं और उनका जाना अपूरणीय क्षति है। कल्पना सोरेन की मौजूदगी से शोकाकुल परिवार को भावनात्मक सहारा मिला।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने नाबालिग बच्चे को बचाया

रांची(ईएमएस)।कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार, रांची मंडल में रेलवे सुरक्षा बल सतर्कता की स्थिति में कार्यरत है। इसी क्रम में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत रांची रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ड्यूटी के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने एक नाबालिग बच्चे को सुरक्षित बचाया। ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या एक पर नाबालिग बालक को बिना किसी उद्देश्य के भटकते हुए देखा गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान रंजन कुमार सिंह, उम्र 13 वर्ष, पिता श्री विजेंद्र कुमार, निवासी मसोना, थाना-संजौली, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई। बच्चे ने बताया कि वह बिना बताए घर से भाग आया है और अब वापस जाने में असमर्थ है। आरपीएफ टीम द्वारा बच्चे को रांची आरपीएफ पोस्ट लाया गया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात बच्चे को चाइल्ड लाइन, रांची को सकुशल सुपुर्द किया गया, जिससे उसकी आगे देखभाल और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।इस कार्य में योगदान देने वाले कर्मी एएसआई अरुण कुमार, कांस्टेबल मंजीत यादव, महिला कांस्टेबल सबिता गाड़ी है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रिम्स टू की जमीन का जायजा लिया और रैयतों से मिले

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ सोमवार को प्रस्तावित रिम्स टू के रैयतों से नगड़ी गांव जाकर मिले। उन्होंने प्रस्तावित रिम्स 2 की जमीन का जायजा लिया और कहा जिसने भी इस जमीन पर अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है उसका दिमागी दिवालियापन है। कृषि योग्य जमीन पर रिम्स 2 बनाना सरकार का गलत निर्णय है। रिम्स 2 बनाना है तो कांके में बहुत बंजर भूमि, गैरमजरुआ जमीन परती पड़ी है वैसी जमीन पर सरकार अस्पताल बनाने का काम करे। स्वास्थ्य मंत्री खुद आकर जमीन का जायजा लें, ताकि उन्हें भी पता चले कि यह कृषि योग्य जमीन है या बंजर जमीन है।संजय सेठ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिस दिन धान की रोपाई होगी उस दिन वह स्वयं उनके साथ धनरोपनी में शामिल रहेंगे देखते हैं कौन क्या करेगा। मौके पर कमलेश राम, प्रभात भूषण और रामलखन मुंडा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कुशल कोयला परिवहन के लिए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी अत्यंत जरूरी : पीएम प्रसाद

रांची। कुशल कोयला परिवहन के लिए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, यह अंडरलोडिंग और ओवरलोडिंग की समस्याओं का समाधान करती हैं। यह बातें सोमवार को कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कही। वे रेडिशन ब्लू होटल में सीएमपीडीआई की ओर से आयोजित फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की चुनौतियों पर एक-दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने कार्यशाला का उद्घाटन किया। वहीं, आगे बोलते हुए उन्होंने इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का आग्रह किया और चुनौतियों से निपटने के लिए हितधारकों के सहयोगात्मक प्रयासों पर जोर दिया। मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कोयला क्षेत्र में सतत विकास और दक्षता के लिए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी को एक रणनीतिक प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया।उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यशाला ने कोल इंडिया की सहायक कंपनियों, ईपीसी ठेकेदारों, विक्रेताओं और सीएमपीडीआई को अनुभव साझा करने, चुनौतियों की पहचान करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## संस्थागत प्रसव की कमी पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी, कहा

# अवैध क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन पर लगाए रोक

पलामू(ईएमएस)। उपायुक्त समीरा एस सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। पलामू के समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, बीपीएम एवं डीपीएम को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया।

उपायुक्त ने नागरिकों, माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करने और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए शत प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर बुनियादी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एनिमिया आदि सभी तरह की जांच, ससमय आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट्स देने, बीसीजी, हेपेटाइटिस, ओपीभी (पोलियो) टीकाकरण आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव के प्रस्तुत किये गये डेटा में भिन्नता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम एवं डीपीएम को स्पष्ट निर्देश दिया कि यहां गये, वहां गये, ऐसा, वैसा रिपोर्ट नहीं चलेगा। उन्होंने विशेषकर संस्थागत प्रसव की कमी पर नाराजगी जताई। समीक्षा के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव का डेटा 62% पाया। इसपर नाराजगी जताते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों के साथ



कहां हो रहा है? निजी वैध क्लिनिक एवं स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले प्रसव का डेटा संग्रह भी करना सुनिश्चित करें। अगर अवैध/बिना रजिस्ट्रेशन क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच के लिए चिकित्सा पदाधिकारी खुद सक्षम हैं। उन्होंने अवैध संचालन पर रोक लगाने एवं उसके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया। साथ वैध क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची संबंधी रिपोर्ट भी सौंपने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों में होने वाले प्रसव एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों से संबंधित दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें।उन्होंने अस्पतालों में रखरखाव के संकल्प का अध्ययन कर उसके प्रावधानों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आवश्यकता अनुरूप आवश्यक सामग्री व उपकरणों की खरीदारी करें, लेकिन बिना जरूरत वाली सामग्री की खरीद कदापी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्पतालों में दवा, बिजली, पेयजल, शौचालय, रंगरोगन, चारदीवारी आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने डीपीएम को बुनियादी सुविधाएं बहाल करने और समय-समय पर इसका मूल्यांकन करते रहने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय कर आंगनबाड़ी सेविका, सहिया के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने हेतु जागरूक करते हुए उनका शत प्रतिशत जांच एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने आयुष्मान से प्राप्त 75% आय अपने संस्थान के रखरखाव एवं अन्य कार्यों में उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को एक मुश्त राशि उपलब्ध करा दी गई है, जिससे सभी चिकित्सा पदाधिकारी अपने संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

## लूटकांड, हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में खूंटी पुलिस ने कुल छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

खूंटी(ईएमएस)।खूंटी पुलिस ने लूटकांड, हत्या और आर्म्स एक्ट के अलग अलग मामलों में कुल छह आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा।गिरफ्तार आरोपियों में तोरपा अनुमंडल के अलग अलग थाना क्षेत्रों से 24 वर्षीय मंगू लोहरा, 22 वर्षीय बिरसा लोहरा, 30 वर्षीय राउतु लोहरा, 19 वर्षीय भैरो लोहरा को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या मामले में तोरपा थाना क्षेत्र से स्थाई वारंटी शिशुपाल सिंह तथा तीसरे मामले में रनियां थाना क्षेत्र के तोकेन भीमाटोली निवासी 35 वर्षीय मंगल केरकेट्टा को आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गिरफ्तार चार आरोपियों के पास से 37500 रुपए नगद, लूटा गया एक मोबाइल समेत 3 मोबाइल जब्त किया। वहीं दूसरे मामले में एक देशी कट्टा, दस गोली और 2 मैगजीन चार्जर जब्त किया।खूंटी पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि 9 जुलाई 2025 को कर्रा थाना क्षेत्र के चेरवादाग गांव के समीप पिकअप वाहन को रोककर लगभग तीन लाख रुपए लूटे गए थे। लूट मामले में कर्रा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मामले के उद्भेदन के लिए एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तत्परता से कार्रवाई कर लूटकांड मामले में चार आरोपियों को बुंडू और मारंगहादा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वहीं तोरपा थाना क्षेत्र में 18 वर्ष पूर्व अपहरण एवं हत्या मामले में दर्ज कांड के खिलाफ पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे शिशुपाल सिंह को गिरफ्तार किया। शिशुपाल सिंह कटहल मोड में अपना नाम बदलकर राशन दूकान चलाता था। वह 2007 में एक तीन वर्षीय बच्चे का अपहरण कर फिरौती की मांग की थी। इस मामले में 5 मार्च 2007 को तोरपा थाना में कांड दर्ज कराया गया था। तीसरे मामले में रनियां थाना क्षेत्र के तोकेन भीमा टोली निवासी मंगल केरकेट्टा को एक अवैध देशी कट्टा, मैगजीन चार्जर और दस गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सोलह तक भारी बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

रांची(ईएमएस)। झारखंड के विभिन्न जिलों में 16 जुलाई तक भारी बारिश होने का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज हवा के साथ कहीं-कहीं वज्रपात की घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। अगले 24 घंटों के बाद इस सिस्टम के खाड़ी के पूर्वी-उत्तरी तट पर बंगाल और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की पूरी संभावना है। जो झारखंड में भारी बारिश का कारण बनेगा।मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह में ऑरेंज अलर्ट, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा और देवघर में यलो अलर्ट और बुधवार को पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार में ऑरेंज अलर्ट जबकि रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, जामताड़ा और दुमका में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी रहेगा। इधर, राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मानसून सामान्य रहा। पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक 82 मिमी बारिश हुई। जबकि पूर्वी सिंहभूम में 62.8, गढ़वा में 40.5, रांची में 19.6 समेत कई भागों में हल्की बारिश हुई।

### जेसीएम ने परीक्षा नियंत्रक को छात्रों की समस्याएं बताईं

रांची (ईएमएस)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की नवनियुक्त प्रभारी परीक्षा नियंत्रक डॉ शुचि संतोष बरवार से झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक को बधाई देते हुए उन्हें वर्तमान में परीक्षा से संबंधित छात्रों की समस्याओं से अवगत कराकर समाधान करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में मनीष राणा, अल्ताफ राजा, प्रेम कुमार, अभिषेक उरांव, रौशनी साहू व अन्य शामिल थे।

### विद्यार्थियों के बीच तटरक्षक बल की टीम के साथ पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, कहा

## समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है तटरक्षक बल



रांची(ईएमएस)। भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा रांची में पहली बार व्यापक पैमाने पर विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में तटरक्षक बल में शामिल होने के लिए जागरूकता और भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुआ है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में भारतीय तटरक्षक दल के विषय में जागरूकता लाना है और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना है। इसके निमित सोमवार को रांची में रामटहल चौधरी स्कूल (ओरमांझी), एसएस मेमोरियल कॉलेज (कांके रोड), लाला लाजपत राय स्कूल और गोस्नर कॉलेज, रांची में विद्यार्थियों के बीच यह अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम भी हुआ और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी केएल अरुण के नेतृत्व में पूरी टीम मौजूद रही। विद्यार्थियों के बीच तटरक्षक बल ने बैग व अन्य किट का भी वितरण किया। इन्हें संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हमारे बच्चे रोजगार और राष्ट्र सेवा के लिए साथ-साथ तैयार हों, इसके प्रति जागरूक हों; इस उद्देश्य के साथ भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा रांची में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज जागरूकता कार्यक्रम किया गया। भारतीय तटरक्षक बल से जुड़े अधिकारियों ने बच्चों को राष्ट्रसेवा के प्रति तैयार होने के लिए विभिन्न बातें बताई। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें तटरक्षक बल में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित किया। श्री सेठ ने कहा कि यह यह रक्षा मंत्रालय की ऐसी संस्था है, जो हमें राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत देश के समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए प्रेरित करती है। रांची में पहली बार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुआ। यह अभियान हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा देगा।उन्होंने कहा कि भारत के हजारों किमी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीवजंतुओं की सुरक्षा, समुद्री आपदाओं से राहत और बचाव का कार्य तटरक्षक बल के द्वारा किया जाता है। श्री सेठ ने कहा कि विदेश से आने वाले नशे के कारोबारी और अवैध घुसपैठ को रोकने का का काम भी इनके द्वारा ही किया जाता है। इससे जुड़ना समाज की सेवा करना है। यह सुनहरा अवसर है, जब रक्षा मंत्रालय तटरक्षक बल में भर्ती और जागरूकता के लिए रांची में अभियान चला रहा है। इसलिए विद्यार्थी और युवा अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल हों और रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा के इस अवसर का उपयोग करें। इस अवसर पर भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी केएल अरुण ने विद्यार्थियों को तटरक्षक बल की गतिविधियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्हें बताया कि कैसे तटरक्षक बल काम करता है। इसके साथ जुड़ना और काम करना जीवन को रोमांच देने वाला अवसर होता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा का भी समाधान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समरी लाल, रणधीर चौधरी, कमलेश राम, पूर्ति प्रवीण सूरीन सहित हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## जिला परिषद, धनबाद।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–9/2025-26/DE/ZPDH/DHANBAD**

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोपचाँची | गोमो दक्षिण पंचायत दुर्गा मंडप के बाहर 40–40 वर्गफीट क्षेत्रफल में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन (2) खेशमी पंचायत अन्तर्गत मेन रोड से छेदी साव के घर तक 170 फीट पीसीसी पथ निर्माण (3) खेशमी पंचायत अन्तर्गत लोको बजार काली मन्दिर के बाहर 13.5–90 फीट पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन | 5,41,130 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 2 | तोपचाँची | दुमदुमी पंचायत अन्तर्गत नरकोपी वार्ड सं0 8 में डीप बोरिंग (2) दुमदुमी पंचायत अन्तर्गत नरकोपी वार्ड सं0 4 में डीप बोरिंग (3) मदैयडीह पंचायत अन्तर्गत एडुकेशन हब कोचिंग सेन्टर के समीप चापाकल का अधिष्ठापन | 5,33,840 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 3 | तोपचाँची | मतारी पंचायत अन्तर्गत पाकेरबेड़ा मांझीथान का सौन्दर्यीकरण (2) ढाँगी पंचायत अन्तर्गत देवानथान के बगल में शेड का निर्माण | 5,41,400 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 4 | टुण्डी | मनियाडीह पंचायत के अन्तर्गत तालेकाँचा चान्दोलाल हेम्ब्रम के जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण | 5,00,600 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 5 | टुण्डी | बेगनरिया पंचायत अन्तर्गत ग्राम नरंगडीह देवपहाड़ जाहेरस्थान पथ रिडा बोटकोच के सामने 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण (2) टुण्डी प्रखण्ड के कटनिया पंचायत अन्तर्गत ग्राम मंझलीटाँड़ क्षेत्र सं0. 05 के कार्यालय के सामने 200 फीट पीसीसी पथ निर्माण | 5,02,700 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 6 | निरसा | हड़ियाजाम पंचायत अन्तर्गत कूहुका ग्राम में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन (2) रांगामाटी पंचायत अन्तर्गत विजयपुर शमशान में शेड का निर्माण | 5,13,900 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 7 | निरसा | निरसा प्रखण्ड अन्तर्गत उपचुड़िया पंचायत अन्तर्गत लेढ़ाडीह में सामुदायिक भवन का निर्माण | 6,80,800 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 8 | निरसा | निरसा प्रखण्ड अन्तर्गत शासनबेड़िया पंचायत नूतनडीह ग्राम उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सामने शेड का निर्माण (2) निरसा उत्तर पंचायत अन्तर्गत विद्यासागर कॉलोनी साहु धर्मशाला में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 8,40,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 9 | गोविन्दपुर | नूतनडीह में अनवर अब्बास के घर से आँगनबाड़ी केन्द्र तक 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण (2) नूतनडीह टोला में अलाउद्दीन के घर से साहब बाँध तक 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण (3) करबला टोला में नसीरूद्दीन के घर से खुरशीद अंसारी के घर तक (नीचे टोला) 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण | 5,44,500 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 10 | गोविन्दपुर | अमरपुर पंचायत अन्तर्गत सिमलाबहाल कॉलोनी में सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (बोरिंग, टंकी, सोलर के साथ) | 5,32,800 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 11 | गोविन्दपुर | कंचनपुर आदिवासी टोला परियाटाँड़ नुनूलाल टुडू के घर के सामने चापाकल अधिष्ठापन (2) कंचनपुर पंचायत हीरापुर हरि बोल मन्दिर के सामने चापाकल अधिष्ठापन (3) कंचनपुर पंचायत अन्तर्गत नवडीहा युगल राय के घर के सामने चापाकल अधिष्ठापन (4) नगरकियारी पंचायत अन्तर्गत रजवार टोला पुराना शिव मन्दिर के सामने चापाकल अधिष्ठापन (5) भितिया पंचायत अन्तर्गत सहरजोड़ी प्रभाष मंडल के घर के सामने चापाकल अधिष्ठापन (6) जयनगर पंचायत अन्तर्गत बुढ़वाशायर हरि बोल मन्दिर के सामने चापाकल अधिष्ठापन | 4,50,000 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 12 | गोविन्दपुर | बिराजपुर पंचायत अन्तर्गत मानिक सिंह के घर के सामने चापाकल का अधिष्ठापन (2) बिराजपुर पंचायत अन्तर्गत हिरा कोरंगा के घर के सामने चापाकल का अधिष्ठापन (3) खरनी पंचायत अन्तर्गत बाबुडीह में चापाकल का अधिष्ठापन (4) खरनी पंचायत अन्तर्गत हरि प्रसाद राय के घर के सामने में चापाकल का अधिष्ठापन (5) खरनी पंचायत अन्तर्गत हेठ अंकुरा गुड्डू राय के घर के सामने में चापाकल का अधिष्ठापन (6) कुलबेड़ा पंचायत अभय महाराज के घर के सामने में चापाकल का अधिष्ठापन (7) बड़ा पिछड़ी पंचायत कशियाटाँड़ बोकाथाना में चापाकल का अधिष्ठापन | 5,25,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 13 | बाघमारा | गोविन्दाडीह पंचायत अन्तर्गत पंचरूखी में लक्ष्मण महतो चौक से पहाड़ी तक पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 5,00,100 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 14 | बाघमारा | बौआकला उत्तर पंचायत अन्तर्गत रंजतन भुईयाँ के घर से लेकर गुड्डू भुईयाँ के घर तक भाया सुरेश भुईयाँ के घर से लेकर शिव मन्दिर तक बिनोद बाउरी के घर से लेकर संजय खत्री के घर से बिनोद रजवार के घर तक पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 4,99,500 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 15 | बाघमारा | खानुडीह पंचायत अन्तर्गत खानुडीह पाण्डेय तालाब के बगल में 15′–15′ का शेड निर्माण (2) जमुआ पंचायत अन्तर्गत जमुआ अजीत दास के घर से बगल में पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन | 5,08,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 16 | बाघमारा | मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत बिहार कुँआ में 100 फीट पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन (2) मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत बिहार कुँआ में डीप बोरिंग एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन (3) मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत बिहार कुँआ में चदरा शेड का निर्माण | 5,01,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 17 | बाघमारा | सिनीडीह पंचायत के सिनीडीह वर्कशॉप के पीछे चबूतरा निर्माण (2) केशरगढ़ा के सोननगर (सिदपोकी) में शेड का निर्माण | 5,25,900 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 18 | बाघमारा | तेलमोच्चो पंचायत अन्तर्गत दामोदर नदी के पास जिला परिषद विवाह मंडप से एन.एच. तक 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण | 4,99,650 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 19 | बाघमारा | हाथुडीह पंचायत अन्तर्गत सेवाग्राम में 20′–26′ का चदरा शेड का निर्माण (2) तारागा पंचायत अन्तर्गत भुरूंगिया बस्ती नं0–9 चौकीदार टोला में 15–15 का शेड निर्माण | 5,05,800 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 20 | धनबाद | बरडुभी ग्राम के सार्वजनिक स्थल शिव मन्दिर के समीप बोरिंग कर सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन | 5,32,800 | 1,250 | | 3 माह |
| 21 | बलियापुर | दामोदरपुर पंचायत अन्तर्गत उमा देवी के घर से रतन के घर तक 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण | 4,99,650 | 750 | | 3 माह |
| 22 | बलियापुर | परसबनियाँ पंचायत के मड़म में कला मंच का निर्माण | 5,27,600 | 1,250 | | 3 माह |
| 23 | बलियापुर | बलियापुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत लालाडीह के झिंझिकनाली में चापाकल का अधिष्ठापन (2) बलियापुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत लालाडीह में पंचायत भवन की ओर चापाकल का अधिष्ठापन (3) बलियापुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत लालाडीह हनुमान मन्दिर के सामने भठ्ठा वाले रोड पर चापाकल का अधिष्ठापन (4) विरसिंहपुर पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शालमिशाल के 100 मीटर आगे चापाकल का अधिष्ठापन (5) बलियापुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत लालाडीह बागानधार में चापाकल का अधिष्ठापन (6) (7) (8) | 5,01,600 | 1,250 | | 3 माह |
| 24 | एगारकुण्ड | गोपीनाथपुर गाँव में मंगल मल्लिक के घर के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण | 6,80,800 | 1,250 | | 3 माह |
| 25 | एग्यारकुण्ड | मेढ़ा पंचायत अन्तर्गत बाउरी टोला में गणेश बाउरी के घर के सामने शेड निर्माण (2) शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत अन्तर्गत रहमतनगर इकरा मस्जिद के समीप बशीर खान के घर के पास पीसीसी सड़क निर्माण | 5,25,400 | 1,250 | | 3 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक **21-07-2025**
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक **29-07-2025** को **5 P.M.** बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय : दिनांक **31-07-2025** को **3:00 P.M.** बजे।
4. केवल ई–निविदा **(E-Tender)** ही स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : जिला अभियंता, जिला परिषद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संख्या– **9431396945**
7. जिला परिषद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में **अग्रधन की राशि** वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 357252 (Rural Development) 25-26 (D)

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, धनबाद।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जगन्नाथ पुरी से शुरू होगा संस्था का तीर्थयात्रा कार्यक्रम

दुमकनःमानव सूचना संग्रह सह प्रसार केन्द्र दुमका के द्वारा झारखंड सहित भारतवर्ष के विभिन्न तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी हासिल कर उसे प्रसारित करने के उद्देश्य से 'तीर्थयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को संस्था की हुई एक आवश्यक बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक में कार्यक्रम का शुभारंभ 29 अगस्त 2025 को जगन्नाथ पुरी के भ्रमण यात्रा से किया जायेगा। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में शामिल लोगों को श्री जगन्नाथ मंदिर पुरी, पुरी का गोल्डन बीच (समुद्र), गुंडिचा मंदिर (मौसीबाड़ी), कोणार्क का सूर्य मंदिर, लोकनाथ मंदिर, अलारनाथ मंदिर, साक्षी गोपाल मंदिर, बेड़ी हनुमान मंदिर, गुप्त वृंदावन, पुरी का 108 शिवलिंग वाला शिव मंदिर, लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर, घौलीगिरी, नंदन कानन आदि का भ्रमण व दर्शन कराकर इसके इतिहास व महत्व से अवगत कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में बतौर तीर्थयात्री केवल संताल परगना के लोगों को ही शामिल किया जायेगा। भ्रमण बस के द्वारा कराया जायेगा। भ्रमण कार्यक्रम में शामिल लोगों के लिए भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था संस्था के द्वारा ही किया जायेगा। बैठक में तीर्थयात्रा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संस्था के सदस्य कुलदीप कुमार को कार्यक्रम प्रभारी और निमाय चन्द्र रक्षित को सह कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया। बैठक में कार्यक्रम की सूचना प्रसारित करने के लिए स्थानीय हिन्दी दैनिक अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में संस्था के सचिव रवि कान्त सुमन, सदस्य कुलदीप कुमार, निमाय चन्द्र रक्षित, संतोष कुमार राम और महानंद कुमार सिंह उपस्थित थे।

### अभाविप के पूर्व जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभ सिन्हा की अध्यक्षता में नगर इकाई का पुनर्गठन

दुमकाःअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका द्वारा सोमवार को पूर्व जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभ सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक कर नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ बिरेन गोरांई को नगर अध्यक्ष, डॉ जितेन्द्र झा को नगर उपाध्यक्ष, गणेश मुर्मू को नगर मंत्री, अमन शाह को नगर सह मंत्री चुना गया। आदित्य जोशी, विशाल गुप्ता, खुशबू तिवारी, स्वामी राज कुमारी, विवेक धर, प्रिंस कुमार को नगर कार्यालय मंत्री, सुमित यादव, राजकिशोर दास, हीरालाल को नगर कोष प्रमुख, विमल कुमार,एस एफ एस प्रमुख सुजल चंद्रवंशी, सह एस एफ एस अनुप दता एस एफ डी प्रमुख, शुभम गुप्ता एस एफ डी प्रमुख सह गौतम मोदी एबीवीपी एन सी सी सत्यम मिश्रा,एबीवीपी एन सी सी प्रमुख सह सनत पंडित, नगर सोशल मीडिया प्रभारी राज केशरी, सह नगर सोशल मीडिया प्रभारी शिवम जायसवाल , राष्ट्रीय कला मंच, प्रमुख, नेहा कुमारी राष्ट्रीय कला मंच सह प्रमुख खुशी कुमारी,प्रिया कुमारी,खेलो भारत प्रमुख अनंत कुमार ,खेलो भारत सह प्रमुख रबीना कुमारी टी एस वी पी , प्रमुख अभिषेक तिवारी, टी एस वी पी सह प्रमुख आशीष कुमार, मैडिविजन प्रमुख, यश राज, मैडिविजन सह प्रमुख आशीष तिवारी, 10+2 प्रमुख शिवम यादव, 10+2 सह प्रमुख ,आनंद कुमार, लॉज प्रमुख सुदीप कुमार, सह लॉज प्रमुख दीप तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य, रोनित गोलाई, आदित्य कुमार, ऋतुराज, अभिषेक यादव, मनीष मंडल, अमित मधुकर, नारायण ठाकुर, रॉकी पाल, पीयूष शर्मा, निशांत मलिक, कृष केशरी, सौरभ कुमार को चुना गया।नगर इकाई गठन मुख्य रूप से आरएसएस विभाग संपर्क प्रमुख डॉ संजीव कुमार, एबीवीपी जिला प्रमुख डॉ कुमारी नम्रता गौरव, पूर्व जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभ सिन्हा, विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गुप्ता, एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्रावणी मेला के पहली सोमवारी पर बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में 90,350 श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 के पहली सोमवारी पर बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में देश विदेश से आये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 90 हजार 350 श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति से उत्तरवाहिनी गंगा घाट से गंगाजल से बाबा फौजदारी का जलाभिषेक किया। जिसमें से कतार में लगकर 82 हजार 689 श्रद्धालुओं ने शीघ्रदर्शनम का कूपन लेकर 02 हजार 250 श्रद्धालुओं ने तथा जलार्पण काउंटर के माध्यम से 05 हजार 250 श्रद्धालुओं ने एवं 01 सौ 60 डाक कांवरियों ने बाबा फौजदारी को गंगा जल समर्पित किया।प्रातः दो बजे मंदिर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों का पट खोला ।गर्भगृह की साफ सफाई के बाद नगर निवासियों ने कांचा जल समर्पित किया। उसके बाद सरकारी पूजा होने के बाद बाबा मंदिर में अरघा लगा दिया। दिन भर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने अरघा के माध्यम से अपना गंगाजल बाबा को समर्पित किया। पहली सोमवारी के दिन मंदिर न्यास समिति कार्यालय को कुल 10 लाख 90 हजार 745 रुपए की आमदनी हुई । जिसमें से शीघ्रदर्शनम कूपन के बिक्री से 06 लाख 75 हजार ,दानपेटी से 03 लाख 12 हजार 660 रुपए गोलक की गिनती से 98 हजार 640 रुपए तथा अन्य स्रोत से 04 हजार 445 रुपए की प्राप्ति हुई।

### नामांकन एवं कार्यशाला को लेकर प्राचार्य की अध्यक्षता में बैठक हुई

दुमकाःमयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर मे प्रभारी प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल की अध्यक्षता मे एन ई पी कार्यशाला आयोजित किया गया। एन ई पी के नोडल पदाधिकारी प्रो माजिद नदीम अहसन ने एन ई पी के तहत कार्यशाला मे विस्तृत रूप से व्याख्या की।यह कार्यशाला सत्र 2025-29 के नामांकन लेने वाले छात्र छात्रों के लिए लागू होगा, इसके साथ ही शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए अगला कार्यशाला 17 जुलाई को तथा छात्र छात्राओं के लिए 18 एवं 19 जुलाई को निर्धारित की गयी है । इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने दी।

# राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 सुगमता कोषांग पर मिल रही है विशेष सुविधा







### सुगमता कोषांग मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : अभिजीत सिन्हा

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 बासुकीनाथ के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुगमता कोषांग निबंधन डेस्क की स्थापना की गई है। यह डेस्क उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से कार्य कर रहा है जो वृद्ध, बीमार, दिव्यांग या 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ यात्रा कर रहे हैं।श्रद्धालु डेस्क पर उपस्थित होकर अथवा वहाँ लगे क्यू आर कोड को स्कैन कर स्वयं या अपने परिजनों का ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इस व्यवस्था से विशेष श्रेणी के श्रद्धालुओं को दर्शन, चिकित्सा एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं में प्राथमिकता दी जा रही है।सुगमता कोषांग में व्हील चेयर की भी व्यवस्था है ताकि श्रद्धालुओं को प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा व्हील चेयर के माध्यम से बाबा बासुकीनाथ का दर्शन कराया जा सके।इतना ही नहीं राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 के अंतर्गत बासुकीनाथधाम में श्रद्धालु महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 'सुगमता कोषांग' के अंतर्गत फीडिंग/ च्रेचे स्पेस की व्यवस्था की गई है, जहां माताएं अपने छोटे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण में स्तनपान करवा सकें।यह सुविधा विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है, जो लंबी दूरी की यात्रा कर बाबा बासुकीनाथ के दर्शन हेतु आती हैं और अपने शिशुओं के साथ होती हैं।इस केंद्र में एक महिला कर्मी श्रद्धालुओं की सहायता के लिए उपस्थित है। बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक चित्र, खिलौने और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया की हमारा प्रयास है कि मेला क्षेत्र में आने वाली सभी श्रद्धालुओं के साथ साथ महिला श्रद्धालुओं को सम्मानजनक और समुचित सुविधा मिले।सुगमता कोषांग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।सुगमता कोषांग के अंतर्गत यह पहल जिला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रद्धालु उत्साहपूर्वक इस व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं।आधुनिक तकनीक से जोड़कर इसे और अधिक सहज व सुगम बनाया गया है।जिला प्रशासन आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने साथ आए विशेष श्रेणी के यात्रियों का अनिवार्य निबंधन अवश्य कराएं।

## राजकीय श्रावणी मेला 2025: टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट आवासीय सुविधा



दुमकाः राजकीय श्रावणी मेलामहोत्सव 2025 के अवसर पर बाबा बासुकीनाथधाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन दुमका द्वारा अत्याधुनिक टेंट सिटी की व्यवस्था की गई है।बड़ी संख्या में श्रद्धालु आरामपूर्वक टेंट सिटी में विश्राम कर रहे हैं। साफ-सुथरी चारपाई, रोशनी की उत्तम व्यवस्था, वेंटिलेशन के लिए पंखों की सुविधा और सुव्यवस्थित पंक्तियों में बिछे बिस्तर श्रद्धालुओं को सुविधा और शांति प्रदान कर रहे हैं।टेंट सिटी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाए गए है एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी जी। हर चारपाई पर तकिया और डिस्पोजेबल चादर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।प्रशासन द्वारा लगाए गए सूचना बैनर व क्यू आर कोड के माध्यम से श्रद्धालु टेंट सिटी, चिकित्सा सेवा, पेयजल, शौचालय, दर्शन मार्ग एवं अन्य आवश्यक जानकारी सरलता से प्राप्त कर रहे हैं।यह टेंट सिटी ना केवल व्यवस्थाओं की मिसाल है, बल्कि श्रद्धालुओं की श्रद्धा को सम्मान देने का उदाहरण भी है।जिला प्रशासन का यह प्रयास श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान कर रहा है।

### टेंट सिटी में सैंड आर्ट बना श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र

राजकीय श्रावणी मेला 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई टेंट सिटी न सिर्फ श्रद्धालुओं के ठहराव का केंद्र है, बल्कि इसके बाहर बनाई गई सुंदर सैंड आर्ट भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। रेत से उकेरे गए भगवान शिव के भव्य स्वरूप के साथ "हर हर महादेव" की लिखावट श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती है।श्रद्धालु इस सैंड आर्ट के पास रुककर फोटो खिंचवा रहे हैं और इस अनुपम दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। यह कलाकृति मेला की स्मृतियों को और भी विशेष बना रही है।

## पहली सोमवारी को बासुकीनाथधाम में दिखा आस्था का अद्भुत संगम

### उपायुक्त देर रात्रि से कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र पर बनाये हुए थे नजर,समय-समय पर अधिकारियों को दे रहे थे निदेश

### देर रात्रि से श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा के बीच कर रहे हैं जलार्पण

दुमकाःश्रावण मास की पहली सोमवारी के पावन अवसर पर बासुकीनाथधाम में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।देर रात्रि से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा बासुकीनाथ के दर्शन और जलार्पण हेतु उमड़ पड़ीं। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से संपूर्ण मेला क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।श्रद्धालुओं ने शिवगंगा सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई, इसके पश्चात अर्घा के माध्यम से बाबा बासुकीनाथ को जल अर्पित किया।मंदिर पट खुलने के कुछ देर बाद जलार्पण प्रारंभ हुआ जो लगातार चलता रहा।



### सावन की पहली सोमवारी को लेकर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड में

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा स्वयं देर रात्रि से मेला कंट्रोल रूम से संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे। उन्होंने समय-समय पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों और पुलिस जवानों को वॉकी-टॉकी के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था की नियमित समीक्षा करते रहे।स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तत्परता से अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहीं। देर रात से ही विभिन्न चिकित्सा शिविरों में चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मी मौजूद थे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

### देर रात्रि स्व श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था में लगे रहे जवान

सुरक्षा बलों के जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करते हुए जलार्पण की प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करते रहे। भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष दलों की तैनाती की गई थी।श्रद्धालुओं में उत्साह और संतोषःश्रद्धालुओं ने कहा कि मेले की व्यवस्था बहुत अच्छी और भक्तों के अनुकूल है। उन्हें साफ पानी, शौचालय, सुरक्षा और इलाज जैसी ज़रूरी सुविधाएं आसानी से मिली।

### सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में झारखंड प्रशिक्षित पुस्तकालय संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

दुमकाःसोमवार को सेंट्रल लाइब्रेरी दुमका परिसर में झारखंड प्रशिक्षित पुस्तकालय संघ की एक वृहत बैठक आहूत की गई।बैठक में दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, बड़हरवा एवं गोड्डा के छात्र छात्राओं ने अपनी बातों को रखा।बैठक में बताया गया कि राज्य बनने के ढाई दशक बाद भी लाइब्रेरियन की बहाली को नज़रंदाज़ कर दिया गया है।झारखंड के साथ बनने वाले राज्यों में इसकी बहाली प्रकिया चल रही है।बैठक में मुख्य रूप से सरकार से मांग की गई कि झारखंड में पुस्तकालय अधिनियम लागू हो।पुस्तकालय पद का सृजन विद्यालय स्तर पर हो,झारखंड के सभी सार्वजनिक पुस्तकालय में नियम के तहत बहाली हो, सभी विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं वैसे सभी प्रकार के संस्थान जहां पर पुस्तकालय अध्यक्ष का पद रिक्त हो सभी जगह बहाली निकले,जे ई पी सी के द्वारा सीएम एक्सीलेंसी स्कूलों में पूर्व में 2023 मई महीने में पत्रांक संख्या मी ई /01/1198/2023/2195 के तहत संविदा के आधार पर लाइब्रेरियन भर्ती फॉर्म में 1000 रूपया शुल्क लेकर भी सिर्फ प्रक्रियाधीन है इस पर जे ई पी सी के द्वारा पुनर्विचार कर बहाली को जल्द से जल्द कर लेना होगा।विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के नैक मान्यता के लिए सिर्फ लाइब्रेरियन उपयोग ना करके उसे अविलंब बहाल करने की मांग की गई। बैठक में राजभवन एवं सभी शिक्षा विभाग के सचिवों का लाइब्रेरियन भर्ती के लिए ध्यान आकृष्ट कराने पर विचार विमर्श किया गया|पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए संताल परगना सहित झारखंड में हस्ताक्षर अभियान चलाने पर चर्चा की गईसोशल मीडिया ,पत्र पत्रिका ,अखबार ,प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लाइब्रेरियन की बहाली को लेकर सरकार तक अपनी भावनाओं को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।बैठक में मांग की गई कि जामताड़ा स्थित ग्रामीण पुस्तकालय में नियम के अनुसार लाइब्रेरियन की बहाली हो।इसके अलावा आगामी कई विषयों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार बिहार में लाइब्रेरियन की बहाली हेतु सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन और वार्ता कर मांग पूरी की गई, अब झारखंड के सभी प्रशिक्षित लाइब्रेरियन के सदस्य भी अपनी मांगों के लिए आंदोलन और वार्ता के लिए संगठित होकर अपनी मांगों को रखेंगे।इस बैठक में मुख्य रूप से विवेक कुमार, जतिन कुमार, प्रगति भारती, संदीप, क्रिस्टीना, शिखा झा, अनुराधा साक्षी, प्रवीण, राज, अमन, रीमा कुमारी, इमरान,नूर, जाहिर सौरभ दे, निर्मल, पप्पू, बबलू, सौरभ सिन्हा, सनोती मुर्मू, एवनिकी टुडू, माधव, राजू सहित कई छात्र छात्राओं ने अपनी बातों को रखा एवं बहाली को लेकर एक स्वर में अंतिम लड़ाई तक संघर्षरत रहने का आवाहन किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद।

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 404 दिनांक 08.05.2025 एवं पी0 आर0 संख्या 352009 Irrigation (25-26) D द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या DMFT/MIR/DHN/F2-02/2025-26, Dated 08.05.2025 के Group no. 02 को अपरिहार्य कारण से रदद किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद।

PR 357279 Irrigation(25-26)D

कार्यालय, जिला परिषद्, गिरिडीह
e-mail id-zp.giridih@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग झारखण्ड की अधिसूचना संख्या– 5851 (S)दिनांक 10.09.2008 के आलोक मे जिला परिषद, गिरिडीह अन्तर्गत नए निबंधन किया जाना है एवं कंडिका 07 में उल्लेखित प्रावधानों के अन्तर्गत नवीकरण भी किया जाना है। यह निबंधन केवल जिला परिशद, गिरिडीह द्वारा आमंत्रित निविदाओं में ही उपयोग में लायी जा सकती है। अन्य विभाग की निविदाओं में इसका प्रयोग नहीं किया जायगा। नए निबंधन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.08.2025** निर्धारित की जाती है। आवेदन पत्र के साथ निबंधन शुल्क के रूप में **1000.00 (एक हजार)** रूपये का ड्राफ्ट सचिव, जिला परिषद, गिरिडीह के पदनाम से देय हो जमा करना आवश्यक है। आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित कागजात भी जमा करना आवश्यक है। संवेदकों के निबंधन के लिए प्रपत्र (परिशिष्ट'**क**') संलग्न है।

(क) PAN Cardकी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
(ख) आवेदन पत्र पर हाल में ली गयी रंगीन फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति चिपकायें। साथ–ही– साथ तीन अतिरिक्त फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करें।
(ग) Address Proofकी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
(घ) Demand Draft(मूल रूप में) Secretrary, Zila Parishad, Giridihके पदनाम से जो गिरिडीह मुख्यालय स्थित सभी राश्ट्रीयकृत बैंक के निर्गत एवं अदायगी गिरिडीह में देय हो।
(च)इस आशय का शपथ–पत्र की संवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है तथा उन्हें काली सूची में दर्ज नहीं दिया गया है।
(छ)मूल निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (स्वअभिप्रमाणित) (नवीकरण हेतु)
(ज)पार्टनरशीप फर्म के लिये संबंधित डीड की प्रति। (स्वअभिप्रमाणित)
(झ)आचरण प्रमाण–पत्र उपायुक्त अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है।

नया निबंधन के इच्छुक आवेदक किसी एक ही निबंधन श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। निबंधित श्रेणी के सामने निबंधन शुल्क की राशि अंकित की गयी है। समुचित श्रेणी में निबंधन हेतु आवेदक निबंधन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से करेंगे जो सचिव, जिला परिशद, गिरिडीह के पदनाम से देय होगा।

| क0 सं0 | श्रेणी | राशि | शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्रेणी I | 2.50 करोड़ से उपर | 2.00 लाख (दो लाख) रूपये। |
| 2 | श्रेणी II | 50.00 लाख से 2.5 करोड़ | 1.00 लाख (एक लाख) रूपये। |
| 3 | श्रेणी III | 10.00 लाख रूपये से 50.00 लाख रूपये तक | 0.25 लाख (पच्चीस हजार) रूपये। |
| 4 | श्रेणी IV | 0.00 लाख रूपये से 10.00 लाख रूपये तक | 0.10 लाख (दस हजार) रूपये। |

विशेष जानकारी के लिए जिला परिषद कार्याल, गिरिडीह से सम्पर्क किया जा सकता है, साथ हीhttp://giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,गिरिडीह

PR 357241 (Rural Development)25-26*D

## सूचना सहायता शिविर के माध्यम से 1600 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया

### सावन की पहली सोमवारी को 400 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया



### बिछड़े श्रद्धालुओं के लिए राहत बनी सूचना सहायता व्यवस्था

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला, बासुकीनाथ 2025 में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच बिछड़ने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सशक्त सूचना सहायता प्रणाली को लागू किया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं – अब तक सूचना सहायता शिविरों के माध्यम से 1600 से अधिक बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया है।सावन की पहली सोमवारी को 400 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया है।जिला जनसंपर्क कार्यालय, दुमका द्वारा 100 से अधिक सूचना सहायता कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सूचना सहायता शिविरों में कार्यरत हैं। ये कर्मी श्रद्धालुओं के बिछड़ने की स्थिति में तुरंत सक्रिय होकर उनकी पहचान और जानकारी संकलित करते हैं।श्रद्धालु जब बिछड़ने के उपरांत सूचना सहायता शिविर में पहुँचते हैं, तो वहाँ तैनात कर्मी उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर, वेशभूषा और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज करते हैं। तत्पश्चात यह सूचना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, ध्वनि विस्तारक यंत्रों, मेला क्षेत्र में स्थापित एलईडी टीवी और एलईडी वॉल्स के माध्यम से प्रसारित की जाती है।वर्तमान में मेला क्षेत्र में 150 से अधिक एलईडी टीवी एवं 15 से अधिक एलईडी वॉल्स लगाए गए हैं, जिन पर बिछड़े श्रद्धालुओं की जानकारी सतत रूप से प्रदर्शित की जा रही है। जब तक संबंधित परिजन बिछड़े श्रद्धालु से नहीं मिल जाते, तब तक यह सूचना नियमित रूप से प्रकाशित होती रहती है।यह पहल न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से प्रभावशाली सिद्ध हो रही है, बल्कि भावनात्मक स्तर पर भी श्रद्धालुओं को बड़ा संबल दे रही है। भीड़ में अपनों से बिछुड़ना एक पीड़ादायक अनुभव होता है, और सूचना सहायता प्रणाली ने इस पीड़ा को काफी हद तक कम करने का कार्य किया है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

सूचना

सदस्यों को यह सूचित किया जाता है कि वर्तमान मेडिक्लेम योजना की अवधि M/s New India Assurance Co. Ltd. कंपनी के साथ 11 जुलाई 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक नवीकृत की गई है तथा इस अवधि में M/s MD India Health Insurance TPA Ltd. के द्वारा ही सेवा प्रदान की जाएगी।
मेडिक्लेम नवीकरण के लिए प्रीमियम की राशि निम्नलिखित है :

| दिनांक 11/07/2025 को | प्रति सदस्य (रूपये में) |
|---|---|
| (a) अगर आयु 70 वर्ष से कम है | 10,011=00 |
| (b) अगर आयु 70 से 80 वर्ष के बीच है | 6861=00 |
| (c) अगर आयु 80 वर्ष से अधिक हो | 100=00 |

महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ
1. मेडिक्लेम नवीकरण (Mediclaim Renewal): उपर्युक्त अवधि के लिए नवीकरण हेतु प्रीमियम का भुगतान https://sailenrollment.mdindia.com पर जाकर किया जाना है। इसमें login के लिये User Id में आपका MIN और पासवर्ड में आपका जन्मतिथि (Service record के अनुसार) होगा।
2. Gap Case-गैप केस में मेडिक्लेम सदस्यता प्राप्त करने के लिये https://www.sahyog.bokarosteel.in पर जाकर Mediclaim मे जाकर फिर Gap Case Mediclaim Form में ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है। वैसे सदस्य जो कभी भी सेल मेडिक्लेम की सदस्यता नहीं लिए थे या सदस्यता नवीकरण नहीं करा पाये थे यदि इच्छुक हैं, तो अपनी आयु के अनुसार उपयुक्त तालिका में उल्लेखित प्रीमियम के दुगना राशि का ऑनलाइन भुगतान करके सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।
3. अंतिम तिथि:- मेडिक्लेम सदस्यता नवीकरण हेतु - 10/08/2025
मेडिक्लेम गैप केस हेतु - 10/08/2025 है।
4. विस्तृत जानकारी SAIL के वेबसाईट www.sail.co.in & sahyog.bokarosteel.in पर उपलब्ध है।
5. विशेष जानकारी हेतु आप मैत्री भवन एवं निम्नलिखित दूरभाष संख्या पर संर्पक कर सकते है।
- 8986876252
- 8986875050
- 06542-240273
- 06542-280232

(नोट :- यदि सदस्य 11 जुलाई, 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक की सदस्यता नवीकरण के प्रक्रिया के समय अपूर्ण/गलत डाटा भरते हैं तो सेल किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा)

पंजीकृत कार्यालयः इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

# मधुबनी जिला में अभी तक 10 प्रतिशत ही हो पायी धनरोपनी, 58 प्रतिशत कम हुआ औसत वर्षापात

### डीएम की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी जिला के डीएम आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक वर्चुअल माध्यम सोमवार को आयोजित की गई। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जून माह तक सामान्य वर्षापात के आलोक में लगभग 58 प्रतिशत वर्षापात कम हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मधुबनी जिला में अल्पवृष्टि के कारण धान की रोपनी लगभग 10 प्रतिशत ही हो पायी है। 162548 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक मात्र 16748 हेक्टेयर में ही रोपनी हुई है। उन्होंने कहा कि अल्प वृष्टि इसी प्रकार जारी रहा तो सुखाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिला अधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग बिहार पटना के द्वारा जारी सुखाड़ आपदा प्रबंधन के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11सदस्यीय जिला टास्क फोर्स का गठन किया गया है।जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संभावित सुखाड़ को देखते हुए खरीफ फसल के लिए आकस्मिक योजना अविलंब तैयार कर ले। उन्होंने कहा कि पशु चारा को भी आकस्मिक योजना में शामिल करें। उन्होंने जिला पशुपालन अधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं के लिए पानी और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें जल स्रोतों की पहचान एवं जल संग्रहण के लिए व्यवस्था कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि कनीय अभियंता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक की टीम बनाकर संयुक्त रूप से जांच कराई जा रही है कि किस नहर में पानी है या नहीं है। अगर पानी है तो कितने क्षेत्र में सिंचाई हो रही है, अगर पानी नहीं है तो किस कारण से है नहीं है। नहर से अत्यधिक क्षेत्र रकबा में सिंचाई हो सके इसके लिए क्या-क्या उपाय हो सकता है। नहरों के अंतिम छोर तक पानी कैसे पहुंचाया जाय। उन्होंने बैठक में शामिल सभी10 नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बंद पड़े नलकुपों को शीघ्र मरम्मति कर चालू करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि विद्युत अभियंता एवं नलकूप के अभियंता आपस में समन्वय कर विद्युत दोष से बंद पड़े नलकूपों को अविलंब चालू करवाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिया कि सिंचाई के लिए अधिष्ठापित सभी ट्यूबवेल को अविलंब यांत्रिक दोष के निवारण के लिए आवश्यक मरम्मति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए सुदूर खेतों तक तेजी के साथ विद्युत संबद्धता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। जिले में जिन इच्छुक किसानों के खेतों में बिजली का खंबा उपलब्ध है, वहां शत प्रतिशत इच्छुक किसानों को जल्द से जल्द विद्युत संबद्धता प्रदान करे,साथ ही साथ ही उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में उर्वरकों की कालाबाजारी की शिकायत नही मिलनी चाहिए। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उर्वरक की बिक्री पर सतत निगरानी रखते हुए कृषि समन्वयक किसान सलाहकार की उपस्थिति में उर्वरक का वितरण उचित मूल्य पर करना सुनिश्चित करें. साथ ही भ्रमणशील रहकर उर्वरक का निर्धारित मूल्य पर बिक्री एवं खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें। आत्मा के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य के विरुद्ध सत प्रतिशत उपलब्धि करना सुनिश्चित करें। बैठक मे जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित सभी संबधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री बिहार से वोट मांगने आते, लेकिन जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नहीं लेते : तेजस्वी

### तेजस्वी यादव ने भाजपा और नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोला



पटना,(ईएमएस)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा और नीतिश सरकार पर तीखा हमला बोला। हाल ही में मीडिया में आई सूत्र आधारित खबरों पर प्रतिक्रिया देकर तेजस्वी ने कहा,हर बार कोई न कोई झूठा सूत्र आता है, हर बार खंडन होता है, हर बार माफी मांगनी पड़ती है। ये सब मूत्र के बराबर वेस्टेज (व्यर्थ) है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा के कई नेता और बाबा लोग तब मूत्र पीने की सलाह देते हैं। क्या वह कोई शुद्धता का काम है? मुझे लगता है कि अगर मुद्दों की बात करें तब बेहतर होगा।तेजस्वी ने भाजपा पर गरीबी, बेरोजगारी, रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा जैसे असली मुद्दों से भागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा कभी इन मुद्दों पर बात नहीं करती। कौन होते हैं ये लोग सवाल उठाने वाले? जनता को गुमराह करने के अलावा इनके पास कुछ नहीं है।बिहार की कानून व्यवस्था पर तेजस्वी ने कहा कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह खत्म हो चुका है। यहां शिक्षक, डॉक्टर, वकील की हत्याएं हो रही हैं। छोटे बच्चों के साथ गैंगरेप की घटनाएं हो रही हैं। कोई सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। यहां तक कि भाजपा नेताओं की भी हत्याएं हो रही हैं।”उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधकर कहा, “देश के प्रधानमंत्री बिहार से वोट मांगने आते हैं, लेकिन क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि यहां की जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करें? मुख्यमंत्री नीतिश अचेत अवस्था में हैं। उनसे अब बिहार संभल नहीं रहा है। रिमोट कंट्रोल से प्रधानमंत्री बिहार को संभाल रहे हैं।”तेजस्वी ने कहा, यहां के अपराधी अब सम्राट बन चुके हैं और विजय प्राप्त कर चुके हैं। भाजपा रिमोट कंट्रोल से सरकार चला रही है। उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान जैसे नेता भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। यह उनकी मजबूरी है। स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। नीतीश पर कटाक्ष कर तेजस्वी ने कहा, मुख्यमंत्री का उम्र का पड़ाव आ चुका है। भूंजा पार्टी वाले लोग सरकार चला रहे हैं। जितना फायदा उठाना है उठा लें, लेकिन जनता सब देख रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बेगूसराय में बदमाशों ने दिनदहाड़े 3 युवकों को गोली मारी, एक की मौके पर मौत

बेगूसराय,(ईएमएस)। बिहार के बेगूसराय में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े 3 युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हुई। बाकी दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बाघा रेलवे गुमटी के पास की है।मृतक की पहचान अमित कुमार (25) के तौर पर हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे गुमटी के पास अमित छोटे वाहनों से बैरियर वसूलता था। सुबह करीब 11:30 बजे स्टाफ प्रिंस कुमार के साथ बैरियर पर बैठा था। तभी 2 बाइक से 4 अपराधी पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।बेगूसराय रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर गोली मारी है। गोली लगने से अमित, शुभम और प्रिंस घायल हो गए। इलाज के लिए लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां अमित की मौत हो गई। घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। मौके पर 2 थानों की पुलिस पहुंची है।सदर अस्पताल में पुलिस और परिजनों के बीच तीखी बहस हो गई। परिजन लाश को लेकर पहले सड़क जाम करना चाह रहे थे, जबकि पुलिस पीएम करना चाहती थी। बाद में पुलिस के आला अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस में भेजा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। सूत्रों के अनुसार दोनों तरफ से फायरिंग हुई है। पहले अमित एवं प्रिंस पर गोली चलाई गई, इसके जवाब में भी गोली चली है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं है।मृतक के भाई अमर कुमार ने बताया कि पूरी प्लानिंग के साथ भाई की हत्या की गई है। मेरा भाई बैरियर पर नहीं बैठता था। हमेशा स्टाफ ही रहता था। उन्हें बुलाकर लाया था। आलोक, राहुल, प्रेमी, मनीष, विष्णु, चिंटू ने मिलकर भाई की हत्या की है। 5 साल पहले पिता की भी हत्या हुई थी। बदमाश 3 बाइक से आए थे। 7-8 राउंड फायरिंग हुई है।

### बिहार को ‘क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया’ कहकर राहुल गांधी ने कसा तंज...सीएम नीतीश कुर्सी बचा रहे

पटना (ईएमएस)। बिहार को ‘क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया’ कहकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि बिहार बना ‘क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया’ हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है एनडीए राज। सीएम नीतिश कुर्सी बचा रहे हैं, बीजेपी के मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर कह हूं कि इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।राहुल गांधी जब बिहार दौरे पर राजगीर आए थे, तब उन्होंने पहली बार बिहार को क्राइम कैपिटल कहा था। उन्होंने अपने 30 मिनट के भाषण में कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि थी। पहले नालंदा में पूरी दुनिया से लोग आते थे, आज यहां से पूरी दुनिया में जाते हैं।इसके पहले पटना में हुए व्यापारी गोपाल खेमका की हत्याकांड पर भी राहुल गांधी ने पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि पटना में कारोबारी खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने फिर साबित किया है, भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को “भारत की क्राइम कैपिटल” बना दिया है।आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां ‘नया नॉर्मल’ बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी जिले के बासोपट्टी प्रखंड क्षेत्र के सीरियापुर पंचायत के हटवरिया गांव के रवि यादव ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में रक्तदान के बाद रवि यादव ने बताया कि वे पांचवी बार अस्पताल में रक्तदान किया है। वे अपने साथियों एवं ग्रामीणों को मिलाकर 25 लोगों रक्तदान किया है। इस दौरान ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ कुणाल भी मौजूद थे। रक्तदान करने वालों में राजीव झा, पप्पू यादव, राजीव झा सहित कई रक्तदाता मौजूद थे। डॉ. कुणाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि अधिकांश रक्तदाताओं ने कई बार रक्तदान किया है। शिविर में 25 यूनिट रक्तदान किया गया ।

### बिहार में बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत, कई घायल

पटना,(ईएमएस)। बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात से नौ लोगों की मौत हो गई। पटना, गया, वैशाली और बांका समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की उम्र 12 से 65 साल के बीच है। वज्रपात से बांका में चार लोगों की मौत हुई। मृतकों में कोहकारा की करीना कुमारी (12), अमरपुर के अनिल यादव, फुलदीदुमार की सुलेक्षा देवी और बेलहर के पशुपालक विजय यादव शामिल हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गया जिले में सूर्यमंडल चेकपोस्ट के पास तीन बाइक सवार पर बिजली गिरी। इस हादसे में अंकित कुमार और विकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वकील मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा गया के मोहदा ब्लॉक में पशु चराने गए रूपलाल यादव की बिजली गिरने से मौत हो गई। पटना के मोकामा में बिजली की चपेट में आने से एक किसान और वैशाली जिले के चकमसूद गांव में बिजली गिरने से एक लड़की की मौत हो गई। पंडारक में बिजली गिरने से एक भैंस मर गई।बांका में जिले बिया मोड़ के पास एक कांवड़िया भी बिजली की चपेट में आने से घायल हो गया। ज्यादातर घटनाएं रविवार शाम की हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड के ऊपर चक्रवाती हवाओं के सक्रिय होने के कारण बिहार के मौसम में अस्थिरता बनी रहेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे गरज और बारिश के दौरान घर के अंदर ही रहें और पेड़ों, बिजली के खंभों या खुले मैदानों में शरण लेने से बचें। किसानों और बाहर काम करने वालों को सलाह दी गई है कि वे इस दौरान सावधानी बरतें और कंक्रीट की इमारतों में शरण लें।

# जन जन के नेता थे दिवंगत राजकुमार महासेठ : सांसद

### राज कुमार महासेठ की सातवीं पुण्य तिथि मनाई गई



मधुबनी, (ईएमएस)। पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजकुमार महासेठ की सातवीं पुण्यतिथि सोमवार को विधायक समीर महासेठ के आवास पर मनाया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय जायसवाल ने की। जबकि संचालन नागेंद्र राउत ने किया। पुण्य तिथि में सभी राजनीतिक दलों के सैकड़ो लोग उपस्थित होकर स्व. महासेठ की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हैं सांसद फैयाज अहमद ने कहा स्वर्गीय राजकुमार महासेठ मधुबनी के जन जन के नेता थे। उनको सभी जाति, धर्म के लोगों से लगाव था। समाज सेवा के लिए उनका जीवन समर्पित था। ऐसे महान विभूति के प्रति वे अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। पूर्व एमएलसी सुमन कुमार महासेठ ने कहा कि स्वर्गीय राजकुमार बाबू गरीब, पीड़ित, वंचित लोगों के साथ हमेशा खड़े रहते थे। उनकी लोकप्रियता ऐसा था कि वे निर्दलीय भी चुनाव जीतकर विधानसभा पंहुचें थे। वे अपने विपक्षियों का भी बहुत सम्मान करते थे। सुमन महासेठ ने कहा कि मैं इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से उनके परिजनों से मांग करते हैं कि स्व. महासेठ की प्रतिमा नगर निगम कार्यालय के सामने बने चबूतरा पर स्थापित होना चाहिए. उनके अगले जन्म दिवस के दिन इसका अनावरण होना चाहिए। स्व. राजकुमार महासेठ के सहयोगी दोरिक पूर्वे ने कहा कि स्व.महासेठ जनप्रिय नेता थे। वे जनता की समस्या को दूर करने देर रात भी अपने घर से निकल पड़ते थे। लोगों के आपस में हुए झगड़े को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष उनके पास आते थे और वे पंच की भूमिका में झगड़े का निपटारा कर देते थे। जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट हो जाते थे। वे महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। इस मौके पर स्व. राज कुमार महासेठ के पुत्र पूर्व मंत्री सह विधायक समीर कुमार महासेठ, संजू महासेठ ने श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष रामाशीष यादव, सीपीआई के जिला मंत्री मिथिलेश झा, प्रहलाद पूर्वे, पवन यादव, हेमंत सिंह, विमल जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद मन्नान, अनिल राय, राजेश खरगा, मुकेश पंजियार, लालू यादव, मुकेश यादव, रूपम झा, राज श्री किरण , मनोज झा, ध्रुव नारायण कर्ण, विनोद मंडल, संजय यादव, पप्पू यादव, वीर बहादुर राय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### पटना में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के ब्रांच मैनेजर लापता

पटना,(ईएमएस)। राजधानी पटना के मलाही पकड़ी इलाके से आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के ब्रांच मैनेजर अभिषेक वरुण के रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। वह रविवार रात एक पारिवारिक फंक्शन में पत्नी और बच्चों के साथ स्कूटी से गए थे, लेकिन देर रात के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है।पत्नी को उन्होंने घर भेज दिया और खुद दोस्त के घर जाने की बात कहकर वहीं रुक गए। रात लगभग 3 बजे अभिषेक ने कॉल कर कहा कि उनका एक्सीडेंट हो गया है, लेकिन इसके बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया और अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।सुबह से ही परिजन और पुलिस रामकृष्णा नगर और बाइपास इलाके के सभी अस्पतालों में खोजबीन करने पहुंचे, लेकिन अभिषेक वरुण का कोई सुराग नहीं मिला।

## सावन में बढ़ी भगवा वस्त्र की मांग, बाजार में भगवा वस्त्र की खूब हो रही बिक्री, शिवभक्तों में उत्साह



मधुबनी, (ईएमएस)। सावन माह के चढ़ते ही स्थानीय बाजारों में रंग-बिरंगे कपड़ों की खरीददारी तेज हो गयी है। पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति का रंग चढ़ने लगा है। खासकर बाजारों में इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है, जहां भगवा वस्त्रों की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुआ है। शिवभक्तों के बीच भगवा रंग के कुर्ता, टी-शर्ट, साड़ी, चुन्नी, गमछा और धोती की भारी मांग देखी जा रही है। बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि इस बार सावन की शुरुआत होते ही ग्राहक भगवा वस्त्रों के साथ-साथ हरे, पीले और लाल जैसे पारंपरिक रंगों के कपड़ों की भी खूब खरीदारी कर रहे हैं। शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। कांवर यात्रा की तैयारियों के साथ श्रद्धालु नए वस्त्रों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि इस बार सावन में बिक्री अच्छी होने की संभावना है। पहली सोमवारी के दिन बाजार में भगवा वस्त्र को खरीदने के लिए जिला मुख्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों से लोग कपड़ा खरीदने पंहुचनें लगे हैं। सावन माह में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आकर भगवा गमछा, टी-शर्ट और धोती खरीद रहे हैं। दुकानदार ने बताया कि बोल बम प्रिंट वाले कपड़े भी रखे हैं। जिसकी बिक्री भी खूब हो रहा है। शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया इस बार सावन में बिक्री अच्छी हो होने की संभवना है। श्रद्धालु आकर भगवा गमछा, टी-शर्ट,पेंट, सूट सलवार, चुनरी, धोती की बिक्री बढ़ गयी हैं। इस बार खास बोल-बम,ॐ, महाकाल,ॐ नमः शिवाय,भोलेनाथ सहित कई से दुकान पटा हुआ है। यह शिव भक्तों को काफी पसंद आ रहे हैं।महिलाओं के बीच भी सावन को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। सावन सोमवारी व्रत और पूजा के लिए महिलाएं रंगीन सूती साड़ियाँ, हरे चूड़ी और पारंपरिक परिधान खरीद रही हैं। कपड़े के कीमत के संबंध में दुकानदार ने बताया कि रंगीन प्रिंटेड गमछा की कीमत 120 एवं 140 रुपये है। हाफ पैंट 135 रुपये से लेकर 270 रुपये तक चार रेंज में है। टी शर्ट 170,225 एवं 250 रुपये, लड़की के लिए शूट 345,400 एवं 470 रुपया में मिल रहा है। सभी कपड़ो पर भोलेनाथ से संबंधित प्रिंट छपा है। कुल मिलाकर सावन का पवित्र महीना लोगों के जीवन में आस्था के साथ-साथ बाजार में भी रौनक लेकर आया है। दुकानों पर भीड़, मंदिरों में भक्ति और गलियों में बोल बम की गूंज हर ओर सावन की छटा बिखरती नजर आ रही है।

## गया जी में ठनका गिरने से 2 सगे भाइयों की मौत, बांका में भी 3 की मौत



पटना, (ईएमएस)। बिहार के गया और बांका में अलग-अलग जगहों पर ठनका (आसमानी बिजली) गिरने से 6 लोगों की मौत होने की खबर है। जबकि कुछ लोग झुलसकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन घायलों का इलाज चल रहा है। सबसे दर्दनाक हादसा गया जी में हुआ जहां एक ही बाइक पर सवार दो भाइयों की ठनका गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम को गया जी जिले के बाराचट्टी प्रखंड के सूरजमंडल क्षेत्र में आसमानी बिजली गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनके बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों व्यक्ति बाइक पर सवार होकर डोभी से बाराचट्टी की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हुआ।मृतक युवकों के नाम अंकित कुमार और विनेश कुमार है जबकि घायल व्यक्ति का नाम वकील मांझी है जो मृतकों के रिश्ते में बहनोई हैं। उन्हें गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवकों के मोबाइल फोन संभवतः चालू थे। आशंका है कि इसी कारण वे वज्रपात की चपेट में आ गए। वहीं वज्रपात की दूसरी घटना नीमचक बथानी अनुमंडल के अतरी प्रखंड के अभयपुर गांव में घटी। यहां 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक भैंस चरा कर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उन पर वज्रपात हुआ और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### बांका में ठनका गिरने से 3 की मौत

बांका के फुल्लिडुमार थाना क्षेत्र के मुरलीवरण गांव में कांग्रेस राय की पत्नी सुलेखा देवी खेत में पानी बांधने गई थीं। बारिश के दौरान अचानक वज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि धोरेया गांव में खेत में रोपनी कर रही महिला विशेखा देवी की भी वज्रपात से मौत हो गई। उधर अमरपुर प्रखंड के बाजा गांव में 50 वर्षीय अनिल यादव ब्रहमोतर बहियार में धान का बिचड़ा डालने गए थे, इसी दौरान तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अस्पताल का किया शिलान्यास



पटना : बिहार की राजधानी में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मुख्यमंत्री लगातार ध्यान दे रहे हैं। पटना में लगातार नये नये अस्पताल, मेट्रो और अत्याधुनिक भवन बनाये जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कंकड़बाग में आर० झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमलोग शुरू से ही काम कर रहे हैं ताकि बिहार की जनता को इलाज कराने के लिए मजबूरी में बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस नेत्र अस्पताल के बन जाने से लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।इस मौके पर 48 साल पुरानी आर० झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल की यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

### उत्पाद विभाग की टीम पर पथराव जवाबी फायरिंग में एक की मौत

भोजपुर, (ईएमएस)। बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस टीम पर जानलेवा हमला हुआ। शराब माफियाओं और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर पुलिस पर पथराव और लाठी-डंडों से हमला किया। स्थिति बेकाबू होने के बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक ग्रामीण की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिलने के बाद टीम वहां अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची थी। छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उत्पाद विभाग की टीम में शामिल सैफ के एक जवान ने फायरिंग की, जिसमें एक गोली ग्रामीण सुशील यादव को लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक यादव शाहपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 का निवासी था। पुलिस के अनुसार, सुशील यादव शराब तस्करी में शामिल था, लेकिन स्थानीय ग्रामीण इस दावे को खारिज कर रहे हैं। मृतक के शराब तस्कर होने या न होने की पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी, क्योंकि पुलिस इस मामले में स्पष्ट बयान नहीं दे रही है। उधर घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और आक्रोशित भीड़ ने पुलिस टीम पर फिर से हमला कर दिया। ग्रामीणों ने गोली चलाने वाले सैफ जवान को बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक सुशील यादव के शव को ग्रामीणों ने सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने आगजनी की और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दी। इस विरोध प्रदर्शन से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जगदीशपुर एसडीपीओ और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जब कंगना के पास शिकायत लेकर पहुंचा बुजुर्ग, बोली सीएम सुक्खू के पास जाओ

मंडी,(ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भाजपा सांसद कंगना रनोट के सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति पार्वती परियोजना से जुड़ी अपनी समस्या लेकर पहुंचा। इस पर कंगना ने कहा कि मुख्यमंत्री से जुड़े काम उन्हें न बताए जाएं, बल्कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इसके बारे में बात करे। इस दौरान जब बुजुर्ग ने कहा कि कंगना के पास पावर है और वह कानून बना सकती हैं, तब कंगना ने कहकर शांत किया कि वे उन्हें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिलवा देंगी। यह घटना कुल्लू के बंजार क्षेत्र की है, जहां कंगना हाल ही में दौरे पर थीं। इस बातचीत का 35 सेकंड का एक वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले 6 जुलाई को, मंडी में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करते समय कंगना को एक महिला के विरोध का सामना करना पड़ा था। महिला ने कंगना से पूछा था कि क्या वह केवल फोटो खिंचाने आई हैं। जवाब में, कंगना ने कहा कि उनके पास कोई कैबिनेट या राहत कोष नहीं है, लेकिन वह स्पेशल पैकेज लाने की कोशिश करेंगी, इस कांग्रेस सरकार डकार जाएगी।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी की लापता हुई छात्रा स्नेहा देबनाथ का शव यमुना नदी से मिला, 7 जुलाई से थी लापता

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली यूनिवर्सिटी की 19 वर्षीय छात्रा स्नेहा देबनाथ का शव यमुना नदी से मिला। वह 7 जुलाई से लापता थीं। स्नेहा मूलरूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली थीं। उनका शव गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे यमुना नदी से बरामद हुआ, जिसकी पहचान उनके परिवार ने की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बात दें कि स्नेहा 7 जुलाई की सुबह से लापता थीं। उन्होंने आखिरी बार सुबह 5:56 बजे अपनी मां को फोन करके बताया था कि वह अपनी दोस्त से मिलने सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन जा रही हैं, जिसके बाद उसका फोन बंद हो गया। उनकी दोस्त ने बताया कि स्नेहा उनसे मिलने नहीं आई थीं। जांच के दौरान, स्नेहा की आखिरी लोकेशन मजनू का टीला स्थित सिग्नेचर ब्रिज पर मिली। एक कैब ड्राइवर ने बताया कि उसने स्नेहा को 7 जुलाई को सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ा था। पुलिस को उनके दिल्ली स्थित कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा था, मैं खुद को नाकाम और बोझ समझती हूं। इस तरह जीना अब बर्दाश्त नहीं हो रहा था। मैंने सिग्नेचर ब्रिज से कूदकर जान देने का फैसला किया है। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है, यह मेरा अपना फैसला है। स्नेहा दिल्ली यूनिवर्सिटी के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में बी.एससी की छात्रा थीं। उनके पिता, रिटायर्ड सूबेदार मेजर लेफ्टिनेंट प्रीतिश देबनाथ, क्रोनिक किडनी फेल्योर से जूझ रहे हैं और डायलिसिस पर हैं।

### उद्धव ठाकरे गुट की सुप्रीम कोर्ट से मांग धनुष-बाण' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल फिर से करने दें

नई दिल्ली,(ईएमएस)। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त में रि-लिस्टेड कर दी है। अब मामले की सुनवाई अगस्त में होगी। उद्धव ने अपील की है कि उन्हें शिवसेना नाम, 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न और बाघ वाले भगवा झंडे का इस्तेमाल फिर से करने दें। यह मांग महाराष्ट्र में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के चुनावों के लिए की गई है। उद्धव के वकील देवदत्त कामत ने 2 जुलाई को छुट्टियों के दौरान काम कर रही सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने इस मामले पर जल्दी सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे गुट को इन चिह्नों का इस्तेमाल करने से रोका जाए, क्योंकि ये असली शिवसेना की पहचान हैं और जनता इन्हें भावनात्मक रूप से जोड़कर देखती है। साल 2022 में शिंदे के गुट ने शिवसेना से बगावत की थी। इसके बाद फरवरी 2023 में चुनाव आयोग ने शिवसेना नाम और उसका चिह्न धनुष-बाण शिंदे गुट को दिया था। ठाकरे गुट ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और ये मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उद्धव गुट की मांग हैं कि चिह्न इस्तेमाल करने की इजाजत मिले स्थानीय चुनाव नजदीक हैं, तब उद्धव गुट चाहता है कि कोर्ट कोई अस्थायी (इंटरिम) फैसला दे, ताकि चुनावों में उनका नुकसान न हो। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे एनसीपी विवाद में कोर्ट ने अजित गुट को चिह्न इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी, वैसे ही यहां भी किया जा सकता है। वहीं शिंदे गुट के वकील ने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव पहले ही इसी नाम और चिह्न से हो चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट पहले ठाकरे की ऐसी ही मांग को मना कर चुका है।

### कोटा में बारिश का कहरः स्कूटी सवार युवती तेज बहाव में बही, मौत

कोटा,(ईएमएस)। राजस्थान के कोटा जिले में लगातार हो रही बारिश जानलेवा साबित हो रही है। बंधा धर्मपुरा इलाके में तेज बहाव के चलते स्कूटी सवार युवती बह गई, जिसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी सौम्या के रूप में हुई है। वहीं चंबल नदी में फंसे 7 लोगों में से 6 बह गए, जबकि 1 व्यक्ति को एसडीआरएफ टीम ने सुरक्षित बचा लिया। राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। कोटा में अब तक 560 मिमी बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों तक और बारिश की संभावना जताई है। कैचमेंट एरिया में हो रही लगातार बारिश के चलते चंबल बैराज में जलस्तर बढ़ गया है। सोमवार सुबह 10:30 बजे 9 गेट खोले गए थे, जिसे 11:30 बजे बढ़ाकर 12 गेट कर दिया गया। इस समय 2 लाख 2 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। बैराज की भराव क्षमता 854 फीट है और वर्तमान जलस्तर 853.10 फीट तक पहुंच चुका है। कोटा शहर में बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव हो गया है। नयापुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में पानी भर गया, जिससे छात्रों और स्टाफ को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। पुलिस, नगर निगम और एसडीआरएफ की टीमें अलर्ट पर हैं।

### डायल की यात्रियों से अपील, आईजीएआई तक आने-जाने के लिए दिल्ली मेट्रो का प्रयोग करें

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने बारिश के कारण यात्री सलाह जारी की है। यात्रियों को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीएआई) तक आने-जाने के लिए दिल्ली मेट्रो या परिवहन के अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि यात्रा में होने वाली किसी भी देरी से बचा जा सके। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और यातायात जाम की संभावना है, इसकारण हवाई अड्डे तक पहुंचने में देरी हो सकती है। डायल ने यात्रियों से दिल्ली मेट्रो का उपयोग करने का आग्रह किया है, ताकि सुचारु यात्रा सुनिश्चित हो सके। वहीं मौसम विभाग ने 15 से 20 जुलाई तक गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। रविवार को हुई भारी बारिश के कारण पहले ही व्यापक जलभराव और यातायात जाम हो चुका है, खासकर राजीव चौक जैसे प्रमुख चौराहों पर। उत्तम नगर के बिंदापुर जैसे इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इसलिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना सावधानीपूर्वक बनाएं और मौसम व यातायात संबंधी अपडेट्स के लिए स्थानीय प्राधिकरणों की सलाह का पालन करें।

### पंजाब में बेअदबी के खिलाफ विधेयक को कैबिनेट में मिली मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान के घर पर सोमवार को एक अहम कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में धार्मिक ग्रंथों और पूजा स्थलों के अपमान से निपटने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित बेअदबी के खिलाफ विधेयक को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की मंजूरी के साथ यह विधेयक पंजाब विधानसभा में पेश हो सकता है। यह कदम बेअदबी के खिलाफ एक सख्त कानून की बढ़ती जन मांग के बीच उठाया गया है, जो एक संवेदनशील मुद्दा है और जिसने अतीत में व्यापक विरोध और आक्रोश पैदा किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में पंजाब में बेअदबी के मामलों में कड़ी सजा देने का कोई सख्त कानून नहीं है। प्रस्तावित कानून जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों या पवित्र स्थलों का अपमान करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा देने का प्रावधान करता है।

# म्यांमार में उल्फा के कैंपों पर हमले, 3 टॉप लीडर ढेर

## उल्फा ने दी बदला लेने की धमकी, इलाके में अशांति फैलने की आशंका

गुवाहाटी,(ईएमएस)। भारतीय सेना ने म्यांमार में उल्फा (आई) के कैंपों पर हमले किया है। ये हमले इसलिए किए गए ताकि आतंकवादी संगठन के बड़े नेता जो भारत से दूर म्यांमार में छिपे थे, उन्हें निशाना बनाया जा सके। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये हमले बहुत ही सटीक थे। इसमें लोइटरिंग म्यूनिशन्स और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। लोइटरिंग म्यूनिशन्स एक तरह के हथियार होते हैं जो हवा में मंडराते रहते हैं और सही मौका देखकर हमला करते हैं। उल्फा (आई) ने बयान जारी कर कहा है कि भारतीय सेना ने सीमा पार एक ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन में उनके तीन बड़े नेता मारे गए और 19 घायल हुए हैं। इस घटना से इलाके में तनाव बढ़ गया है। सेना और सरकार दोनों ही स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उल्फा (आई) ने बदला




लेने की धमकी दी है, जिससे इलाके में और अशांति फैलने की आशंका है। हालांकि, सेना ने कहा है कि उन्होंने ऐसा कोई ऑपरेशन नहीं किया है। भारत-म्यांमार सीमा पर पहले भी ऑपरेशन हुए हैं। कई बार सेना गुप्त रूप से काम करती है। पूर्वोत्तर में सेना की तैनाती तो है, लेकिन असम राइफल्स भी सीमा पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाती है। असम राइफल्स को म्यांमार सीमा की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है।

अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के पास सीमा पार के इलाकों को लोइटरिंग म्यूनिशन्स से निशाना बनाया गया। इन हथियारों को 100 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर से चलाया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में कई भारतीय कंपनियों ने ये हथियार सेना को दिए हैं। इसी तरह के लोइटरिंग ड्रोन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में भी किया गया था। उल्फा (आई) ने कहा कि हमले में स्व-घोषित लेफ्टिनेंट जनरल नयन असम की मौत हो गई। इस संगठन का नेता परेश बरुआ है, जो सालों से पकड़ में नहीं आ पा रहा है। नयन असम को संगठन में दूसरा सबसे बड़ा नेता था। उसे कैडरों को ट्रेनिंग देने का काम सौंपा गया था। वह बरुआ का खास था। उल्फा (आई) ने एक बयान में कहा कि भारतीय सेना ने नागालैंड के पास भारत-म्यांमार सीमा पर लोंगवा और अरुणाचल प्रदेश के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पांगसौ दर्रे के बीच ड्रोन से हमले किए गए। हमला रविवार रात 2 बजे से 4 बजे के बीच हुआ। संगठन ने यह भी कहा कि रविवार को बाद में एक और हमला किया गया। संगठन ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने इलाके में करीब 150 बम गिराए, जिससे उनके मोबाइल कैंप बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब वे असम के शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे, तब एक और हमला हुआ, जिसमें गणेश असम और प्रदीप असम नाम के दो और बड़े कैडर मारे गए। वहीं असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि उल्फा (आई) कैंपों पर हुए ड्रोन हमले में राज्य पुलिस शामिल नहीं थी।

## पहलगाम हमला सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी एलजी मनोज सिन्हा ने ली

### कांग्रेस बोली- इस्तीफा कब देंगे?

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर स्पष्ट रूप से इसे सुरक्षा में चूक करार देते हुए पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि हमला पर्यटकों पर नहीं, भारत की आत्मा पर था। इस पर कांग्रेस ने एलजी से सवाल करते हुए कहा है, कि अब इस्तीफा कब देंगे?



एलजी सिन्हा ने पहलगाम हमले को लेकर अपने एक इंटरव्यू में कहा कि मैं इस घटना की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं, क्योंकि यह वास्तव में सुरक्षा में चूक थी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जिस जगह हमला हुआ वह खुला मैदान था, जहां सुरक्षा बलों के लिए तैनाती की सुविधा नहीं थी। उन्होंने माना कि राज्य में पर्यटकों की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही थी और आतंकी हमले का उद्देश्य इस समृद्धि पर चोट करना था। एलजी सिन्हा ने कहा कि इस हमले में एनआईए की जांच में कुछ स्थानीय लोगों की संलिप्तता सामने आई है, लेकिन यह मानना गलत होगा कि पूरा राज्य या सुरक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। इसी बीच उन्होंने एक तरह से तुलना करते हुए कहा कि इस बार एक व्यक्ति की संलिप्तता मिली है, जबकि पिछले साल 6-7 और पहले 100 से अधिक लोग संलिप्त थे।

### ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र, पाकिस्तान को चेतावनी

एलजी सिन्हा ने भारतीय सेना के ऑपरेशन 'सिंदूर' का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी एयरबेस तक को निशाना बनाया है, लेकिन पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि अमरनाथ यात्रा इस नुकसान की भरपाई कर सकती है। उन्होंने बताया कि यात्रियों के लिए सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

### कांग्रेस बोली- जिम्मेदारी ली, अब इस्तीफा दें

एलजी सिन्हा के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार पर हमला बोला। खेड़ा ने कहा, कि हमले के 82 दिन बाद जिम्मेदारी ली गई, अब सवाल यह है कि क्या इस्तीफा देंगे या बर्खास्त होंगे?

## शिक्षा मंत्री प्रधान के बैनर पर पोती कालिख, तीन नेता गिरफ्तार

प्रयागराज,(ईएमएस)। शिक्षा मंत्रालय की स्कूल मर्जर नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पोस्टर और बैनर पर कालिख पोतने के मामले में प्रयागराज पुलिस ने तीन समाजवादी पार्टी नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक, सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान सपा छात्र सभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बैनर पर कालिख पोती और शिक्षा बनाम मधुशाला जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया।

इस घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस ने तीन टीमों का गठन कर छापेमारी की और छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवा केसरवानी, उपाध्यक्ष शिवा बाग़ी, तथा सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकारी बैनर को नुकसान पहुंचाने, शांति भंग करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज किया है। यहां गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सपा के वरिष्ठ नेता सिविल लाइंस थाने पहुंचे और गिरफ्तारी का विरोध किया। महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन और महासचिव रविंद्र यादव रवि की अगुवाई में बैठक कर इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया।

प्रदर्शन के पीछे छात्रों और समाजवादी पार्टी की मांग है कि स्कूलों के विलय से गांवों और छोटे इलाकों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी।

**राजकीय रेल थाना धनबाद**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल थाना धनबाद काण्ड संख्या–41/2022, दिनांक–01.02.2022, धारा–379 भा0द0वि0 के अप्राथमिकी अभियुक्त संजय हेम्ब्रम, पिता–कासरम हेम्ब्रम, पता–बेनासुली नयाग्राम गरमल, थाना–सालबनी (पीड़ाकाटा पुलिस पोस्ट), जिला–पश्चिमी मेदिनीपुर (प0बं0) जो गिरफ्तारी के डर से भागा फिर रहा है। उनके विरूद्ध माननीय रेलवे न्यायालय धनबाद के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है जिनका दिनांक–04.07.2025 को विधिवत् तामिला किया जा चुका है। अगर यदि वे एक महिना के अंदर रेल थाना धनबाद अथवा माननीय रेलवे न्यायालय धनबाद में आत्मसर्पण नहीं करते है तो उनके चल संपत्ति की कुर्क करने हेतु माननीय रेलवेग न्यायालय धनबाद से कुर्की अधिपत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया जायेगा।

विश्वासभाजन
(कैलाश प्रसाद महतो)
पु0अ0नि0 रेल थाना धनबाद

PR 357294 (Police)25-26*D

## नीतीश सरकार का नौकरी का वादा महज छलावा : मायावती

लखनऊ (ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती लगातार सक्रिय नजर आ रही हैं। बसपा इस बार बिहार में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति पर काम कर रही है, और पार्टी सुप्रीमो मायावती लगातार राज्य से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रियाएं देकर सियासी माहौल में उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। बसपा नेत्री मायावती ने सोमवार को बिहार की नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बिहार की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस वादे को चुनावी जुमला बताया है, जिसमें उन्होंने चुनाव जीतने के बाद अगले 5 सालों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की बात कही थी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने बयान में कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच शायद लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह घोषणा की है। यह वादा हकीकत से ज्यादा अच्छे दिन जैसे पुराने जुमलों जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि जनता अब राजनीतिक दलों की चाल, चरित्र और चेहरे को अच्छी तरह से पहचानती है। हर चुनाव से पहले विरोधी दल जनता को बहकाने के लिए लोकलुभावने वादों की बौछार कर देते हैं, लेकिन इन वादों का हश्र क्या होता है, यह जनता पिछले कई सालों से खुद देख रही है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बिहार की मौजूदा एनडीए सरकार का रोजगार और नौकरी देने का वादा भी उन्हीं पुराने खोखले वादों की तरह है, जो केवल चुनावी मंचों तक सीमित रहते हैं और जमीन पर उनका कोई असर नहीं दिखता।

### मिस डार्क क्वीन सैन राहेल का निधन

चेन्नई,(ईएमएस)। तमिलनाडु की 26 वर्षीय मॉडल और मिस डार्क क्वीन का खिताब जीतने वाली सैन राहेल का 5 जुलाई को नींद की गोलियों का सेवन करने के बाद दुखद निधन हुआ है। उनका निधन जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में इलाज के दौरान हुआ। माडल राहेल ने कथित तौर पर 5 जुलाई को नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उन्हें पहले पुडुचेरी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, फिर एक निजी अस्पताल और अंत में जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान लाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद**
**व्यवहार न्यायालय, धनबाद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा, प्राणिकरण, धनबाद द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान दिनांक 06 जुलाई 2025 से 20 जुलाई 2025 तक चलाई जा रही है जिसके तहत चिह्नित दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस क्रम में दिनांक 17 जुलाई 2025 दिन गुरूवार को सुबह 10:00 बजे से सदर अस्पताल धनबाद में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है। अतः आप सभी अभिभावकों से निवेदन है कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में अपने–अपने दिव्यांग बच्चों के साथ उपस्थित होकर शिविर में दिव्यांगता जाँच करवाएँ एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर इस योजना का लाभ उठाएँ।

**नोट–विशेष जानकारी के लिए टोलफ्री नम्बर–15100 तथा दुरभाष संख्या–0326 2396048 पर संपर्क करें।**

श्री प्रभात कुमार
वरीय पुलिस अधीक्षक सह सदस्य,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
धनबाद

श्री आदित्य रंजन
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
धनबाद

श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र–न्यायाधीश सह अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
धनबाद

निवेदक
श्री मंयक तुषार टोपनो
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद

PR 357292 Law(25-26).D

### निमिषा प्रिया को बचाने की उम्मीद लगभग खत्म, केंद्र ने कहा

## अब एक ही रास्ता जबकि पीड़ित परिवार ब्लड मनी स्वीकारे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में बचाने की एक और उम्मीद खत्म होती दिख रही है। सोमवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वे इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। निमिषा को यमन में 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जा सकती है। वह तलाल अब्दो महदी नाम के यमनी नागरिक की हत्या के मामले में दोषी साबित हुई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्र सरकार ने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है... लेकिन एक सीमा है जहां तक हम जा सकते हैं। अब एक ही रास्ता है कि (यमनी नागरिक का) परिवार ब्लड मनी को स्वीकार करने को तैयार हो जाए। दरअसल, इस व्यवस्था के तहत पीड़ित परिवार को एक धनराशि दी जाती है। हालांकि, यह रकम कितनी होगी, यह दोनों पक्ष मिलकर तय करते हैं।

एटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारत इस मामले में इतना आगे ही जा सकता था और सरकार अपने तमाम प्रयास कर चुकी है। उन्होंने कहा, सरकार ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। यमन की संवेदनशीलता को देखकर यह कूटनीतिक रूप से मान्य नहीं है। ब्लड मनी एक निजी समझौता है।

केरल के पल्लकड़ जिले की निमिषा प्रिया महदी की हत्या की दोषी साबित हुई हैं। उन्होंने एक अन्य नर्स के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। खबर है कि दोनों ने कथित तौर पर यमनी नागरिक के शव को काट कर अंडरग्राउंड टैंक में डाल दिया था। इससे पहले कई मौकों पर निमिषा प्रिया ने आरोपों को चुनौती दी है, लेकिन कोर्ट ने उनकी अपील खारिज कर दीं।

### क्या है ब्लड मनी

आसान भाषा में ब्लड मनी का मतलब उस आर्थिक मुआवजे से है, जो दोषी की ओर से पीड़ित परिवार को दिया जाता है। खासतौर से गैर इरादतन हत्या के मामले में ऐसा होता है। इसके बाद पीड़ित परिवार पर निर्भर करता है कि वह दोषी को माफ करते हैं या नहीं। इस्लामिक कानून के अनुसार, अपराध के पीड़ितों को अपनी राय देने का अधिकार होता है कि अपराधियों को कैसे सजा दी जाए।

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा सं0 : DMFT/MIR/DHN/ F2-11 -2025-26**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद**

निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : **कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001**
वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 02.08.2025
ई0– निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.08.2025 से दिनांक 08.08.2025 के अपराह्न 5 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.08.2025, अपराह्न 02:00 बजे
ई0– निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 7903299712
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रंगुनी स्थित इमली तालाब का जीर्णोद्धार। | बाघमारा | 58.46800 | 117000.00 | 10000.00 | 11 माह |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा हीं मान्य होगी। परिमाण विपत्र की राशि घट – बढ़ सकती है।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,धनबाद

PR 357268 Irrigation(25-26).D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## अमेरिकी कंपनी ने वायदा कारोबार से भारतीय निवेशकों से 2 लाख करोड़ ठगे

अमेरिका की कंपनी जेन स्ट्रीट हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग फर्म है। इसने पिछले 4 सालों में भारत के वायदा कारोबार में ट्रेडिंग के नियमों का उल्लंघन कर लाखों करोड़ रुपए की लूट भारत से की है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेवी) आंख बंद करके बैठी रही। भारत के वायदा कारोबार से जुड़े 91 फ़ीसदी निवेशकों को पिछले 4 सालों से यह कंपनी लूट रही थी। अभी तक जो जानकारी प्राप्त हुई है। उसके अनुसार 2 लाख करोड रुपए से ज्यादा की लूट इसने पिछले वर्षों में की है। इसके पहले के आंकड़ों को अभी तक सेवी ने उजागर नहीं किया है। जब इस मामले की कलई खुली, सेबी ने जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों पर कार्यवाही करते हुए 4843.57 करोड रुपए जप्त करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी ने पिछले दो वर्ष जिसमें वर्ष 2024 में लगभग 50000 करोड रुपए 2025 में 74812 करोड रुपए का घोटाला किया है। कंपनी ने निफ्टी के 50 इंडेक्स वाले शेयरों में हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग वाले सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए, पिछले 4 वर्षों से धोखाधड़ी की जा रही है। कंपनी सुबह के समय भारी मात्रा में वायदा कारोबार के शेयर और फ्यूचर्स में कारोबार करती थी। वायदा कारोबार में इन कंपनियों की खरीदी के कारण जब तेजी आ जाती थी। तो खरीदे हुए शेयर कुछ ही सेंकड़ों में बेचकर भारी मुनाफा कमाकर अमेरिका ले जाती थी। इसकी जानकारी देने वाले विहसिल ब्लोअर मयंक बंसल का दावा है। जेन स्ट्रीट ने जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक 36502 करोड रुपए का अवैध मुनाफा कमाया है। इसकी सहयोगी कंपनियों के आंकड़े को भी सामने लाया जाए तो पिछले 4 वर्षों में वायदा कारोबार में जो 91 फ़ीसदी छोटे भारतीय निवेशक थे। उन्हें लाखों करोड़ों रुपए का घाटा हुआ है। अमेरिका की कंपनी ने वायदा कारोबार में इंडेक्स की 50 कंपनियों में शॉर्ट ऑप्शन का इस्तेमाल करते हुए भारी मुनाफा कमाया है। भारतीय शेयर बाजार से कमाए गए मुनाफे को कंपनी अमेरिका ले गई है। भारतीय शेयर बाजार का पैसा सिंगापुर और अमेरिका में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से ट्रांसफर किया गया है। वायदा कारोबार के भारतीय 91 फ़ीसदी निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। वायदा कारोबार के 50 इंडेक्स वाली सूची के शेयरों में निवेश करने वाले धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। 3 जुलाई 2025 को सेबी ने जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों के कारोबार पर प्रतिबंध लगाया है। सेबी ने 4843.57 करोड रुपए जप्त करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी ने लाखों करोड़ रुपए की लूट भारतीय शेयर बाजार से अवैध तरीके से की है। सेबी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को पल-पल की खबर होती है। शिकायत करने के बाद भी दोनों नियामक संस्थाओं ने कोई कार्यवाही कंपनी पर नहीं की। 4 साल से यह गोरख धंधा चलता रहा, अब जाकर कार्रवाई की गई है। अमेरिका की कंपनी अमेरिका में मामला दर्ज कराने की बात कर रही है। भारतीय शेयर बाजार, विदेशी कंपनियों को मुनाफा देने वाला सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयर बाजार सोने के अंडे देने वाला बाजार है। भारत की वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले एक दशक में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों में भारी निवेश किया है। म्युचुअल फंड के जरिये करोड़ों भारतीय छोटे निवेशकों ने शेयर बाजार में निवेश किया है। पिछले 10 साल से विदेशी निवेशकों के लिये मुनाफा वसूली का सबसे बड़ा बाजार भारत का शेयर बाजार है। दुनिया के किसी भी शेयर बाजार में इस तरह की तेजी देखने को नहीं मिली, जो भारतीय शेयर बाजारों में देखने को मिली। निवेशकों के हितों को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सेबी की होती है। मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को भी इस तरह के लेनदेन पर निगाह रखनी थी। समय रहते कार्रवाई करनी थी। तीनों आंख बंद करके बैठे रहे। रही-सही कसर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईड़ी) ने पूरी की है। जब भारत से अरबों रुपए की राशि हर महीने विदेश जा रही थी। शेयर बाजार के जरिए काले धन को विदेशों से भारत के शेयर बाजार में निवेश किया लाया जा रहा था। यहां से मुनाफा बसूली करके धन वापस ले जाया जा रहा था। इस मामले की कई शिकायतें पिछले वर्षों में हुई हैं। किसी भी संस्था ने जांच करने की जहमत नहीं उठाई। जिसके कारण हर साल भारतीय शेयर बाजार के जरिए लाखों करोड़ों रुपए के घोटाले हुए हैं। वायदा कारोबार का यह एक मामला है। जब धोखाधड़ी और घोटाले के मामले खुलकर सामने आएंगे। प्याज की तरह परत दर परत लाखों करोड़ों रुपए के नए-नए घोटाले सामने आते चले जाएंगे। पिछले एक दशक में जिस तरह से सेबी और ईडी में अधिकारियों की नियुक्ति हो रही है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी विपक्षियों के ऊपर कारवाई करने में लगे हैं। जो काम नियामक संस्थाओं और जांच एजेंसी को करना चाहिए था, उसमें जानबूझकर लापरवाही की गई है? जिसके कारण भारतीय निवेशक शेयर बाजार में लूटते रहे। भारतीय धन विदेशों में जाता रहा। सभी नियामक एजेसियां हाथ पैर हाथ रखकर तमाशा देखते रह गए। यही कहा जा सकता है। अभी भी समय है। भारतीय धन को धोखाधड़ी के जरिए विदेशों में जाने से रोकने के लिये सरकार को तुरन्त कार्रवाई करना चाहिए। अन्यथा आने वाला समय भारत के अर्थतंत्र के लिए बहुत खराब होगा है।

## राजनीती में पढ़ाई का महत्व है

**संजय गोस्वामी**

पढ़ाई किसी भी क्षेत्र में केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करना है बल्कि हमें शिक्षक से गुणवान बनाता है जो जीवन में जरुरी है ख़ासकर आज के तकनिकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहाँ सभी डॉ थे और हमें उनके व्यवहार से ऐ सिखने क़ो मिला पीच्डी आपके लिए काफी मायने रखती है हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार क़ो भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने क़ो मिला जहाँ छात्र शिक्षक क़ो पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक़्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश क़ो चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्य सभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ और न्याय मंत्रालय में एल एल बी होता है मंत्री के निचे 1या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से सम्बंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रोधोगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर जी है हैं जो आई आई टी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है अतः वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन क़ो हथियार के मदद में राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहाँ से बापस मंगा लिया क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया अतः सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते है अतः यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा और विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जबाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उप सेना प्रमुख राहुल आर. सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की की नितांत आवश्यकता है और रूस से सम्बन्ध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरुरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर क़ो रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा इसका पुराना इतिहास रहा है हालांकि इजराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्त्रोत से मालूम हुआ है अतः भारत ने इसलिए ईरान और इजराइल के युद्ध में दुरी बना लीं अब विदेश नीति क़ो सुधार करने की जरुरत है.

# कौशलता विकास एक संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र है- कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र हैं

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2025-एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण

कौशलता विकास,सामाजिक आर्थिक सुधारों बढ़ती असमानता बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा

गोंदिया - सृष्टि रचयिता ने मानव को प्राकृतिक रूप से बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना दिया है।बस! ज़रूरत है उसे पहचान कर निखारने की,जिसके बलपर सफ़लताओं की हदें पार की जा सकती है! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि खास करके हर मानव में अपने अपने स्तरपर अलग-अलग कौशलता समाई हुई है, बस इसे पहचान कर उसका विकास करना है, जिसे हम कौशलता विकास दिवस के नाम से मनातें हैं।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम 15 जुलाई 2025 को विश्व युवा कौशलता दिवस मना रहे हैं, इसे 2014 से संयुक्त राष्ट्र ने 15 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसे प्रथम बार 15 जुलाई 2015 को मनाया गया था और हर साल नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण रखा गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से कौशलता विकास पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विश्व युवा कौशल दिवस 2025 की करें तो, सामाजिक-आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयास है जो जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, निरंतर गरीबी, बढ़ती असमानता, तेजी से तकनीकी परिवर्तन, जनसांख्यिकीय संक्रमण और अन्य जैसी चुनौतियों से जुड़े हुए हैं।युवा महिलाओं औरलड़कियों, विकलांग युवाओं, गरीब परिवारों के युवाओं, ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों और अल्पसंख्यक समूहों के साथ-साथ हिंसक संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता के परिणाम भुगतने वाले लोगों को कई कारकों के संयोजन के कारण बाहर रखा जाता है, इसके अलावा, संकट ने काम की दुनियाँ में पहले से ही कई बदलावों को तेज कर दिया है, जो उन कौशल और दक्षताओं के बारे में अनिश्चितता की परतें जोड़ते हैं जिससे हम कौशलता से ऐसा दक्ष हो जाते है कि हम नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन जाते है। संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियां,जैसे कि यूनेस्को- यूएनईवीओसी, काम की दुनियाँ में पहुंची बाधाओं को कम करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए प्राप्त कौशल को मान्यता प्राप्त और प्रमाणित किया जाता है, और बाहर के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। स्कूली युवा और जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं हैं 2030 एजेंडा के लिए कार्रवाई के इस दशक के दौरान, सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार उत्पन्न करने के लिए वैश्विक प्रक्रियाओं में युवाओं की पूर्ण भागीदारी महत्वपूर्ण है।हमारे माननीय पीएम के ड्रीम प्रोजेक्टस में से एक है। भारत ने इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन किया है जो उचित प्रशिक्षण प्रदान करने, अच्छे काम रोजगार और उद्यमिता के लिए कौशलता प्रदान करने के महत्व पर जोर देता है और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर कौशलता विकास के महत्व पर जन जागरण बहुत ही जोर शोर से करता है

साथियों बात अगर हम विश्व कौशलता दिवस 15 जुलाई 2025 के बारे में जानने की करें तो, थीमः2025 के लिए, विश्व युवा कौशल दिवस की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण है। महत्वःयह दिन युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) को बढ़ावा देने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में प्रासंगिक कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है।आयोजनःइस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संवाद आयोजित किए जाते हैं, जिनमें युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के बारे में जानकारी दी जाती है।भागीदारीःशिक्षक, अभिभावक, मार्गदर्शक,प्रशिक्षण प्रदाता और अन्य सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि युवा आवश्यक कौशल प्राप्त करें। दिनांक 12 जुलाई 2025 को देर शाम माननीय उपराष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कौशल का विकास के बारे में कहा भारतीय संविधान में 22 दृश्य चित्रणों में एक गुरुकुल की भी छवि है। हम हमेशा से ज्ञान के दान में विश्वास करते रहे हैं। कोचिंग सेंटरों को अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में बदलने के लिए करना चाहिए। मैं सिविल सोसाइटी और मेरे सामने और बाहर मौजूद जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस बीमारी की गंभीरता को समझें। उन्हें शिक्षा में विवेकशीलता बहाल करने के लिए एकजुट होना होगा। हमें कौशल के लिए प्रबल प्रशिक्षण की सख़्त आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम युवा कौशलता के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की करें तो, युवाओं की स्किल डेवलेपमेंट के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई): वर्ष 1950 में परिकल्पित, का उद्देश्य भारत में मौजूदा दीर्घकालिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना (पीएमकेवीवाई): 2015 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मुफ्त स्किल्स प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना-यह भारत के युवाओं को 400 सेअधिक स्किल्स पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर रोजगार योग्य स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए 2021 की शुरुआत की गई है। पूर्व सीखने की मान्यताः इसे 2015 में व्यक्तियों द्वारा अर्जित पूर्व स्किल्स को पहचानने के लिए लॉन्च किया गया था। यह पीएमके वीवाई के प्रमुख घटकों में से एक है। इसके तहत एक निश्चित स्किल्स वाले या पूर्व सीखने के अनुभव वाले व्यक्तिको राष्ट्रीय स्किल्स योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुसार ग्रेड के साथ आरपीएल के तहत मूल्यांकन और प्रमाणित किया जाता है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजनाः इसके साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों के लिए अपनी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन कैरियर स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 में शुरू की गई।कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन (स्मार्ट): यह एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग प्रदान करता है जो स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र में प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) की मान्यता, ग्रेडिंग, संबद्धता और निरंतर निगरानी पर केंद्रित है।आजीविका के लिए स्किल्स अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प): इसका ध्यान अभिसरण और समन्वय के माध्यम से जिला-स्तरीय स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र पर है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे विश्व बैंक के साथ सहयोग किया गया है। औद्योगिक मूल्य वृद्धि के लिए स्किल्स सुदृढ़ीकरणः स्ट्राइव योजना आईटीआई और शिक्षुता के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले स्किल्स प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्व बैंक की सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है। पीएम युवा योजना (युवा उद्यमिता विकास अभियान): वर्ष 2016 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमिता विकास के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है; समर्थन और उद्यमिता समर्थन नेटवर्क तक आसान पहुंच और समावेशी विकास के लिए सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देना। यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स (वाईयूवीए) योजना, युवा लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक मेंटरशिप प्रोग्राम है। कौशलाचार्य पुरस्कारः स्किल्स प्रशिक्षकों द्वारा किए गए योगदान को पहचानने और अधिक प्रशिक्षकों को स्किल्स भारत मिशन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए शुरू किया गया। शिक्षुता और स्किल्स में उच्च शिक्षा युवाओं के लिए योजनाः यह योजना राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के माध्यम से अप्रैल 2019 में बाहर निकलने वाले सामान्य स्नातकों को उद्योग शिक्षुता अवसर प्रदान करने के लिए है। आत्मानिभर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रणः 2020 में शुरू किया गया, यह कुशल लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर खोजने में मदद करने के लिए एक पोर्टल है जनजातीय समुदाय के लिए विशेष पहल। गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स - आदिवासी आबादी को कला और संस्कृति, हस्तशिल्प, कपड़ा और आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में मदद कर रहा है जिससे जनजातीय आबादी के बीच एंटरप्रेन्योरशिप का विकास हो रहा है। इसी प्रकार वन धन योजना आदिवासी समाज को नए अवसरों से प्रभावी ढंग से जोड़ रही है।

साथियों बात अगर हम विश्व को चलता दिवस 15 जुलाई के इतिहास की करें तो,18 दिसंबर 2014 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने सर्वसम्मति से श्रीलंका के नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया, और 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया। वैश्विक स्तर पर युवा कौशल विकास के महत्व को उजागर करने के लिए श्रीलंका ने जी 77 (77 देशों का समूह) और चीन की सहायता से इस संकल्प की शुरुआत की थी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2025-एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरणकौशलता विकास एक संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र है- कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र हैं कौशलता विकास,सामाजिक आर्थिक सुधारों,बढ़ती असमानता, बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा।

# मानवता शर्मसार है पूर्णिया टेटगामा कांड से

**कुमार कृष्णन**

बिहार के पूर्णियां जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। डायन प्रथा की भेंट चढ़ गई पांच जिंदगी। पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इस घटना में आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को डायन बताकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर जिंदा जला दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक तांत्रिक भी शामिल है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। इस नरसंहार में बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य सोनू (15वर्ष) ने भागकर अपनी जान बचाई। सोनू ने उस नरसंहार की आंखों देखी बताई तो पुलिस सक्रिय हुई और घंटो मशक्कत के बाद डॉग स्क्वाड की मदद से जले हुए शवो को जलकुंभी से बरामद किया गया। मृतकों में परिवार का मुखिया बाबू लाल उरांव (40), पत्नी सीता देवी (35),बूढ़ी मां सातो देवी (65) ,बेटा मंजीत (25)और उसकी पत्नी रानी देवी(20)शामिल है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव के सभी लोग फरार हैं और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पूर्णिया जिले के पूर्व प्रखंड स्थित टेटगामा गांव में उरांव जनजाति के करीब 50 परिवार निवास करते हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 300 है। इस गांव में अन्य जातियों के लोग भी रहते हैं। लेकिन उरांव समुदाय के लोग अधिकतर एक-दूसरे के पास रहते हैं। करीब दस दिन पहले रामदेव उरांव के एक बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद दूसरा बेटा भी बीमार पड़ गया। इसी क्रम में रामदेव को संदेह हुआ कि उसके बेटे की मौत और दूसरे बेटे की बीमारी के पीछे किसी डायन का हाथ है। संदेह की सुई बाबूलाल की मां सातो देवी और उसकी पत्नी सीता देवी पर गई। रामदेव ने इन्हें जादू-टोना करने वाली महिलाएं यानी डायन घोषित कर दिया। गांववालों ने भी अंधविश्वास के चलते उनकी बात मान ली। जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का फैसला लिया गया। उसमें इस बात को प्रमाण के तौर पर रखा गया कि ओझाओं की भी राय है कि बाबूलाल की मां और पत्नी डायन है। आज भी आदिवासी समाज में झाड़-फूंक और ओझा-भगतों की बातों पर अंधविश्वास व्याप्त है। बीमारी होने पर डॉक्टर के पास जाने की बजाय लोग ओझाओं के पास जाते हैं, जो अक्सर बीमारी की जड़ डायन को बताते हैं। ओझा की कही हुई बात को अंतिम सत्य मान लिया जाता है। बताया जाता है कि जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का निर्णय लिया गया, वहां ओझाओं की राय को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया। ओझाओं ने सातो देवी और उसकी बहू सीता देवी को डायन बताया, जिसके आधार पर यह अमानवीय फैसला लिया गया। आदिवासी समाज में डायन प्रथा एक पुराना और खतरनाक अंधविश्वास है। किसी महिला को डायन घोषित करने के पीछे कई सामाजिक पूर्वाग्रह होते हैं. जैसे उम्रदराज होना, चेहरा विकृत हो जाना, बार-बार बुदबुदाना, क्रोधित स्वभाव, या अत्यधिक पूजा-पाठ में लिप्त रहना। सातो देवी इन सभी पूर्वाग्रहों पर खरा उतरती थीं। इसलिए उन्हें डायन मान लिया गया। समाज में यह मान्यता भी प्रचलित है कि डायन का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होता है। यही कारण रहा कि सातो देवी के साथ-साथ उनकी बहू सीता देवी और फिर उसकी बहू रानी देवी.. तीनों को डायन मानकर जिंदा जला दिया गया। त्रासदी का सबसे भयावह पहलू यह है कि पीड़ित और अपराधी सभी एक ही समुदाय के थे। आपस में रिश्तेदार भी। लेकिन अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक कुंठाओं के अंधेरे में डूबी भीड़ ने रिश्तों, मानवता और कानून सब कुछ रौंद दिया। टेटगामा गांव की यह घटना इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जो यह बताती है कि जब अंधविश्वास हावी हो जाता है, तो इंसानियत दम तोड़ देती है। डायन प्रथा जैसे अमानवीय अंधविश्वास पर कानून के साथ-साथ समाज को भी सख्ती से चोट करनी होगी। 'डायन हत्या' और 'अंधविश्वास' कहना काफी नहीं यह पूरे सिस्टम की विफलता है। तत्काल इसे डायन हत्या और अंधविश्वास का मामला बता कर बिहार सरकार और वहां का प्रशासन अपनी आपराधिक लापरवाही से मुक्त नहीं हो सकता। यह पूरे सिस्टम की विफलता है और 'सुशासन बाबू' के सुशासन की पोल खोलता है। आदिवासियों को अंधविश्वासी बताना आसान होता है। नये सिरे से उस समाज को पिछड़ा और अंधविश्वास की गिरफ्त में फंसा बताने का एक अवसर मिल जाता है अभिजात और तथाकथित विकसित और सभ्य होने का दावा करने वाले समाज को। अभी पूरे मामले की सही पड़ताल भी नहीं हुई है, लेकिन घटना स्थल से महज कुछ किमी दूर रहने वाली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचते ही इसे डायन हत्या और आदिवासियों के अंधविश्वास का मामला बता कर अपनी तरह से राहत की सांस ले ली। डायन हत्या को लेकर कानून भी बनाया गया है। एक स्वयंसेवी संगठन ने वर्षों पहले इससे जुड़े सैकड़ों मामलों का अध्ययन किया था और अधिकतर मामलों में जमीन विवाद पाया था। यानि, किसी परिवार में एकल महिला रह गयी तो उसे डायन कह कर रास्ते से हटाने का षडयंत्र। परिवार में ही आपस में लड़ाई और किसी की नजर किसी की संपत्ति पर तो 'डायन' घोषित कर उसे मारने का षडयंत्र। डायन घोषित करने का तरीका भी बहुत सीधा सादा है। गांव समाज में झाड़ फूंक से इलाज करने वाला, भगत होता है। सामान्यतः किसी की मौत, बच्चे की मौत हो जाती है। फिर भगत बताता है कि उसकी मौत की वजह कोई दुष्ट आत्मा या डायन के द्वारा किया गया जादू टोना है। वह उसकी तरफ संकेत भी कर देता है। और फिर जिसे डायन कहा गया, उस परिवार का उत्पीड़न शुरु हो जाता है। जिसकी परिणती अंत में उसकी हत्या से होती है। इसके मूल में एक आपराधिक मामला ही होता है और 'अंधविश्वास' से जोड़ देने मात्र से स्थानीय प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो जाता। हत्या जैसे कृत के पहले इस तरह की बातें, किसी को डायन या पूरे परिवार को तंत्र मंत्र, जादू टोना करने वाला बताने वाली अफवाहे तैरती रहती हैं। इस घटना के बारे में तो कहा जाता है कि बजावते गांव की बैठक हुई, एक परिवार को डायन घांषित किया गया और उसे मार डालने का निर्णय लिया गया। इस तरह की बातें पुलिस तक पहुंच भी जाती हैं तो इसे आदिवासियों और उनके अंधविश्वास का मामला मान कर प्रशासन, पुलिस सुस्त पड़ जाता है, जबकि और भी तीव्रता से काम करने की जरूरत रहती है। हिंदू समाज के तमाम महंत, साधु चमत्कारी पुरुष ही होते हैं। ग्रामीण इलाकों में अस्पताल नहीं, डाक्टर नहीं, इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं, झोला टाईप डाक्टरों और झाड़ फूंक करने वालों पर निर्भर रहते हैं ग्रामीण। केवल आदिवासी समाज में नहीं, मुस्लिम, ईसाई सभी समाज में चमत्कार से इलाज होता है और उसकी एक प्रमुख वजह चिकित्सा व्यवस्था का नदारत होना है। बिहार और झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में कहीं इलाज की सरकारी व्यवस्था नहीं दिखेगी। झोला टाईप डाक्टर या फिर रक्त चूसने वाले निजी डाक्टरों की क्लिनिक। झक मार कर ओझा, गुनी, तंत्र-मंत्र करने वाले, झाड़ फूंक करने वाले इसी शून्यता से निकलते हैं। पूर्णिया जिला के रजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगामा गांव में अंधविश्वास के नाम पर हुई सामूहिक हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए भाकपा-माले पूर्णिया जिला कमेटी ने 10 जुलाई को एक पांच सदस्यीय जांच दल गठित किया। जांच दल में कां. सुलेखा देवी (राज्य कार्यकारिणी सदस्य, ऐपवा), कां. संगीता देवी, कां. सीता देवी (जिला कार्यकर्ता, ऐपवा), कां. इस्लाम उद्दीन और कां. मोख्तार (जिला नेता, भाकपा-माले) शामिल थे। जांच दल ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से बातचीत की और तथ्यों की जांच की। इस मामले में मुख्य आरोपितःरामदेव उरांव, छोटुआ उरांव, नकुल उरांव, संतलाल उरांव, केशव उरांव (सभी टेटगामा गांव निवासी) इन लोगों ने भीड़ के साथ मिलकर पांचों को जिंदा जला दिया और शवों को गायब कर दिया गया। बाद में पुलिस द्वारा खोजी कुत्ते की मदद से तीन शव बरामद किए गए। मृतक कातो देवी के चार बेटे अभी जीवित हैंः खुबीलाल उरांव, अर्जुन उरांव, जितेंद्र उरांव और जगदीश उरांव। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार दहशत में है और लगातार धमकियां दी जा रही हैं,"अगर गवाही दोगे तो तुम्हें भी जिंदा जला देंगे। " भाकपा-माले ने मांग की है कि इस जनसंहार में शामिल सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बचे हुए परिजनों को सुरक्षा प्रदान की जाए, विशेषकर चश्मदीद गवाह सोनू उरांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए तथा सोनू उरांव को सुरक्षित स्थान पर पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए डायन कुप्रथा विरोधी कड़ा कानून बनाया जाए। सरकार गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं तत्काल मुहैया कराए। अंधविश्वास के खिलाफ राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जाए। जांच दल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना केवल अंधविश्वास नहीं, बल्कि संगठित हिंसा और सामाजिक अन्याय का परिणाम है। आज़ादी के 78 वर्षों बाद भी टेटगामा जैसे गांवों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है, और अंधविश्वास के नाम पर दलित-आदिवासी समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। भाकपा-माले मांग की है कि राज्य सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित न्याय और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करे। महिला समाज ने चेतावनी दी कि पूर्णिया में एक ही परिवार की तीन महिला समेत 5 लोगों को डायन के नाम पर जिंदा जला देने के खिलाफ महिला समाज करेगा आंदोलन। बिहार महिला समाज की अध्यक्ष निवेदिता झा ने कहा है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और इस तरह की क्रूर घटनाओं को गंभीरता से लिया जाय। सामाजिक संगठन निरंतर के आंकड़े के अनुसार हर साल बड़ी संख्या में डायन के नाम पर मारी जाती हैं महिलाएं। हाल ही में 118 गांवों में सर्वे किया उन गांवो में रहने वाली 145 महिलाओं ने स्वीकार किया कि वे डायन के नाम पर हुयी हिंसा कि शिकार हुईं । जिनमें से 75 प्रतिशत महिलाएं 46 वर्ष या उससे अधिक उम्र कि थीं । जिनमें से 97 प्रतिशत महिलाएं दलित , पिछड़ा और अति पिछड़े समुदाय से है। बिहार महिला समाज की अध्यक्ष निवेदिता झा ने कहा कि इस भयानक और बर्बर घटना के लिए नीतीश सरकार और पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है। ये और भी भयावह है कि इस हत्या में पूरा गांव शामिल है। इस तरह की घटना संपूर्ण मानवता को शर्मशार करती है और आदिवासी समाज के प्रति क्रूरता और अंधविश्वास की तरह धकेलती है। बिहार में डायन के मामले पर कानून लागू है । फिर भी इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। 97 प्रतिशत महिलाएं दलित , पिछड़ा और अति पिछड़े समुदाय से आती हैं । 75 प्रतिशत महिलाएं शादी -शुदा हैं पति के साथ रहती हैं । ये आंकड़े बताते हैं कि उम्रदराज महिलाओं के साथ हमारा समाज कितना हिंसक है । हिंसा कि उन तमाम अवधारणा को ये सर्वे ख़ारिज करता है जिसमें ये माना जाता हैं कि हिंसा कि शिकार कम उम्र कि महिलाएं होती हैं , या वो गैर शादी -शुदा होती हैं । जिस समाज में शादी सुरक्षा का कवज माना जाता है उसी समाज कि शादी -शुदा महिलाएं सबसे ज्यादा हिंसा कि शिकार हुयी । अंधविश्वास के नाम पर आदिवासी समुदाय और दलित समुदाय को निशाना बनाया जाता है। बिहार महिला समाज इस भयावह घटना के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के तहत करने की मांग करता है। उस परिवार में बचे एक मात्र बेटे की सुरक्षा और उसके पढ़ाई लिखाई की पूरी जिम्मेदारी सरकार से उठाने की मांग करता है। महिला समाज की समझ है कि डायन के नाम पर सघन जागरूकताअभियान चलाना चाहिए। और कानून को और सख्त बनाया जाना चाहिए। इस मामले में बिहार महिला समाज की ओर से एक जांच दल पूर्णिया के राज रानीगंज पंचायत के टेटगामा टोले में गया और पूरे मामले की छान बीन की। जांच टीम में बिहार महिला समाज की महासचिव राजश्री किरण , पूर्व एम एल सी उषा सहनी ,प्रो. चंदना झा , प्रीति झा,ललिता देवी,पूर्व मुखिया,बेगूसराय,देवकी देवी,आदि शामिल थीं। क़रीब 60 घरों वाले इस टोले में अब सिर्फ़ मृतक परिवार के परिजन बचे हैं और बाक़ी सभी टोले में रहने वाले फ़रार हैं। इसकी वजह यह है कि इस पूरे टोले पर ही पांच लोगों को मारने और जलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस मामले में सात दिन बीतने के बाद भी महज़ तीन गिरफ़्तारियां हुई हैं जबकि इस केस में 23 नामज़द अभियुक्तों पर और 150-200 अज्ञात लोगों पर एफ़आईआर दर्ज हुई है।

गांव में सन्नाटा पसरा है। कुछेक सदस्यों को छोड़,पूरा गांव सुनसान था। जो लोग थे,वे स्तब्ध और बेहद भयभीत थे और पूछताछ करने पर जवाब देने से कतराते थे। बातचीत से पता चला कि गांव का स्कूल करीब डेढ़ किमी पर होने के बावजूद,बहुत कम बच्चे पढ़ने जाते हैं। आस पास मिट्टी से सने,अधनंगे,सहमे से खेलते बच्चों के बारे में पूछने पर पता चला कि वे कभी स्कूल नहीं गये। स्वास्थ्य केन्द्र के बारे में पूछने पर पता चला कि कइयों को तो इसकी जानकारी तक नहीं है। गांव में ईलाज के लिए लोग ओझा गुनी के पास जाते हैं क्योंकि डॉक्टर के पास जाने का न पैसा है न जुगाड़। निहायत जरूरी होने पर ही,ईलाज के लिए वे रानीपतरा या पूर्णियां सदर अस्पताल जाते हैं। स्पष्ट तौर पर,यह पूरा गांव गरीबी,अशिक्षा और अंधविश्वास के गर्त में समाया है । हमारा देश लगभग आठ दशक पहले आजाद हुआ पर आज भी हमारा समाज अशिक्षा,अंधविश्वास,डायन जैसी कुरीतियों के दलदल में फंसा हुआ है। ज्ञातव्य हो कि डायन प्रथा और डायन कह कर उस पर अत्याचार करने पर रोक के लिए सन् 1999 में बिहार सरकार द्वारा डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम पारित किया गया था परंतु इसके बावजूद यह प्रथा आज भी जीवित है और चिंता का विषय है कि हर वर्ष डायन कह कर बड़ी संख्या में महिलाओं को,खास कर दलित,पिछड़ी,अति पिछड़ी,आदिवासी महिलाओं को, क्रूर अत्याचार,उत्पीड़न और अंततः हत्या का शिकार होना पड़ता है। टेटगामा की इस घटना नें एक बार फिर से इसे दुहरा कर पूरी मानवता को शर्मसार किया है। बिहार महिला समाज की राज्यस्तरीय जांच टीम ने मामले की गहराई से छानबीन करने के बाद इस घटना के लिए राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

# धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे







## नए अध्ययन में हुआ खुलासा

कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और इसका प्रमुख कारण वायु प्रदूषण बताया जा रहा है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन विश्व कैंसर दिवस पर 'द लांसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) सहित अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने चार उप प्रकारों – 'एडेनोकार्सिनोमा' (ग्रंथि कैंसर), 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा' (त्वचा कैंसर), छोटे और बड़े 'सेल कार्सिनोमा' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर फेफड़ों के कैंसर के मामलों का अनुमान लगाने के मकसद से 'ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी 2022 डेटासेट' सहित अन्य 'डेटा' का विश्लेषण किया।

शोधकर्ताओं ने पाया कि एडेनोकार्सिनोमा (ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों में शुरू होता है) पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रमुख उपप्रकार बन गया है। इसके साथ ही 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वालों में फेफड़े के कैंसर के 53-70 प्रतिशत मामले इसी उप-प्रकार के पाए गए। शोधकर्ताओं ने लिखा कि विश्व भर के कई देशों में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी कभी धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में फेफड़े के कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। आईएआरसी में कैंसर निगरानी शाखा के प्रमुख ने कहा कि धूम्रपान की आदतों में बदलाव और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना फेफड़े के कैंसर के जोखिम में के मुख्य निर्धारकों में से हैं।

# राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, पंचमी, मंगलवासरे, शतभिषा नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, कौलव करणे, मौना पंचमी, व्यापार तथा उग्रकर्म मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल.......**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक कर्मचारी, अकाउंटेंट, लोकपाल तथा लेखापाल, प्रबंधक, मार्वेâटिंग मैनेजर, उत्तम कार्यकर्ता, प्रबंधकीय कार्य में निपुर्ण लेखक-कवि, पत्रकार होगा।**

**मेष राशि :- हर्ष, लाभ, सुख, पदोन्नति के योग हैं, वायु विकार, दाम्पत्य जीवन सरल-सुखी रहेगा।**

**वृष राशि :- वाहन सुख, विद्या कष्ट, राजभय, आर्थिक हानि, विशेष हानि तथा विरोध होगा।**

**मिथुन राशि :- लाभ के योग बनेंगे, सुयश, कार्य सिद्धी, शत्रुभय, राज-काज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।**

**कर्क राशि :- कार्य सिद्धी, लाभ, धन व्यय, हर्ष, धार्मिक एवं शुभ कार्यों में सावधानी अवश्य रखें।**

**सिंह राशि :- शत्रु भय, कलह, लाभ एवं सुयश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा मिलेगी।**

**कन्या राशि :- थोड़ा लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, प्रबलता के योग बनेंगे, विवाद होगा।**

**तुला राशि :- हर्ष, पदोन्नति के योग, रुके कार्य प्रयास से बनेंगे, कार्यों में सुधार होगा ध्यान दें।**

**वृश्चिक राशि :- संतान सुख, यात्रा लाभ, शत्रु हानि, अच्छे कार्यों में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।**

**धनु राशि :- व्यर्थ चिन्ता से मन परेशान रहेगा, अचानक लाभ के योग बनेंगे, उद्योग-व्यापार में लाभ।**

**मकर राशि :- सफलता प्राप्ति के योग बनेंगे, भय से मन उद्विघ्न रहेगा, मित्रों का सहयोग मिलेगा।**

**कुंभ राशि :- सुख, यात्रा भय, यश प्राप्ति, मित्रों का सहयोग मिलेगा, लाभप्रद स्थिति से हर्ष होगा।**

**मीन राशि :- इष्ट मित्रों सहायक रहेंगे, कार्यगति में अनुकूलता आयेगी, कार्य समय पर करें।**

# बारिश में करें तांबे के पानी का सेवन



बारिश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने का खतरा रहता है। ऐसे में इस मौसम में तांबे के बर्तन में रखा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखता है, बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव करता है। एक रिपोर्ट के अनुसार तांबे के बर्तन का पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होता है और ये हमें हानिकारक सूक्ष्मजीवों से बचाता है। बारिश के मौसम में जल प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे संक्रमण का डर रहता है। ऐसे में तांबे का पानी अच्छा रहता है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं और पानी को शुद्ध बनाते हैं। तांबे के बर्तन का पानी शुद्ध होता है और यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर स्वस्थ और मन तरोताजा रहता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। यह भोजन को बेहतर ढंग से पचाने में सहायता करता है और पेट संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, वात और अपच से राहत दिलाता है। इसके अलावा, यह पानी किडनी की सेहत के लिए भी लाभकारी है। यह किडनी स्टोन के खतरे को कम करता है और किडनी को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। तांबे का पानी रोग प्रतिरोधी शक्ति को भी मजबूती देता है, जो बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव में सहायक है। इसके अतिरिक्त, तांबे के पानी का नियमित सेवन त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। यह त्वचा को निखारता है और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में भी तांबे के बर्तन में पानी पीने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे का पानी शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है। तांबे के बर्तन में रातभर पानी रखकर सुबह खाली पेट पीना सबसे अच्छा होता है पर बर्तन की नियमित सफाई जरूरी है

# स्वस्थ रहने करें हरड़ का उपयोग

स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है। यह कॉम्ब्रेटेसी परिवार का पौधा है। इसका उपयोगी भाग फल है। इसका वृक्ष विशाल लगभग 80-100 फीट ऊंचा होता है। फूल छोटा, सफेद या पीले रंग का होता है। फल एक से डेढ़ इंच लंबा अंडाकार, पृष्ठ भाग पर पांच रेखाओं से युक्त, कच्चा में हरा, पकने पर धूसर पीला रंग का हो जाता है। प्रत्येक फल में एक बीज होता है। पके हुए फलों का संग्रहण अप्रैल-मई माह में करना चाहिए।

यह कफ वात व पित जनित रोगों में उपयोगी है। पाचन शक्ति बढ़ती है। खांसी, सांस, कुष्ठ, बवासीर, पुराना ज्वर, मलेरिया, गैस, अपच, प्यास, त्वचा रोग, पेशाब की जलन, आंखों के रोग, दस्त, पीलिया आदि में लाभदायक है। खट्टेपन से वात रोगों को दूर करती है। चटपटेपन से पित रोग और कसैलेपन



से कफ का नाश करती है। इसका सेवन बरसात में सेंधा नमक के साथ, जोड़ों में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, बसंत ऋतु में शहद के साथ, गर्मी में गुड़ के साथ करना चाहिए।

खाना खाने से पहले इसे लेने से भूख बढ़ती है। बाद में खाने से खाना आसानी से पचता है

छोटी हर्रे का चूर्ण लगभग चार से छह ग्राम रात में भोजन करने के एक से दो घंटे बाद पानी के साथ प्रयोग करने से कब्ज की समस्या दूर होती है।

इसका चूर्ण गुड़ व गिलोथ के काढ़े के साथ प्रयोग करने से गठिया में आराम मिलता है।


इसे तंबाकू की तरह चिलम में रखकर पीने से सांस की समस्या दूर होती है

मुख व गले के रोगों में इसका काढ़ा बना कर कुल्ला किया जाता है।

इसका चूर्ण दो ग्राम गुड़ के साथ खाना चाहिए। छोटी हर्रे को सुपारी की तरह छोटा-छोटा टुकड़ा कर लें और दिन में खाना खाने के बाद लगभग एक टुकड़े को मुंह में डाल कर अच्छी तरह से चबाना चाहिए। इसके नियमित प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने के प्राकृतिक स्त्रोत





हेल्थ एक्सपर्टस की माने तो चना और गुड़ को अपनी डाइट में शामिल करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दोनों में आयरन, कैल्शियम और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं। गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने का प्राकृतिक स्त्रोत हैं। अगर आप दिनभर थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इनका नियमित सेवन आपको ऊर्जावान बनाए रख सकता है। इनमें मौजूद कैल्शियम, मिनरल्स और आयरन शरीर को आवश्यक पोषण देते हैं और कमजोरी को दूर करते हैं। इसके अलावा, पाचन तंत्र की समस्या जैसे कब्ज से राहत पाने के लिए भी यह एक कारगर उपाय है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बाहर के अस्वस्थ भोजन या अनियमित दिनचर्या के कारण कई बार पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में चना और गुड़ पेट साफ करने और पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में सहायक होते हैं। गुड़ ब्लड को साफ करने का काम करता है, जबकि चना शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा, जो लोग अपने वजन को नियंत्रित करना चाहते हैं, उनके लिए भी यह फायदेमंद है। चने में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख को नियंत्रित करके वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही, यह हड्डियों को मजबूत करने का भी काम करता है, जिससे सर्दियों में जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचाव होता है। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं।

चना और गुड़ का सेवन इम्यूनिटी को मजबूत करता है और शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका नियमित सेवन करने से शरीर को संपूर्ण पोषण मिलता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव होता है। इसलिए, सेहतमंद जीवन के लिए चना और गुड़ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण हम अक्सर जरूरी पोषक तत्वों की कमी का शिकार हो जाते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# ज्यादा नमक से बीपी ही नहीं डायबीटीज का भी खतरा



नमक हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है, इससे कोई अनजान नहीं है। यह शरीर में कई तरह की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। लेकिन ज्यादा नमक खाने से ब्लड प्रेशर की समस्या होती है यह तो हम सब जानते हैं। हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि ज्यादा नमक खाने से डायबीटीज होने का खतरा भी बढ़ जाता है। प्रत्येक 2.5 ग्राम अतिरिक्त नमक के सेवन से टाइप 2 डायबीटीज का खतरा 43 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। रिसर्च में बताया गया है कि जो लोग हर दिन तकरीबन 7.3 ग्राम नमक का सेवन करते हैं, इनमें उन लोगों के मुकाबले डायबीटीज का खतरा ज्यादा होता है जो लोग हर दिन 6 ग्राम तक नमक का सेवन करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि नमक में मौजूद सोडियम इंसुलिन प्रतिरोध पर सीधा असर डालता है। इस वजह से हाई ब्लड प्रेशर और वजन बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन वयस्कों में लेटेंट ऑटोइम्यून डायबीटीज का खतरा बढ़ा देता है। रिसर्च के मुताबिक सोडियम के प्रभाव से लेटेंट ऑटोइम्यून डायबीटीज का खतरा हर दिन प्रति ग्राम सोडियम पर 73 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। नमक में मौजूद सोडियम इसका प्रमुख कारण है। इसलिए अपने खाने में नमक कम डालें। नमक का ज्यादा मात्रा में सेवन आपके रक्त संचरण और ब्लड प्रेशर को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है।

## अमेरिका ट्रेडिंग कंपनी ने एस्क्रो खाते में जमा किए 4,843.50 करोड़

मुंबई,(ईएमएस)। अमेरिका की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ग्रुप ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पक्ष में एक एस्क्रो खाते में 4,843.50 करोड़ रुपए जमा किए हैं। इस राशि को जमा पूंजी बाजार नियामक के निर्देश पर किया गया है। सेबी का आरोप है कि शेयर बाजार में गलत प्रथाओं से जेन स्ट्रीट ग्रुप ने करोड़ों रुपए कमाए, जिसके चलते नियामक ने अमेरिकी कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश पर बैन कर दिया था। इस महीने की शुरुआत में सेबी ने वॉल स्ट्रीट की इस कंपनी पर तब तक भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर बैन लगा दिया था। जब तक कि वह 4,843.5 करोड़ रुपए एस्क्रो खाते में जमा नहीं कर करती। सोमवार को आई कई रिपोर्टों में बताया गया है कि कंपनी ने यह राशि जमा कर दी है। हालांकि, सेबी या जेन स्ट्रीट ने अभी तक इन रिपोर्टों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में सेबी ने जेन स्ट्रीट पर आरोप लगाया गया था कि उसने नियमों के खिलाफ जाकर गलत रणनीतियों के इस्तेमाल से इंडेक्स ऑप्शंस में 43,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा कमाया। बाजार नियामक के मुताबिक जेन स्ट्रीट और इसकी संबंधित संस्थाओं ने बैंक निफ्टी सूचकांक को आर्टिफिशियल तरीके से बढ़ाने और घटाने के लिए एक इंट्रा-डे ट्रेडिंग रणनीति तैयार की है। नियामक ने इसे मार्किंग-द-क्लोज का एक क्लासिक मामला बताया, जहां एक ट्रेडर समाप्ति से ठीक पहले अपने स्वयं के डेरिवेटिव पोजीशन के पक्ष में अंतर्निहित इंडेक्स की कीमतों में हेरफेर करता है। सेबी ने जेन स्ट्रीट और इसकी तीन संबंधित संस्थाओं- जेएसआई 2 इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर पीटीई लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग लिमिटेड को अगले नोटिस तक भारतीय प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से रोक दिया है।

## ट्रैवल फूड सर्विसेज का शेयर दो प्रतिशत की तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड (टीएफएस) के शेयरों की सोमवार को शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत हुई। कंपनी का शेयर बीएसई पर अपने निर्गम मूल्य 1,100 से 2.38 फीसदी की बढ़त के साथ 1,126.20 पर लिस्ट हुआ, जबकि एनएसई पर यह 1,125 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जो 2.27 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है। इसके साथ ही कंपनी का बाजार पूंजीकरण 14,222.04 करोड़ हो गया। ट्रैवल फूड सर्विसेज का आईपीओ पूरी तरह से एक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था, जिसके तहत प्रवर्तक कपूर फैमिली ट्रस्ट ने 2,000 करोड़ के शेयर बाजार में बेचे। आईपीओ का मूल्य दायरा 1,045 से 1,100 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था। यह सार्वजनिक निर्गम निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया के साथ 2.88 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने 2009 में अपना पहला ट्रैवल क्विक-सर्विस रेस्तरां शुरू किया था। मुंबई मुख्यालय वाली ट्रैवल फूड सर्विसेज हवाई अड्डों और कुछ प्रमुख राजमार्गों पर फास्ट फूड, कैफे, बेकरी, फूड कोर्ट और बार जैसी खाद्य एवं पेय सेवाएं प्रदान करती है। लिस्टिंग के बाद शेयर में स्थिरता बनी रही, जिससे निवेशकों को शुरुआती लाभ मिला। ट्रैवल आधारित एफएंडबी क्षेत्र में काम करने वाली यह कंपनी अब निवेशकों के लिए दीर्घकालिक अवसर प्रदान कर सकती है।

## चीन का निर्यात जून में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

बीजिंग (ईएमएस)। चीन के निर्यात में जून महीने में तेज़ी दर्ज की गई, जिससे व्यापार क्षेत्र में सुधार के संकेत मिले हैं। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, चीन का निर्यात सालाना आधार पर 5.8 फीसदी बढ़ा, जबकि मई में यह वृद्धि 4.8 फीसदी थी। इसी दौरान आयात में भी 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो इस साल पहली बार दर्ज की गई है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात में 16 फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन यह मई की 34.5 फीसदी की गिरावट की तुलना में काफी कम है। अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार विवाद में दोनों देशों ने कुछ शुल्कों को अस्थायी रूप से वापस लेने का फैसला किया है। फिर भी, ट्रंप प्रशासन ने 35 फीसदी तक का नया शुल्क लगाया है। व्यापार में यह सुधार अप्रैल-जून तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि बढ़ा सकता है। इस तिमाही के आर्थिक आंकड़े मंगलवार को जारी होंगे।

## देश के आठ प्रमुख शहरों में घटा मकानों की बिक्री का ग्राफ

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में अप्रैल-जून 2025 की तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एक आवासीय ब्रोकरेज कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान कुल 97,674 आवास इकाइयाँ बिकीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,13,768 था। इस गिरावट का सबसे बड़ा असर महाराष्ट्र के दो प्रमुख बाजारों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में देखा गया। यहां संयुक्त रूप से बिक्री 30 प्रतिशत घटकर 41,901 इकाई रह गई, जो एक साल पहले 60,191 थी। विशेषज्ञों का मानना है कि संपत्ति की कीमतों में तेज़ी और सामर्थ्य की कमी के चलते उपभोक्ता मांग में कमी आई है, खासकर मध्यम और बजट वर्ग के खरीदारों में। अन्य प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली-एनसीआर, अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में भी बिक्री में सुस्तपन देखा गया है। बजट और मध्यम आय वर्ग के खरीदार अब कीमतों को लेकर अधिक सतर्क हो गए हैं। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अभी भी बनी हुई है, जिससे बाजार में स्थिरता की उम्मीद की जा सकती है।

## ओला इलेक्ट्रिक के तिमाही राजस्व में 35.5 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 828 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछली तिमाही (जनवरी-मार्च) के 611 करोड़ रुपए की तुलना में 35.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने इस दौरान 68,192 स्कूटरों की आपूर्ति की, जबकि पिछली तिमाही में यह संख्या 51,375 थी। यह तिमाही आधार पर 32.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक का कहना है कि फिलहाल उसका एकीकृत परिचालन व्यय 150 करोड़ प्रतिमाह है, जिसे वर्ष के अंत तक घटाकर 130 करोड़ प्रतिमाह करने का लक्ष्य रखा गया है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 247.01 , निफ्टी 67.55 अंक नीचे आया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार में ये गिरावट आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक नीचे आकर 82,253.46 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 67.55 अंकों की गिरावट के साथ ही 25,082.30 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान आईटी और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही जिससे भी बाजार नीचे आया।
सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से केवल 10 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए। वहीं शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी की 50 में से 22 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए और 27 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए, जबकि एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ।
आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 3.11 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि टेक महिंद्रा के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.82 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।
सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज टाइटन के शेयर 1.23फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.56 फीसदी, सनफार्मा 0.54 फीसदी, आईटीसी 0.42 फीसदी, टाटा स्टील 0.25 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.23 फीसदी, एसबीआई 0.10 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.03 फीसदी बढ़कर बंद हुए।




वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस 1.54 फीसदी, , इंफोसिस 1.53 फीसदी, , एशियन पेंट्स 1.50 फीसदी, , एचसीएल टेक 1.41 फीसदी, , टीसीएस 1.29 फीसदी, , एलएंडटी 1.25 फीसदी, , टाटा मोटर्स 1.04फीसदी, , बजाज फिनसर्व 0.77 फीसदी, , कोटक महिंद्रा बैंक 0.76 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.69 फीसदी, , ट्रेंट 0.68 फीसदी, , बीईएल 0.39 फीसदी, , मारुति सुजुकी 0.36फीसदी, , हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.20 फीसदी, , एनटीपीसी 0.19 फीसदी, , पावरग्रिड 0.13 फीसदी, , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.04 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।
इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत रही। आईटी स्टॉक्स में गिरावट और यूएस-इंडिया में ट्रेड डील को लेकर संशय के बीच ही बाजार पर दबाव आया। सेंसेक्स 150 से ज्यादा अंक गिरकर 82,537.87 पर खुला। खुलते ही इसमें गिरावट गहरा गई। सुबह यह 255.95 अंक की गिरावट लेकर 82,244.52 पर कारोबार कर रहा था।
इसी तरह निफ्टी भी गिरावट के साथ 25,149 पर खुला। आईटी स्टॉक्स में बिकवाली से इंडेक्स में गिरावट और ज्यादा बढ़ गई। वहीं एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में सप्ताह की शुरुआत मिली-जुली रही। जापान के निक्कई में गिरावट देखने को मिली, जबकि कोरिया का कोस्पी हरे निशान में रहा। ऑस्ट्रेलिया के एएसएक्स 200 में भी थोड़ी कमजोरी रही। उधर अमेरिकी फ्यूचर्स इंडेक्स एशियाई ट्रेडिंग घंटों के दौरान कमजोरी के साथ कारोबार करते दिखे।

## बीते सप्ताह स्टार्टअप फंडिंग 95 मिलियन डॉलर पर, 17 स्टार्टअप ने विभिन्न चरणों में निवेश पाया




मुंबई,(ईएमएस)। भारत में स्टार्टअप फंडिंग बीते हफ्ते करीब 95 मिलियन डॉलर रही, जिसमें 17 स्टार्टअप ने विभिन्न चरणों में निवेश हासिल किया। इसमें से पांच विकास-चरण और 10 प्रारंभिक चरण के सौदे थे, जबकि दो स्टार्टअप ने अपने फंडिंग डिटेल्स का खुलासा नहीं किया। शहरों में, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप छह सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में चार सौदे हुए। मुंबई, हैदराबाद और अन्य शहरों में भी गतिविधि दिखी। बीते हफ्ते चार सौदों के साथ फिनटेक सबसे अधिक फंडेड सेक्टर के रूप में उभरा।
इसके बाद डीपटेक और एसएएएस स्टार्टअप ने दो-दो सौदे किए, जबकि प्रॉपटेक, फूडटेक और ओटीटी स्टार्टअप ने भी फंड जुटाया। बीते हफ्ते सात सौदों के साथ सीड फंडिंग राउंड का बोलबाला रहा। सीरीज ए और प्री-सीरीज ए राउंड में दो-दो सौदे हुए, जबकि प्री-आईपीओ, डेट और सीरीज बी राउंड भी शामिल थे। पिछले आठ हफ्तों में एवरेज स्टार्टअप फंडिंग लगभग 205.24 मिलियन डॉलर रही है, जिसमें प्रति सप्ताह करीब 21 सौदे हुए।
ग्रोथ और लेट-स्टेज स्टार्टअप्स ने सामूहिक रूप से 72.9 मिलियन डॉलर जुटाए। प्रॉपटेक फर्म स्मार्टवर्क्स इस सूची में सबसे आगे रही, जिसने प्री-आईपीओ राउंड में 20 मिलियन डॉलर जुटाए।
शिक्षा-केंद्रित एनबीएफसी वर्थना ने डेट फाइनेंसिंग के माध्यम से 159 करोड़ रुपए (लगभग 18.5 मिलियन डॉलर) जुटाए। क्लीन-लेबल फूड ब्रांड केह्तिका ने नरोत्तम सेखसरिया फैमिली ऑफिस और अनिकट कैपिटल के नेतृत्व में सीरीज बी राउंड में 18 मिलियन डॉलर जुटाए। फिनटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी क्रेडिट वाइज कैपिटल और एविस हॉस्पिटल भी सप्ताह फंडिंग सूची में शामिल थे। शुरुआती चरण की श्रेणी में 10 स्टार्टअप्स ने कुल 22.11 मिलियन डॉलर जुटाए। तकनीक-सक्षम एनबीएफसी इनप्राइम फिनसर्व ने प्रवेगा वेंचर्स से सीरीज ए राउंड में 6 मिलियन डॉलर जुटाकर इस सेगमेंट का नेतृत्व किया। फंड जुटाने वाले दूसरे स्टार्टअप्स में एनआरआई-केंद्रित फिनटेक प्लेटफॉर्म बिलॉन्ग, ओटीटी माइक्रोड्रामा ऐप चाय बिस्केट, होम सर्विसेज स्टार्टअप क्लीन फैनेटिक्स और डीपटेक फर्म ग्रीन एयरो शामिल हैं। रणनीतिक विकास में, वर्कस्पेस सॉल्यूशन प्रोवाइडर इनक्यूस्पेज ने वीएसओयूटी का अधिग्रहण किया, जो एक बीटूबी एसएएएस प्लेटफॉर्म है और कमर्शियल रियल एस्टेट के लिए क्यूरेटेड डेटा एनालिटिक्स प्रदान करता है। इसके अलावा, एक गैर-बैंक ऋणदाता, इन्फिनिटी फिनकॉर्प सॉल्यूशन ने ग्लोबल इंवेस्टमेंट फर्म पार्टनर्स ग्रुप के साथ एक शेयर खरीद और सदस्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो कंपनी में महत्वपूर्ण बहुमत हिस्सेदारी हासिल करेगा।

## जून में थोक महंगाई 0.13 प्रतिशत घटी

### - सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट



नई दिल्ली (ईएमएस)। जून 2025 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति घटकर 0.13 प्रतिशत पर आ गई। इसकी प्रमुख वजह खाद्य वस्तुओं, खनिज तेलों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में गिरावट रही। मई 2025 में यह आंकड़ा 0.39 प्रतिशत था, जबकि जून 2024 में थोक मुद्रास्फीति 3.43 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 3.75 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो मई में 1.56 फीसदी थी। खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। जून में यह गिरावट 22.65 फीसदी रही, जबकि मई में यह 21.62 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति मामूली घटकर 1.97 फीसदी रही, जो मई में 2.04 फीसदी थी। वहीं, ईंधन और बिजली की महंगाई दर बढ़कर 2.65 फीसदी हो गई, जो मई में 2.27 फीसदी थी। मंत्रालय ने बताया कि कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, धातुओं और अन्य उत्पादों की कीमतों में नरमी के चलते समग्र मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। यह संकेत करता है कि उत्पादन लागत में कुछ राहत मिली है, जो आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को भी लाभ पहुंचा सकती है। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर मौद्रिक नीति बनाता है। मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की, जिससे दर अब 5.50 फीसदी हो गई है।

## करीब 70 प्रतिशत कंपनियां देश में वेयरहाउसिंग फुटप्रिंट का विस्तार करेगी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत, लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए दुनिया में लोकप्रिय गंतव्य बन रह है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की करीब 70 प्रतिशत कंपनियां देश में अगले दो वर्षों में वेयरहाउसिंग फुटप्रिंट का विस्तार करने को तैयार है।
सर्वे में बताया गया कि भारत में यह बढ़ती रुचि आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण की ओर व्यापक बदलाव को दिखाती है, क्योंकि कंपनियां एकल-बाजार रणनीतियों पर निर्भरता कम करने के लक्ष्य पर काम कर रही हैं। सर्वे में कहा गया कि यह क्षेत्र भारत की बाजार क्षमता में मजबूत विश्वास को दिखा रहा है, और भारत में मौजूद 80 प्रतिशत से ज्यादा कंपनियां (भारत में परिचालन करने वाली भारतीय और वैश्विक दोनों कंपनियां) अगले दो वर्षों में अपने वेयरहाउसिंग पोर्टफोलियो का विस्तार करने को तैयार हैं।



सर्वे के अनुसार, निकट भविष्य की अनिश्चितताओं के बावजूद, यह क्षेत्र वैश्विक और घरेलू दोनों ही कंपनियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। सर्वे के मुताबिक, भारत की 90 प्रतिशत कंपनियों ने अगले दो से पांच वर्षों में अपने लॉजिस्टिक्स फुटप्रिंट में विस्तार करने की योजना बनाई है, जो कंपनियों के लंबी अवधि के नजरिए को दिखाता है। सर्वे में कहा गया कि दक्षिण-पूर्वी एशिया और भारत में मजबूत मांग के कारण आने वाले समय में लॉजिस्टिक्स सेक्टर बेहतर प्रदर्शन करेगा।
अधिकतर मांग थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल), ई-कॉमर्स, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग (ईएंडएम), ऑटो और ऑटो एंसिलरी, और फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर से आएगी। सीबीआरई में एपीएसी क्षेत्र के अध्यक्ष अंशुमन मैगजीन ने कहा, भारत का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र एक परिवर्तनकारी विकास के दौर से गुजर रहा है, जो मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे, त्वरित बुनियादी ढांचे के विकास और एक परिपक्व पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित है, जो मापनीयता, दक्षता और स्थिरता पर केंद्रित है।उन्होंने आगे कहा, हमारे सर्वे से प्राप्त जानकारी इस क्षेत्र में सबसे पसंदीदा लॉजिस्टिक्स गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करती है।

## भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स

### रिलायंस रिटेल टॉप 10 में शामिल




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है और कई कंपनियां यूनिकॉर्न की कैटेगरी में आ चुकी हैं। यूनिकॉर्न कंपनी वह होती है जिसकी वैल्यू एक अरब डॉलर से अधिक होती है। दुनिया में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर है, उसके बाद चीन और फिर भारत का स्थान है। वर्तमान में अमेरिका में लगभग 793 यूनिकॉर्न हैं, जबकि चीन में 284 और भारत में 88 यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। यूरोप, यूके, सिंगापुर, इजरायल जैसे अन्य देशों में भी यूनिकॉर्न्स की अच्छी संख्या देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी एलन मस्क की स्पेसएक्स है, जिसकी वैल्यू 350 अरब डॉलर है। इसके बाद ओपनएआई 300 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है, जो चैटजीपीटी जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के लिए जानी जाती है। तीसरे नंबर पर टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस है, जिसकी वैल्यू 220 अरब डॉलर है। चीन की एंटग्रुप कंपनी 150 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल है, जिसकी वैल्यू 100 अरब डॉलर है। यह एशिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी भी है और टॉप 10 यूनिकॉर्न कंपनियों में पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा अमेरिका की एक्सएआई, चीन की शीन, अमेरिका की स्ट्राइप, डेटाब्रिक्स और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां इस सूची में शामिल हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में यह तेजी दर्शाती है कि देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

# बिटकॉइन के क्रिएटर नाकामोतो छीन सकते हैं एलन मस्क से सबसे बड़े अरबपति का ताज

मुंबई (ईएमएस)। दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत आज पहली बार 121,000 डॉलर के पार पहुंच गई। अमेरिका में डेफिसिट स्पेंडिंग क्राइसिस के कारण बिटकॉइन में तेजी देखी गई है। इस साल इसकी कीमत में 30 प्रतिशत तक की तेजी आ चुकी है। कई प्राइस मॉडल्स के मुताबिक बिटकॉइन की कीमत 200,000 से 10 लाख डॉलर तक पहुंच सकती है। अगर बिटकॉइन की कीमत 370,000 डॉलर पहुंचती है, तब इसके क्रिएटर सतोशी नाकामोतो दुनिया के सबसे बड़े रईस बन जाएंगे। अभी एलन मस्क इस गद्दी पर बैठे हैं जिनकी नेटवर्थ 360 अरब डॉलर है।
नाकामोतो को बिटकॉइन का जन्मदाता माना जाता है। हालांकि अभी तक दुनिया में किसी ने भी उसका चेहरा नहीं देखा है। नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में पब्लिक एमआईटी लाइसेंस के तहत बिटकॉइन वाइटपेपर जारी किया था। 3 जनवरी, 2009 को बिटकॉइन के पहले ब्लॉक की ढलाई की गई थी। इसके साथ ही बिटकॉइन नेटवर्क के लांच की औपचारिक शुरुआत हुई थी। इससे क्रिप्टोकरेंसी और ब्लॉकचेन मूवमेंट शुरू हुआ।
माना जाता है कि जनवरी से जुलाई 2009 के बीच नाकामोतो ने 10 लाख से अधिक बिटकॉइन ढाले थे। मौजूदा कीमत के हिसाब से नाकामोतो के पास करीब 130 अरब डॉलर के बिटकॉइन हैं। इस हिसाब वह अभी दुनिया के 12वें सबसे अमीर शख्स हैं। अगर बिटकॉइन की कीमत 370,000 डॉलर पहुंचती है, तब नाकामोतो की नेटवर्थ 370 अरब डॉलर होगी, इस तरह वह मस्क को पछाड़कर दुनिया के सबसे बड़े रईस बन जाएंगे। बिटकॉइन की कीमत 2010 में 0.5 डॉलर थी। एक साल बाद यानी 2011 में इसका प्राइस 31.9 डॉलर पहुंच गई लेकिन 2012 में घटकर 15.4 डॉलर रह गई। इसमें पहली बड़ी उछाल 2013 में आई और यह 1,241 डॉलर पहुंच गई। 2014 में यह 1,093 और 2015 में 492 डॉलर पर आ गई। 2016 में इसकी कीमत 982 डॉलर पहुंची और 2017 में 19,870 डॉलर पहुंच गई। साल 2018 और 2019 में इसमें गिरावट रही। 2020 में यह 29,298 डॉलर, 2021 में 68,990डॉलर, 2022 में 48,199, डॉलर 2023 में 44,697 डॉलर और 2024 में 108,244 डॉलर पहुंची।



## फ्लिपकार्ट ने रणवीर ब्रार, पूजा ढींगरा और आइकॉनिक ब्रांड लॉन्च के साथ फूड फेस्ट 2.0 में मनाया गॉमे फूड डिस्कवरी का जश्न



बोकारो। भारत के अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने 8-9 जुलाई को बेंगलुरु स्थित अपने कैंपस में 'फूड फेस्ट 2025' का भव्य आयोजन किया। इस दौरान 5-10 जुलाई तक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी क्यूरेटेड सेल का आयोजन हुआ। स्वाद, टेक्नोलॉजी और ब्रांड्स को जोड़ते इस फेस्ट में 25 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और 10 करोड़ से अधिक ऑनलाइन इम्प्रेशन दर्ज किए गए। कार्यक्रम की खास बात सेलिब्रिटी शेफ रणवीर ब्रार और पूजा ढींगरा के लाइव मास्टरशेफ सेशन रहे। रणवीर ब्रार ने कहा, 'भारतीय रीजनल फ्लेवर्स के साथ प्रयोग कर लोगों तक उसकी खुशबू और स्वाद पहुंचाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। फ्लिपकार्ट ने ऐसा मंच दिया जहां दर्शकों से सीधा जुड़ाव बना।' पूजा ढींगरा ने कहा, 'होम बेकर्स को मॉडर्न इंडियन डेजर्ट सिखाना बेहद रोमांचक रहा। यहां का जोश और फूड के प्रति लोगों की दीवानगी देखकर दिल खुश हो गया।' फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर निशांत दलाल ने कहा, 'हम गॉमे फूड डिस्कवरी, स्टोरीटेलिंग और कम्युनिटी-लेड कॉमर्स का नया युग शुरू कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य फ्लिपकार्ट को हर भारतीय का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बनाना है।' हैप्पिलो के संस्थापक और सीईओ विकास नाहर ने कहा, 'फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी से वाइब्रेंट इकोसिस्टम में हमारे प्रोडक्ट्स को शानदार प्रतिक्रिया मिली। ऑन-ग्राउंड और डिजिटल कनेक्ट बेहतरीन रहा।' जायडस वेलनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ललित आहूजा ने कहा, 'इस आयोजन ने विज्ञान आधारित हमारे वेलनेस सॉल्यूशन को ग्राहकों तक पहुंचाने का असरदार मंच दिया। उपभोक्ताओं से सीधा संवाद कर उनकी रुचियां समझने का मौका मिला।' कुल मिलाकर, फ्लिपकार्ट फूड फेस्ट 2025 स्वाद, टेक्नोलॉजी और ब्रांड एक्सपीरियंस का नया ट्रेंडसेटर बनकर उभरा है।

# चीन-भारत में दोस्ती के लिए ड्रैगन-हाथी डांस ही आगे बढ़ने का सही रास्ता

### उपराष्ट्रपति झेंग ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर



बीजिंग, (ईएमएस)। चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग ने सोमवार को बीजिंग में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात में दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया है। बैठक में झेंग ने भारत-चीन दोस्ती के लिए ड्रैगन-हाथी डांस का इस्तेमाल किया। इससे भारत-चीन के बीच सहयोग बेहतर करने की इच्छा का संकेत मिलता है। झेंग ने दोनों पक्षों से उच्च स्तरीय सहयोग बनाए रखने और एक-दूसरे की चिंताओं का ध्यान रखने पर जोर दिया। एस जयशंकर ने भी चीन के साथ बेहतर संबंधों के महत्व की बात कही।झेंग ने जयशंकर के साथ बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी की 2023 में कजान में हुई मुलाकात का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक एक निर्णायक क्षण थी, जिसने चीन-भारत संबंधों को फिर से शुरू करने में मदद की। चीन और भारत को एक-दूसरे की सफलता में सहायक साझेदार बनना चाहिए। इस सहयोग पर आगे बढ़ने के लिए ड्रैगन-हाथी डांस ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग केक साथ बैठक में कहा कि भारत-चीन संबंधों के निरंतर सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से अच्छे नतीजे निकलेंगे। जटिल वैश्विक स्थिति को देखते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच विचारों का खुला आदान-प्रदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस यात्रा की मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी। दोनों पक्षों के सकारात्मक बयानों को देखते हुए भारत-चीन के तनावपूर्ण रिश्ते में सुधार की उम्मीद है।बता दें बीजिंग पहुंचने के बाद एस जयशंकर ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि मुझे उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने उनसे चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन जताया है और विश्वास व्यक्त किया कि मेरी यात्रा में होने वाली चर्चाएं दोनों देशों के लिए सकारात्मक होंगी। जयशंकर चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। बता दें गलवान में 2020 में हुए सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है।

# बांग्लादेश में डेंगू मार रहा डंक खतरे में 64 जिलों के लोग

### विशेषज्ञों ने कहा-सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए तो गहरा जाएगा संकट

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में डेंगू डंक मार रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह एक देशव्यापी संकट बन जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे पर्याप्त नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशेषज्ञों ने कहा है जल्द कदम नहीं उठाए गए तो डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है।रिपोर्ट में डीजीएचएस के मुताबिक 24 घंटे में डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है। साथ ही 420 और लोग इससे पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है। देश में जो नए डेंगू के मामले सामने आए हैं, उनमें बरिशाल डिविजन में 116, चटगांव डिविजन में 79, ढाका डिविजन में 60, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन में 57 और ढाका नॉर्थ सिटी कॉरपोरेशन में 25 मरीज शामिल हैं।रिपोर्ट के मुताबिक कीट वैज्ञानिक ने यूनुस सरकार से कहा है कि फॉगिंग पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसके बजाय, मच्छरों के प्रजनन स्रोतों और उनके पनपने की जगहों को चिन्हित कर खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि फॉगिंग सिर्फ उन्हीं जगहों पर की जानी चाहिए जहां डेंगू के पुष्ट मामले सामने आए हैं। हर जगह फॉगिंग करने का कोई फायदा नहीं, लेकिन फिर भी सरकार इसको मुख्य तरीका बना रही है।उन्हेंने कहा कि अगर लोग अपने घरों और आस-पास की जगहों पर मच्छरों के पनपने की जगहें नहीं साफ करेंगे, तो डेंगू को रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने जोर दिया कि लोगों को जागरूक करना और समाज के सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। अब हर जिले में डेंगू का खतरा पहले से ज्यादा गंभीर है क्योंकि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर अब हर जिले में मौजूद है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों, डॉक्टरों और कीट वैज्ञानिकों का एकमत होकर मानना है कि डेंगू को रोकने के लिए जरूरी बचाव के काम लगातार नहीं हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि स्वास्थ्य प्रणाली में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है और डेंगू को रोकने या इलाज करने के लिए मजबूत योजना भी नहीं बनाई गई है। इसलिए, शहरों और गांवों में लोग डेंगू की चपेट में आसानी से आ जा रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यूक्रेन को हथियार बेचने की योजना के बीच नाटो महासचिव से ट्रंप की होगी मुलाकात

वाशिंगटन (ईएमएस)। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले है। यह मुलाकात तब हो रही है जब ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका नाटो सहयोगियों को हथियार बेचेगा, जिन्हें वे आगे यूक्रेन को दे सकते है।रूट सोमवार और मंगलवार को वाशिंगटन में रहने तथा ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ-साथ सांसदों से भी बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। वाशिंगटन पहुंचने पर ट्रंप ने कहा, ''मैं महासचिव (नाटो) से मुलाकात करूंगा जो कि कल पहुंच रहे हैं। हम उन्हें कई अत्याधुनिक हथियार भेजने वाले हैं और वे हमें उनके लिए पूरा भुगतान करने वाले है।ट्रंप के प्रमुख सहयोगी साउथ कैरोलाइना से रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि यह संघर्ष (रूस और यूक्रेन) अब एक निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि ट्रंप यूक्रेन की मदद करने में रूचि दिखा रहे हैं।

### ट्रंप 17-19 सितंबर के बीच ब्रिटेन की यात्रा पर आएंगे

लंदन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 17 से 19 सितंबर के बीच ब्रिटेन की यात्रा पर आएंगे और इस दौरान महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला 'विंडसर कैसल' में उनकी मेजबानी करने वाले है।'बकिंघम पैलेस' ने इसकी पुष्टि की कि तीन दिवसीय यात्रा के दौरान ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी रहेंगी। ट्रंप इससे पहले 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर आए थे। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरी राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है।ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर ने दूसरी राजकीय यात्रा के लिए महाराजा की तरफ से निमंत्रण फरवरी में 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में हुई एक बैठक के दौरान स्वयं ट्रंप को सौंपा था।स्टार्मर, ट्रंप से संबंधों को मजबूत करना और उनकी कुछ नीतियों का ब्रिटेन पर प्रभाव कम करना चाहते हैं, इसतरह माना जा रहा है कि ट्रंप की यात्रा उन्हीं प्रयास का हिस्सा है।पहले से भी ट्रंप और स्टार्मर के बीच संबंध अच्छे प्रतीत होते हैं और शायद यही वजह है कि ब्रिटेन को अमेरिका के उन शुल्क का सामना नहीं करना पड़ा है, जो अन्य देशों पर लगाए जा रहे हैं।

### यमन के हूती विद्रोहियों के हमले में जहाज डूबे

लंदन (ईएमएस)। लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बाद दो जहाज, इटरनिटी सी और मैजिक सीज डूब गए हैं। निजी सुरक्षा कंपनियों ने बताया कि चार लोगों के मरने की आशंका है और 11 अन्य लापता हैं। यूरोपीय संघ के ऑपरेशन एस्पाइड्स ने 10 लोगों को बचाया है, जिसमें फिलीपीनी, यूनानी और भारतीय नागरिक शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने कुछ नाविकों को अगवा करने का दावा किया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी दूतावास ने भी की है। जहाज के मालिकों ने लापता लोगों की तलाश बंद करने का फैसला किया है।

### केंटकी राज्य में अंधाधुंध गोलीबारी, दो महिलाओं की मौत

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के केंटकी राज्य के रिचमंड रोड बैपटिस्ट चर्च में एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी की, इस गोलीबारी में दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना में दो पुरुष भी घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। संदिग्ध हमलावर ने हवाई अड्डे के पास एक सैनिक को भी गोली मारकर घायल कर दिया, जिसके बाद उसका एक वाहन छीना और चर्च की ओर भागा। पुलिस ने संदिग्ध का पीछा कर चर्च में मार गिराया। लक्सिंगटन पुलिस विभाग मामले की जांच कर रहा है और ऐसा लगता है कि संदिग्ध चर्च में कुछ लोगों को जानता था।

### तानाशाह ने पुतिन का दिया साथ, यूक्रेन मामले पर रूस को बिना शर्त समर्थन

प्योंगयांग,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन मामले पर रूस को बिना शर्त समर्थन दे रहा है और हर कदम पर में पुतिन के साथ है। किम ने यह बात उत्तर कोरिया दौरे पर आए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से कही है। यूक्रेन युद्ध के लिए उ. कोरिया रूस की ओर से लड़ने के लिए सैनिक भेज रहा है और सैन्य सामग्री की आपूर्ति कर रहा है।उत्तर कोरिया के अभी तक 10 हजार सैनिक यूक्रेन भेजने की जानकारी है। इसके अतिरिक्त उत्तर कोरिया ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी रूस को दिया है। दक्षिणी कोरिया की खुफिया एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया अभी तक रूस को एक करोड़ 20 लाख तोप-टैंक के गोलों की आपूर्ति कर चुका है। लावरोव का तीन दिवसीय ताजा दौरा कोरियाई आपूर्ति पर वार्ता के लिए माना जा रहा है। किम और लावरोव की मुलाकात तटवर्ती शहर वोनसान में हुई है।

### पाकिस्तान में रामायण का मंचन, खूब मिली तालियां और तारीफ

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के करांची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन कर रहा है। सप्ताहांत में कराची आट्र्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का इस्तेमाल करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिल रही है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी देंगे।उन्होंने कहा कि मेरे लिए रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं ज्यादा सहिष्णु और समझदार है। करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छा रिस्पांस मिला और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की तारीफ की। कला और फिल्म समीक्षक ओमैर अलवी ने कहा कि वे कहानी कहने की ईमानदारी से प्रभावित हुए और प्रकाश व्यवस्था, संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और भावपूर्ण डिजाइन ने इस शो की भव्यता में चार चांद लगा दिए।

# अमेरिका में खालिस्तानियों के पास मिला अवैध हथियारों का जखीरा, जांच में जुटी पुलिस




वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में रह रहे खालिस्तानी अब वहां की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर रहे हैं। आए दिन धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ और भारत विरोधी गतिविधियों के चलते कई बार स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खालिस्तानियों की अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और तलाशी में भारी मात्रा में अवैध हथियार मिले हैं।अभियान में सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने स्टॉकटन पुलिस विभाग स्वाट, मैनटेका पुलिस विभाग स्वाट, स्टैनिस्लॉस काउंटी शेरिफ स्वाट और एफबीआई स्वाट टीम के साथ मिलकर कई अवैध हथियार जब्त किए। इनमें 5 हैंडगन, एक असॉल्ट राइफल, सैकड़ों गोलियां, हाई-कैपेसिटी मैगजीन और 15,000 डॉलर (लगभग 13 लाख रुपये) से अधिक नकदी शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों पर अपहरण, यातना, गैरकानूनी कारावास, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से हमला, आपराधिक साजिश और गैंग एक्ट के तहत उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मशीन गन, असॉल्ट हथियार और हाई-कैपेसिटी मैगजीन के अवैध कब्जे के आरोप भी शामिल हैं। अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और दूसरी टीमों ने खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें भारत में वांछित और प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का प्रमुख सदस्य पवित्तर सिंह बटाला भी शामिल है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में गिरफ्तार लोगों के नाम जारी किए, जिनमें दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, विशाल, पवित्तर सिंह बटाला, गुरताज सिंह, मनप्रीत रंधावा और सरबजीत सिंह शामिल हैं। शेरिफ ऑफिस ने गिरफ्तारी का वीडियो भी साझा किया, जिसमें बटाला को मुख्य संदिग्ध बताया गया।पवित्तर सिंह बटाला भारत में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से आतंकी गतिविधियों के लिए वांटेड है। वह पंजाब में उगाही, हथियार तस्करी और हत्या जैसे कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। लगभग छह महीने पहले उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। वह अमृतसर पुलिस जिले में 6 और बटाला पुलिस जिले में 2 मामलों में वांछित है। बटाला खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह रोडे के साथ मिलकर काम कर रहा था। यह गिरफ्तारी एक गैंग से संबंधित अपहरण और यातना मामले की चल रही जांच का हिस्सा है, जिसके तहत 11 जुलाई को सैन जोकिन काउंटी में 5 सर्च वारंट जारी हुए थे।

### ऑस्ट्रेलिया में जुटेंगे 19 देशों के 35 हजार सैनिक, चीन को हुई टेंशन

सिडनी,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास में दुनिया के 19 देशों के 35,000 से ज्यादा सैनिक भाग ले रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर सैनिकों के जुटने से चीन टेंशन में आ गया है। रक्षा विशेषज्ञ इसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावित तैयारी से जोड़कर देख रहे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका, भारत, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत कई बड़े देश शामिल हो रहे हैं। यह युद्धाभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा और पहली बार ऑस्ट्रेलिया के बाहर पापुआ न्यू गिनी में यह आयोजित किया जा रहा है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने बताया कि इस दौरान चीन के जासूसी जहाजों के नजर रखने की संभावना है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछली बार भी चीनी निगरानी जहाज समुद्री अभ्यासों पर नजर रखते थे और इस बार भी चीन नजर रखेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इतना बड़ा बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को कड़ा संदेश देगा।

# अमेरिका ने बदली डिफेंस स्ट्रैटजी, अब सस्ते हथियारों का करेगा निर्माण



वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका ने अपनी डिफेंस स्ट्रैटजी में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए सस्ते हथियारों के निर्माण करने का फैसला किया है। अमेरिकी हथियार महंगे होते हैं, जबकि चीन और रूस काफी कम कीमत पर हथियारों का निर्माण करते हैं। ऐसे में अमेरिका ने रक्षा रणनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव करते हुए ड्रोन को अब हाई-टेक हवाई जहाज नहीं, बल्कि बंदूकों में इस्तेमाल होने वाले बुलेट की तरह देखने का फैसला किया है।अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने एक मेमो पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि अब से ड्रोन डेवलपमेंट, खरीद और तैनाती में किसी भी तरह की देरी या नौकरशाही अड़चन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिका की युद्ध नीति में ये बदलाव चीन और रूस के मॉडर्न हथियारों को देखते हुए लिया गया है। खासकर आधुनिक युद्ध में ड्रोन का काफी घातक तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। चाहे भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष हो या फिर इजराइल-ईरान युद्ध या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध... इन संघर्षों से पता चलता है कि जिसके पास अत्याधुनिक ड्रोन हैं, वो बढ़त ले सकता है।रक्षा सचिव के मुताबिक आधुनिक युद्ध सिर्फ भारी टैंकों और मिसाइलों से नहीं, बल्कि सस्ते, फुर्तीले और घातक ड्रोन के जरिये भी लड़ा जाएगा। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब रूस और यूक्रेन जैसे देश सालाना लाखों ड्रोन बना रहे हैं। रूस इस साल करीब 40 लाख ड्रोन बनाने जा रहा है, जबकि यूक्रेन ने थोड़ा और आगे बढ़कर करीब 45 लाख ड्रोन बना रहा है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि ड्रोन, युद्ध की दिशा और दशा तय करने लगे हैं और अमेरिका पीछे नहीं रहना चाहता।

रिपोर्ट के मुताबिक इस नीति की सबसे खास बात ये है कि अब सभी अमेरिकी सेना की स्क्वॉड यूनिट्स को 2026 तक वन-वे अटैक ड्रोन से लैस किया जाएगा। यह सस्ते ड्रोन एक बार इस्तेमाल के लिए होंगे ।

# चीन में अनोखी परंपराः जीवित मां को ताबूत में बैठाकर बेटे ने निकाली शोभायात्रा



बीजिंग,(ईएमएस)। चीन के हुनान प्रांत से एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी 70 वर्षीय जीवित मां को ताबूत में बैठाकर मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली। इस जुलूस में गाजे-बाजे और पारंपरिक धुनों के साथ 16 लोगों ने ताबूत को उठाया और पूरे मोहल्ले का चक्कर लगाया।पहली नजर में यह अजीब लगने वाली घटना दरअसल चीनी सांस्कृतिक मान्यताओं से जुड़ी है। इस मामले में बेटे का कहना था कि ऐसा करने से उसकी मां को अच्छी किस्मत, लंबी उम्र और शांति का आशीर्वाद मिलेगा। वहीं इस आयोजन में शामिल हुए एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि चीनी संस्कृति में ताबूतों को अशुभ नहीं, बल्कि शुभ माना जाता है। चीनी भाषा में ताबूत को "गुआनकाई" कहा जाता है, जिसका उच्चारण गुआनक्सी जैसा लगता है। "गुआनक्सी" का अर्थ होता है धन, सौभाग्य और संबंधों की प्रगाढ़ता।यह परंपरा इस विचार पर आधारित है कि यदि कोई जीवित बुजुर्ग व्यक्ति ताबूत का अनुभव करता है, तो यह एक तरह से उन्हें सम्मान देने, उनकी लंबी उम्र की कामना करने और जीवन के प्रति आभार जताने का तरीका है।ऐसे आयोजनों को स्थानीय स्तर पर "जीवन के उत्सव" के रूप में देखा जाता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में यह बुजुर्गों के सम्मान का प्रतीक बन चुका है, जहां परिवार यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें जीते जी वह सम्मान और प्रेम मिले, जो अक्सर मृत्यु के बाद दिखाया जाता है। हालांकि, आधुनिक शहरी क्षेत्रों में इस परंपरा को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं भी मिलती हैं। कुछ लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं, जबकि कई इसे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में बचाए रखने के पक्ष में हैं।यह घटना न सिर्फ चीनी समाज की विविध परंपराओं को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि सम्मान और सौभाग्य की कामना के लिए संस्कृतियां कितने अलग-अलग तरीकों का सहारा लेती हैं — कभी ताबूत में बैठाकर, तो कभी जश्न मनाकर।

# एआई टूल्स पैसे कमाने का बेहतरीन विकल्प




वॉशिंगटन (ईएमएस)। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर वीडियो बनाकर पैसे कमाने के अवसर अब पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गए हैं। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वीडियो जनरेशन टूल्स एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर सामने आए हैं। ये टूल्स उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद हैं जो क्रिएटिव तो हैं लेकिन कैमरे के सामने आना नहीं चाहते या तकनीकी झंझटों में नहीं पड़ना चाहते। एआई वीडियो दरअसल ऐसे वीडियो होते हैं जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया जाता है। इसमें यूजर को सिर्फ टेक्स्ट इनपुट देना होता है और एआई खुद ही वीडियो तैयार कर देता है।इसमें वॉयसओवर, एनिमेटेड अवतार, बैकग्राउंड और मूवमेंट जैसी सभी चीजें अपने आप जुड़ जाती हैं और तैयार वीडियो किसी प्रोफेशनल स्टूडियो में बने वीडियो जैसा ही लगता है। आज कई ऐसे पॉपुलर एआई टूल्स हैं जिनकी मदद से मिनटों में शानदार वीडियो बनाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए सिंथेसिया.आईओ एक ऐसा टूल है जिसमें कैमरे की जरूरत नहीं पड़ती और यूजर टेक्स्ट डालकर अवतार और वॉयसओवर के साथ वीडियो बना सकता है। यह 120 से ज्यादा भाषाओं को सपोर्ट करता है, जिससे दुनिया के किसी भी हिस्से के दर्शकों के लिए वीडियो बनाना आसान हो जाता है। इसी तरह पिक्टोरी.एआई ऐसा टूल है जो ब्लॉग या आर्टिकल को वीडियो में बदल सकता है। यह सोशल मीडिया के लिए छोटी और आकर्षक क्लिप्स बनाने के लिए बहुत बढ़िया है और इसमें ऑटोमैटिक सबटाइटल की सुविधा भी मिलती है। लूमेन 5 एक और लोकप्रिय टूल है जो टेक्स्ट को सुंदर स्लाइड शो वीडियो में बदल देता है। यह यूट्यूब शॉर्ट्स और इंस्टाग्राम रील्स जैसे प्लेटफॉर्म्स के लिए उपयोगी है जहां कम समय में ज्यादा जानकारी देनी होती है। इनविडियो भी एक शानदार टूल है जिसमें कस्टम टेम्पलेट्स और एआई-जनरेटेड स्क्रिप्ट की सुविधा मिलती है और यह एजुकेशनल या मार्केटिंग वीडियो बनाने के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन सकता है।अब सवाल यह है कि इन एआई वीडियो से पैसे कैसे कमाए जाएं। इसके कई तरीके हैं। सबसे आसान तरीका है यूट्यूब चैनल शुरू करना। एआई टूल से बने वीडियो अपलोड करके व्यूज और सब्सक्राइबर बढ़ाकर एडसेंस मोनेटाइजेशन से कमाई की जा सकती है। इसके अलावा इंस्टाग्राम रील्स और फेसबुक वीडियो पर भी छोटे-छोटे एआई वीडियो अपलोड करके इंस्टाग्राम के रील्स बोनस प्रोग्राम और ब्रांड डील्स से अच्छी कमाई की जा सकती है। फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे फीवर और अपवर्क पर भी इन वीडियो बनाने की सेवा बेचकर पैसा कमाया जा सकता है, क्योंकि बहुत से लोग ऐसे वीडियो के लिए फ्रीलांसर ढूंढते हैं। साथ ही, एआई वीडियो के जरिए किसी प्रोडक्ट या सर्विस की मार्केटिंग भी की जा सकती है और हर बिक्री पर कमीशन पाया जा सकता है।

### चीन-पाक-बांग्लादेश बनाना चाहते हैं नया सार्क, नेपाल ने किया साफ इनकार

काठमांडू,(ईएमएस)। नया सार्क बनाने की चाल चल रहे पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश को झटका लगा है। नेपाल ने साफ कहा है कि वह नए सार्क को बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। नेपाल इस समय सार्क का अध्यक्ष है और चाहता है कि सार्क को ही फिर से प्रासंगिक बनाया जाए और उसमें भारत की पूरी भागीदारी हो। नेपाल में ही वर्तमान सार्क का सचिवालय है। इससे पहले पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की एक बैठक हुई थी। इसके बाद भारत को घेरने के लिए नए सार्क के प्लान का खुलासा हुआ था। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसका नया सार्क बनाने का कोई इरादा नहीं है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने नेपाल को इस नए सार्क में शामिल करने के लिए नहीं कहा है। इस मामले से जुड़े नेपाली सूत्रों का कहना है कि काठमांडू की चीन और पाकिस्तान के प्लान में शामिल होने की कोई इच्छा नहीं है। इससे पहले आखिरी सार्क शिखर सम्मेलन काठमांडू में 2014 में हुआ था। 19वां सार्क शिखर सम्मेलन 2016 में इस्लामाबाद में होना था। भारत को इसमें शामिल होना था लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों के उरी हमले के बाद इस फैसले को स्थगित कर दिया गया था।चीन और पाकिस्तान दोनों मिलकर दक्षिण एशिया के अपने समर्थक देशों के साथ मिलकर एक नया ग्रुप बनाना चाहते हैं जिसमें भारत शामिल नहीं होगा। भूटान भारत का करीबी देश है तो उसके शामिल होने की संभावना भी नहीं है। यह भी संभव है कि चीन और पाकिस्तान भूटान को न्योता नहीं दें। पिछले महीने चीन के कुनमिंग शहर में हुई बैठक के बाद यह साफ हो गया था कि इस नया सार्क बनाने की योजना में चीन पूरी तरह से शामिल है। पाकिस्तान पहले भी चाहता था कि चीन को सार्क में शामिल किया जाए ताकि भारत के प्रभाव को कम किया जाए सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ।चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का इरादा आर्थिक एकीकरण, आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने का है। चीन ऐसे समय पर यह कदम उठा रहा है जब नई दिल्ली और बीजिंग के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं।

## लॉर्ड्स में नहीं चला भारतीय टीम का जादू

# विदेशी धरती पर दूसरी सबसे करीबी हार; सीरीज 2-1 पर पहुंची



लंदन इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन मेजबानों ने भारतीय टीम को 170 के स्कोर पर ऑलआउट किया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।सोमवार को लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन मेजबानों ने भारतीय टीम को 170 के स्कोर पर ऑलआउट किया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले बेन स्टोक्स की टीम ने भारत को लीड्स टेस्ट में पांच विकेट से हराया था। वहीं, भारतीय टीम ने दूसरा टेस्ट (एजबेस्टन टेस्ट) 336 रन से जीता था। बता दें कि, विदेशी धरती पर यह भारतीय टीम की दूसरी सबसे करीबी हार है। इससे पहले टीम को 1977 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में 16 रनों से शिकस्त मिली थी।

| (रन से) | विपक्षी टीम | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| 16 रन | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1977 |
| 22 रन | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 2025 |
| 31 रन | इंग्लैंड | बर्मिंघम | 2018 |
| 38 रन | ऑस्ट्रेलिया | एडिलेड | 1992 |
| 38 रन | वेस्टइंडीज | बारबाडोस | 1997 |

लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए। उनके लिए जो रूट ने 104 और जेमी स्मिथ व ब्रायडन कार्स ने क्रमशः 51 और 56 रनों की पारियां खेलीं। इसके बाद भारत ने भी 10 विकेट पर 387 रन ही बनाए। उनकी तरफ से केएल राहुल ने 100, ऋषभ पंत ने 74 और रवींद्र जडेजा ने 72 रनों की पारियां खेलीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए और भारत के सामने 193 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारतीय टीम हासिल नहीं कर पाई और 170 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।भारत की दूसरी पारी झटके के साथ शुरू हुई। कुल पांच के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को विकेट के पीछे जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और करुण नायर ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 36 रन जोड़े। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। उन्होंने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 33 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी कुछ बड़ा कारनामा करने से नाकाम रहे। उन्हें भी कार्स ने ही एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने नाइट वॉचमैन के तौर पर आए आकाश दीप को बोल्ड कर दिया। वह 11 गेंदों में सिर्फ एक रन बना पाए। दूसरे दिन का खेल 58/4 के स्कोर से शुरू हुआ। पहले सत्र में टीम ने तीन विकेट गंवाए। लंच से पहले भारत ने ऋषभ पंत (9 रन), केएल राहुल (39 रन) के विकेट गंवाए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर खाता नहीं खोल सके। फिर नीतीश (13) भी पवेलियन लौटे। दूसरे सत्र में जडेजा को जसप्रीत बुमराह का साथ मिला। दोनों के बीच 132 गेंदों में 35 रनों की साझेदारी हुई, जिसे बेन स्टोक्स ने तोड़ा। उन्होंने बुमराह को सैमुअल कुक के हाथों कैच कराया। वह 54 गेंदों में पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जडेजा को मोहम्मद सिराज का साथ मिला। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 80 गेंदों में 23 रन जोड़े। सिराज को शोएब बशीर ने बोल्ड किया। वह चार रन बना पाए जबकि जडेजा 181 गेंदों में 61 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 150 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 25वां अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि ब्रायडन कार्स को दो सफलता मिलीं। वहीं, क्रिस वोक्स और शोएब बशीर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।वाशिंगटन सुंदर की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 192 रन पर ऑलआउट कर दिया। चौथे दिन पहले सत्र में मोहम्मद सिराज ने कहर बरपाया और बेन डकेट के अलावा ओली पोप को पवेलियन की राह दिखाई। डकेट 12 और पोप चार रन बना पाए। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी ने जैक क्राउली को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। वह 49 गेंदों में 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस सत्र में इंग्लैंड को चौथा झटका आकाश दीप ने दिया।

## इंग्लैंड अंडर-19 टीम ने 239 रनों पर ही पांच विकेट खोये



लंदन (ईएमएस)। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने कपतान आयुष म्हात्र के शतक से यहां मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट मैच में 540 रन बनाये हैं। जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड की अंडर-19 टीम रॉकी फ्लिंटॉफ के 93 रनों की सहायता से दिन का खेल समाप्त होने के समय तक 5 विकेट पर 239 रन ही बना पायी। मेजबान टीम अभी इस मैच में भारतीय जूनियर टीम ने 310 रन पीछे हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय थॉमस रेव तीन रन पर खेल रहे थे। एकनाथ सिंह ने खाता नहीं खोला था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची वॉन और इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जो के भतीजे जेडन डेनली के शुरुआत में ही आउट होने के बाद रॉकी और कप्तान हमजा शेख ने 84 रन बनाये। इस जोड़ी ने उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 154 रन बनाकर इंग्लैंड को दो विकेट पर 191 रन तक पहुंचाया।

भारतीय अंडर-19 टीम के वैभव सूर्यवंशी ने स्पिन गेंदबाजी से शेख को पेवेलियन भेजा। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने सुबह सात विकेट पर 450 रन से आगे खेलते हुए आरएस अंबरीश के 70 रनों की सहायता से कुल स्कोर में 90 रन और बनाये। .



न्यूजर्सी में फीफा क्लब फुटबॉल विश्वकप में जीत के बाद चेलसा के रीस जेम्स ट्रॉफी उठाये हुए।

## शुभमन इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने




लॉर्ड्स (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट में भले ही अधिक रन नहीं ना पाये पर इस मैच में उन्होंने एक महत्वपूर्ण रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन दूसरी पारी में 9 रन ही बना पाये पर इस दौरान वह भारत-इंग्लैंड सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। इससे पहले ये रिकार्ड राहुल द्रविड़ के नाम था। शुभमनल ने शुरुआती दो टेस्ट मैच शतक और एक दोहरा शतक लगाकर दो दशक पुराना सबसे अधिक रनों का रिकार्ड तोड़ा। इस सीरीज में अब तक शुभमन ने 6 पारियों में सबसे अधिक 603 रन बनाये हैं। इसी के साथ ही वह इंग्लैंड में मेजबानों के खिलाफ किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सबसे ऊपर हो गये हैं। इससे पहले द्रविड़ ने साल 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में 602 रन बनाए थे। वहीं इस सूची में विराट कोहली 593 रन के साथ तीसरे जबकि सुनील गावस्कर 542 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं। कोहली ने साल 2018 में जबकि गावस्कर ने 1979 में ये उपलब्धि हासिल की थी। इस मैच में भारतीय टीम ने 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन तक चार विकेट खो दिये। भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद करुण नायर 14 और कप्तान शुभमन 06 रनों पर पेवेलियन लौट गये। ऐसे में अब अंतिम दिन भारतीय टीम को 135 रन चाहिये जबकि उसे पास छह विकेट हैं। के एल राहुल 33 रन पर खेल रहे थे।

## सुंदर को भारतीय टीम के जीतने की उम्मीद



लॉर्ड्स (ईएमएस)। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतने में सफल रहेगी। तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 58 रन बनाये हैं और उसे अंतिम दिन जीत के लिए 135 रन और बनाने हैं। वहीं मेजबान इंग्लैंड टीम को इस जीत को यादगार बनाने केवल छह विकेट चाहिये। नासिर हुसैन और कुमार संगकारा से बात करते हुए सुंदर ने कहा, "निश्चित रूप से भारतीय टीम पहले ही सत्र में ये मैच जीतेगी।" जब उनसे पूछा गया कि मैच कब तक समाप्त हो जाएगा तो, सुंदर ने कहा, "शायद लंच के बाद।"उन्होंने कहा "हमने चौथे दिन एक विकेट के नुकसान पर रन बनाये होते तो अच्छा होता। हमने जिस प्रकार से गेंदबाज की और जिस प्रकार से दबाव बनाए रखा, वह अद्भुत था।" दूसरी पारी में सुंदर ने 12.1 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने लंच के बाद के सत्र में जो रूट को आउट कर अपना विकेट गंवाया और फिर जेमी स्मिथ को क्लीन बोल्ड किया। रूट ने 96 गेंदों में 40 रन बनाए जबकि स्मिथ केवल 8 रन ही बना पाये। तीसरे सेशन में सुंदर ने स्टोक्स को 33 रन पर ही आउट कर दिया। इसके बाद शोएब बशीर को 2 रन पर पेवेलियन भेजा। भारतीय टीम की ओर से सुंदर के अलावा, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने भी दो-दो विकेट लिए।



लंदन में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में ट्रॉफी के साथ उत्साहित होती हुई रुस की वैरोनिका कुडरमेटोवा व बेल्जियम की एलिसी मार्टिन।

## मार्करम, हीली को पुरुष और महिला वर्ग से प्लेआर ऑफ द मंथ अवार्ड

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम को जून महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। मर्कराम ने डब्ल्यूटीसी 2025 के फाइनल में शतक लगाकर दक्षिण अफ्रीकी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं महिला वर्ग में ये अवार्ड वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हीली मैथ्यूज को दिया गया है। मैथ्यूज ने चौथी बार ये खिताब पर कब्जा जीता और वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली विश्व की दूसरी महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने चार बार ये अवॉर्ड अपने नाम किया है।

मार्करम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल की दूसरी पारी में 207 गेंदों में 136 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 147 रनों की साझेदारी कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ निभाई थी। इसके अलावा 2 विकेट भी उन्होंने लिए थे। मार्करम की पारी से ही दक्षिण अफ्रीकी टीम को जीत मिली थी। वहीं मैथ्यूज ने घरेलू धरती पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जबरदस्त खेल दिखाकर चौथी बार खिताब जीता। मैथ्यूज ने इससे पहले नवंबर 2021, अक्टूबर 2023 और अप्रैल 2024 में भी ये अवार्ड जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद यह पुरस्कार चार बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने सीरीज में चार विकेट भी लिए थे। इसके अलाव 2-1 से टी20 सीरीज की जीत में भी उनकी अहम भूमिका रही थी।

## बोलैंड ने बनाया रिकॉर्ड



जमैका (ईएमएस)। जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में युवा ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत का रिकॉर्ड बनाया है। बोलैंड साल 1915 के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट में 2000 गेंदें फेंकने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत वाले टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। बोलैंड का वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 3-34 का गेंदबाजी औसत आया। रहा टेस्ट गेंदबाजी औसत अब 17.33 हो गया है। ये टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 1900 के बाद से ही बोलैंड से इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही आगे रह हैं, जबकि बोलैंड से ऊपर के अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक के हैं और टेस्ट क्रिकेट के शुरुआती दौर में हैं। बोलैंड की गेंदबाजी से इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को केवल 143 रनों पर ही आउट कर दिया। बोलैंड ने वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल को 36 जबकि शाई होप को 23 रन पर पेवेलियन भेज दिया। उन्होंने शमर जोसेफ को आउट कर अपनी टीम को 82 रनों दिला दी। वेस्टइंडीज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी में 99 रनों पर ही छह विकेट गिरावट 181 रनों की बढ़त बना ली। 1915 से सक्रिय क्रिकेटरों का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाजी औसत (न्यूनतम 2000 गेंदें) स्कॉट बोलैंड (2021-वर्तमान) 17.33 पर 59 विकेट , बर्ट आयरनमॉन्गर (1928-1933) 17.97 पर 74 विकेट, फ्रैंक टायसन (1954-1959) 18.56 पर 76 विकेट, अक्षर पटेल (2021-वर्तमान) 19.34 पर 55 विकेट, जसप्रीत बुमराह (2018-वर्तमान) 19.48 पर 217 विकेट



स्विटजरलैंड में यूईएफए यूरो कप महिला फुटबॉल में खेलती हुई इंग्लैड व वेल्स की टीमें।

## प्रीति जिंटा भी विंबलडन फाइनल देखने पहुंची

लंदन (ईएमएस)। अभिनेत्री प्रीति जिंटा खेलों की शौकीन हैं, वह अपने पति के साथ जैनिक सिनर और कार्लोस अल्कराज के बीच हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल को देखने पहुंची। सोशल मीडिया में इस मैच की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी आये हैं। इसमें वह अभिनेत्र पोल्का-डॉटेड नीली ड्रेस में नजर आईं, जबकि उनके पति सफेद शर्ट, नीले ब्लेजर और ट्राउजर में नजर आए। वहीं कुछ एक तस्वीरों में दोनों के कई दोस्त भी नजर आ रहे हैं। एक क्लिप में वह गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा झलती भी देखी जा सकती हैं। तस्वीरें साझा करते हुए प्रीति ने लिखा, " यह सप्ताह शानदार रहा। हमने टेनिस का एक जबरदसत मैच देखा। विंबलडन में पुरुषों का फाइनल बहुत ही शानदार रहा। जैनिक सिनर को अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने पर बधाई ।"सिनर ने स्पेन के कार्लोस अल्कराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल जीता। यह ऐतिहासिक मुकाबला तीन घंटों तक चला।

## रूट पर अंपायर रीफेल के फैसले से गावस्कर नाराज, ट्रॉट भी हैरान हुए

लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने अंपयरिंग स्तर की आलोचना की है। बचे हैं। मैच में कमेंटरी कर रहे गावस्कर अंपायर पॉल रीफेल के जो रूट को नाट आउट देने पर भड़क गये। गावस्कर ही नहीं इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट भी अंपायर के फैसले से हैरान नजर आये। जब ये हुआ तक रूट 36 रन बनाकर खेल रहे थे। मोहम्मद सिराज की एक गेंद टप्पा खाने के बाद सीधे उनके पैड से टकराई। गेंद लाइन में पिच हुई थी और पैड से नहीं टकराती तो सीधे लेग स्टंप उड़ जाता। सिराज और भारतीय टीम ने रुप के खिलाफ जोरदार अपील की पर अंपायर ने उसे खारिज कर दिया।

अंपायर के फैसले से कप्तान शुभमन गिल भी नाराज नजर आये। भारत ने रिव्यू लिया। रीप्ले में साफ दिखा कि गेंद लाइन में थी और लेग स्टंप से टकराती। फिर भी अंपायर ने रुट के पक्ष में फैसला दिया। इसपर गावस्कर ने कहा, मैं यह नहीं कर सकता कि गेंद इतनी ज्यादा मूव हुई है। आप कह रहे हैं कि यह लेग स्टंप से टकराने जा रही थी? बिल्कुल नहीं। यह लेग स्टंप उड़ाने जा रही थी। भारत के लिए राहत की बात केवल यह है कि उसे रिव्यू




## डब्लयू डब्यलू डब्ययू में ऑर्टन ने मैकइंटायर को हराया

अटलांटा (ईएमएस)। जॉर्जिया के स्टेट फार्म एरिना में हुए डब्लयू डब्यलू डब्ययू मुकाबले में रेसलर रैंडी ऑर्टन ने आसानी से जीत हासिल की है। ऑर्टन ने इसमें मैकइंटायर को एक रोमांचक मुकाबले में हराया। इस मुकाबले में रिंग के अंदर काफी उथल-पुथल हरी। वहीं रिंग के बाहर भी लोगन और जेली के बीच झगड़े से लोग उत्सहित दिखे। ऑर्टन और मैकइंटायर के बीच हुए इस मुकाबले से पहले ऑर्टन और कोडी रोड्स के बीच भिड़ंत हुई थी। जिसके बाद ऑर्टन ने गुस्से में आकर मैकइंटायर को आकेओ दे दिया था। इसके बाद 11 जुलाई को स्मैकडाउन में मैकइंटायर ने भी ऑर्टन को क्लेमोर किक मारी थी, जिससे इस मुकाबले की उत्सुकता और बढ़ गई थी। इस बार, जेली रोल ऑर्टन के साथ रिंग में थे, जबकि लोगन पॉल मैकइंटायर की ओर से शामिल थे।मुकाबले के दौरान, मैकइंटायर ने ऑर्टन पर लगातार वार किए और उनसे पूछा कि उन्हें क्या हुआ है। ऑर्टन ने भी मैकइंटायर के हमलों का पूरी ताकत से जवाब दिया। तीसरी बार जब ऑर्टन ने मैकइंटायर को पटकने की कोशिश की, तो उनका सामना लोगन पॉल से हुआ। मैकइंटायर ने इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश की और ऑर्टन के गले पर वार किया। लेकिन, ऑर्टन ने तुरंत डीडीटी दिया। मैच के निर्णायक क्षणों में, लोगन पॉल और जेली रोल के बीच रिंग के बाहर भिड़त हो गई। पॉल ने जेली रोल को कई बार धक्का दिया, जिसके बाद जेली रोल ने पॉल को गिरा दिया।

# लिवरपूल ने प्रेस्टन को 3-1 से हराया

## डिओगो की याद में काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी








लंदन (ईएमएस)। लिवरपूल ने प्रेस्टन नॉर्थ एंड को 3-1 से हराकर 2025-26 प्री फुटबॉल सीजन की अच्छी शुरुआत की है। इस मैच से पहले लिवरपूल ने अपने दिवंगत खिलाड़ी डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि दी। डिओगो और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार हादसे में मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने डिओगो और उनके भाई आंद्रे की याद में एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम भावुक हो गया।

डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में गोल करने के बाद जोटा के अंदाज में ही जश्न मनाया। वहीं कोडी गाकपो ने जोटा की शर्ट नंबर 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हो गये। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के अंत में गाले किया। ब्रेक केबाद नुनेज ने एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त दोगुनी कर दी।

वहीं गैकपो ने अंतिम मिनटों में एक गोल किया। वहीं प्रेस्टन की ओर से एकमात्र गोल लियाम लिंडसे ने किया।

# सिनर ने अल्काराज को हराकर विंबलडन खिताब जीता

लंदन (ईएमएस)। इटती के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर नये विम्बलडन टेनिस चैम्पियन बनकर उभरे हैं। सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अपना चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। सिनर का ये पहला विम्बलडन खिताब है। इस जीत के साथ ही सिनर ने अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे। इसमें फ्रेंच आपन की जीत भी शामिल है। सिनर ने इस बार फाइन में कोई गलती नहीं की। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। अल्काराज सेंटर कोर्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक अंक का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार अंक अपने नाम कर जीत हासिल कर ली। सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी।



## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय रामजी यादव के मूर्ति का 99 ग्रुप ऑफ़ कम्पनी के सीएमडी श्याम पांडे ने किया अनावरण



धनबाद, टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम मे आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय राम जी यादव के मूर्ति का अनावरण किया गया l इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 99 ग्रुप ऑफ़ कंपनी के सीएमडी श्याम पांडे के हाथों द्वारा मूर्ति का अनावरण किया गया l तत्पश्चात आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की धर्मपत्नी नीतू सिंह, एवं ओमकार मिश्रा नें दोनों दोस्तों के मूर्ति पे माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई lमौके पर आश्रम के प्रशांत वर्मा, डॉo डी शरण, बी सुधीर, सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, नीतू तिवारी, रामनाथ मिश्रा, अशरफ अली उर्फ छोटू, मधुवेन्द्र सिंह, सुबल सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भी उनके मूर्ति पर माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी l वही इस मौके पर आश्रम में रह रहे बुजुर्ग लोगों को श्याम पांडे एवं नीतू सिंह ने अपने हाथों से खाना खिलाया एवं बुजुर्ग लोगों के साथ कुछ पल बिताया l वही मीडिया से बात करते हुए 99 ग्रुप ऑफ़ कंपनी के सीएमडी श्याम पांडे ने कहा कि जिन्होंने मुझे आश्रम में जोड़ा था, आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय राम जी यादव उन लोगों का मूर्ति का अनावरण मेरा हाथों किया गया l आज मैं तहे दिल से ओमकार मिश्रा को धन्यवाद देता हूं l जिन्होंने मूर्ति स्थापित करने में सहयोग किया एवं मैं तहे दिल से आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं आश्रम के सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि आप लोग इन दोनों दोस्तों के सपने को पूरा कर रहे हैं, वही स्वर्गीय मनोरंजन सिंह के धर्मपत्नी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं की आश्रम में इन दोनों दोस्तों का मूर्ति का अनावरण किया गया l

वहीं आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि आज मेरे दोस्त एवं आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह का पुण्यतिथि है और आज मैं बहुत खुश हूं कि आज आश्रम में मेरा दोनों दोस्त स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय रामजी बाबू का मूर्ति आश्रम में स्थापित किया गया एवं मैं तहे दिल से ओमकार मिश्रा को धन्यवाद देता हूँ l जिन्होंने आश्रम में मूर्ति स्थापित करने में बहुत बड़ा सहयोग रहा , मैं तहे दिल से श्याम पांडे जी का धन्यवाद देता हूं l जिन्होंने आश्रम समय दिया एवं मूर्ति का अनावरण किया l

सावन का पहला सोमवार

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का जन शैलाब

## हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गुंजायमान रहा मंदिर परिसर



गिरिडीह (ईएमएस)। सावन महीने की पहली सोमवारी को लेकर जिले भर में शिवभक्तों में खासा उत्साह है। सोमवार अहले सुबह से ही शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। हर हर महादेव और बोलबम के जय घोष से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है. श्रद्धालु पूरे आस्था और विश्वास के साथ अपने मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु औघड़दानी भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सावन महीने में पहले सोमवार पर जिलामुख्यालय के बाभनटोली शिव पार्वती मंदिर, हनुमानगढ़ मंदिर, राजेन्द्र नगर स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर, पुलिस लाइन शिव मंदिर, दर्जी मुहल्ला स्थित पुरातन शिवालय, मकतपुर स्थित पंच मंदिर, बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर, जेपी चौक स्थित पंच मंदिर में जहां भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं जिलामुख्यालय से महज 8 किलो मीटर दूर उदनाबाद पंचायत के जामबाद स्थित बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालु दुखहरन बाबा पर जलाभिषेक के लिए लम्बी कतार में खड़े हो अपनी बारी का इंतजार करते देखे। मंदिर परिसर बोल बम के जय घोष से पूरी तरह गुंजायमान है। वहीं सावन के पहली सोमवारी पर गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा स्थित नर्मदा धाम एवं दीवान टोला स्थित शिव मंदिर के साथ जिले के जमुआ के झारखण्ड धाम मंदिर तथा बगोदर के हरिहर धाम मंदिर में भी शिवलिंग पर जलाभिषेक करने वालों श्रद्धालु शिवभक्तों का तांता लगा रहा। वहीं लाउडस्पीकर पर बजने वाले शिव भजनों व गीतों से पूरे शहर व जिले का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ है मान्यता है कि सावन महीने के सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करने तथा उन्हें बेलपत्र और दूध से अभिषेक करने से जीवन में सुख, शांति और मानसिक स्थिरता की प्राप्ति होती है। वहीं उपवास रहकर सोमवारी का व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यूं तो सावन महीने का हर दिन काफी शुभ और पवित्र होता है। लेकिन खास कर सोमवार के दिन का इस महीने में काफी महत्व है। इस दिन शिव मंत्रों का जाप करने, शिव स्तुति का पाठ करने और व्रत रखने से शिव भक्तों को भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उनके तथा उनके परिवार के जीवन में आने वाली सभी समस्याएं दूर होती हैं। दुःखहरणनाथ धाम मंदिर के पुजारी सर्वेश पाण्डेय ने बताया कि सावन का महीना काफी पवित्र और बहुत ही ख़ास होता है। इस पवित्र महीने में सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने एवं महामृत्युंजय मंत्र और गायत्री मंत्र का पाठ कर शिवलिंग का अभिषेक और पूजन करने से सभी कष्ट दूर हो जाती है। साथ ही भक्तों के सभी दोष समाप्त हो जाती है।

## सावन की पहली सोमवारी पर हरिधाम में लगा श्रद्धालुओं का तांता



गिरिडीह (ईएमएस)। सावन माह की पहली सोमवारी पर जिले के बगोदर प्रखण्ड में स्थित विशालकाय हरिहर धाम मंदिर में पूजा अर्चना व जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालु शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। यहां महिला पुरुष सभी शिव भक्त पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपनी मनोवांछित इच्छाओं की पूर्ति हेतु भगवान शिव से मंगलकामना की प्रार्थना कर रहे हैं। बता दें कि 65 फीट ऊंचाई वाले शिवलिंगाकार इस मंदिर का अंदरूनी भाग बेहद मनमोहक है। मंदिर के अंदर भगवान शंकर का शिवलिंग विराजमान है। वहीं शिवलिंग के सामने नंदी महाराज विराजमान है। साथ ही मंदिर परिसर में ही मां पार्वती, भगवान गणेश, हनुमान, राधा कृष्ण समेत अन्य देवी-देवताओं की भव्य मूर्तियां विराजमान हैं। यहां श्रद्धालु भक्तों का तांता सालों भर लगा रहता है। सावन के महीने में यह मंदिर आकर्षण का केंद्र बना रहता है। श्रद्धालु यहां पहुंच अपनी मन्नतें मांगते हैं।


# भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार नाबालिग समेत दो की दर्दनाक मौत




गिरिडीह (ईएमएस)। गिरिडीह -टुंडी मुख्य पथ पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चतरो के समीप हुई एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक नाबालिग समेत दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान देवरी थाना क्षेत्र के मंझीलाडीह निवासी गौतम तिवारी ( 8 वर्ष ) और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रानीडीह निवासी राजेश तुरी ( 23 वर्ष )के रूप में हुई। वहीं इस घटना में बाईक पर सवार एक अन्य मासूम बच्चा बाल - बाल बच गया। मृतक दोनों रिश्ते में मौसा भतीजा बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार राजेश तुरी अपने साढ़ू के बेटे के साथ सोमवार को भोरणडीहा से बाइक संख्या जेएच 11 AS 4450 पर सवार हो छठियारी का निमंत्रण देने अपने परिचित के घर जा रहें थे। इसी दौरान गिरिडीह टुंडी मुख्य पथ के चतरो के समीप एक तेज रफ्तार एक टेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार मौसा भतीजा सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दो की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि एक मासूम बाल बाल बच गया। घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर उनके परिजन भी घटना स्थल पहुंच गए। स्थानीय ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने घटना के बाद गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मुफ्फसिल थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बीडीओ गणेश रजक, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझा मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु 20 हजार रूपये नगद देकर जाम हंटवाने में सफलता पाया। बाद में पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

# बेकारबांध स्थित राजेंद्र सरोवर में भव्य शिव महा आरती का किया गया आयोजन







धनबाद, झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन जीटा की ओर से बेकार बांध स्थित राजेंद्र सरोवर में शिव महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बनारस के कलाकारों द्वारा भगवान शिव पर आधारित अनेक झांकियां प्रस्तुत की गई l शिव के भजनों पर लोग काफी देर तक धनबाद वासी झूमते रहे l इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तो की भाड़ी भीड़ लगी रही l मौके पर अमितेश सहाय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे l

# बांसजोड़ा 12 नंबर में गोफ से गैस का भारी रिसाव शुरू हो गया





### जिसकी लपटें दूर से ही दिखाई देने लगीं, ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर

### रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे लोग

लोयाबाद। बांसजोड़ा 12 नंबर में एक बार फिर भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है।सोमवार शाम को संतोष भुईयां के आंगन में बने गोफ से गैस का भारी रिसाव शुरू हो गया,जिसकी लपटें दूर से ही दिखाई देने लगीं।अचानक हुए इस रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया है और ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर हैं।गैस का रिसाव उसी गोफ से हो रहा है जो 28 जून को संतोष भुईयां के आंगन में बना था। बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा इसे भरने की कोशिश की गई थी,लेकिन स्थानीय लोगों ने केवल खानापूर्ति का आरोप लगाते हुए विरोध किया। तब से यह गोफ जस का तस बना हुआ है,और अब वह गंभीर खतरे में बदल गया है।रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे लोग।संतोष भुईयां के अलावा महेन्द्र भुईयां,झगरू भुईयां,सुनील कुमार, चंदन कुमार,नरेश चौहान,कौशल्या देवी,देवनाथ राम,राधेश्याम भुईयां शम्भूनाथ भुईयां,बैजनाथ कुमार राम समेत कई परिवार गोफ से महज दस मीटर की दूरी पर रह रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पिछले चार वर्षों से गैस रिसाव और जलती आग की समस्या झेल रहे हैं। जहरीली गैस से कई लोग सांस, दमा और खांसी जैसी बीमारियों के शिकार हो चुके हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल प्रबंधन केवल औपचारिकता निभा रहा है और पुनर्वास की बातें केवल कागजों तक सीमित हैं।ग्रामीणों का कहना है,ऐसे हालातों में हमारे परिवार और बच्चों की जान लेना तय है।विद्यालय को किया गया शिफ्ट।गैस और आग के लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए बांसजोड़ा प्राथमिक विद्यालय को पांच दिन पहले सेन्द्रा 10 नंबर में स्थानांतरित कर दिया गया है।लगभग 30 बच्चों की पढ़ाई अब दूसरे स्थान पर हो रही है। स्कूल पर खतरा मंडरा रहा था,जिससे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया।प्रबंधन ने माना चूक।बांसजोड़ा प्रबंधन ने माना है कि गोफ को भरने नहीं देना एक गंभीर चूक थी।अधिकारियों का कहना है कि गोफ खुला रहने से उसमें ऑक्सीजन पहुंच रही है,जिससे आग और अधिक भड़क रही है। यदि समय रहते गोफ की भराई कर दी गई होती तो स्थिति इतनी भयावह नहीं होती। ग्रामीणों की मांग थी कि गोफ को मिट्टी नहीं बल्कि बालू से भरा जाए,ताकि आग पर नियंत्रण पाया जा सके।

कोयला मंत्रालय तक जा चुकी है बात, समाधान अधर में

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोयला मंत्रालय तक के अधिकारी यहां का दौरा कर चुके हैं,लेकिन समाधान अब तक अधर में लटका है।क्षेत्र के लोगों की मांग है कि उन्हें अविलंब सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित किया जाए और इलाके में स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बताया जा रहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं,यह एक धीमी मौत का इलाका बनता जा रहा है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह त्रासदी बड़ी जनहानि में बदल सकती है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, बोकारो

(पशुपालकों के लिए आम सूचना)

बोकारो जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डल के सदस्यो को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि प्रशिक्षण एवं प्रसार, संस्थान (गव्य विकास) राँची के पत्रांक–275, दिनांक– 26.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 अंतर्गत बोकारो जिला के लिए राज्य के अन्दर **दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोशण प्रशिक्षण** कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार **प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर– 02, धुर्वा राँची** में किया जाना है

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, बोकारो से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र) प्राप्त कर सकते है। उक्त आवेदन में आवश्यक जानकारी भरकर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर जिला गव्य विकास कार्यालय बोकारो में प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक सप्ताह पूर्व पहचान पत्र (आधार कार्ड की छाया प्रति) दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैक खाता पासबुक की छायाप्रति एवं IFSC कोड के साथ जमा करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वित्तीय वर्ष 2025–26 का **दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोशण प्रशिक्षण** कार्यक्रम निम्नलिखित है।

| क्र | दिनांक | OSP | | | TSP | | | SCSP | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 15.07.2025 से 21.07.2025 | 08 | 05 | **13** | – | – | – | 2 | 2 | **3** | **17** |
| 2 | 05.08.2025 से 11.08.2025 | 08 | 05 | **13** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **16** |
| 3 | 16.09.2025 से 22.09.2025 | 08 | 05 | **13** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **16** |
| 4 | 14.10.2025 से 19.10.2025 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 5 | 18.11.2025 से 24.11.2025 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 6 | 02.12.2025 से 08.12.2025 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 7 | 09.12.2025 से 15.12.2025 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 8 | 30.12.2025 से 05.01.2026 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 9 | 20.01.2026 से 26.01.2026 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 10 | 27.01.2026 से 02.02.2026 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 11 | 10.02.2026 से 16.02.2026 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| 12 | 17.02.2026 से 23.02.2026 | 08 | 04 | **12** | – | – | – | 2 | 1 | **3** | **15** |
| | | 94 | 51 | **147** | | | | 24 | 13 | **36** | **184** |

**प्रशिक्षण हेतु योग्यता :–**
01) प्रशिक्षणार्थी स्वस्थ एवं साक्षर हो।
02) उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो। प्रशिक्षण में भाग
03) झारखण्ड मिल्क फेडरेशन, धुर्वा राँची से संबद्व ग्रामों के इच्छुक पशुपालक/योजना से लाभान्वित/प्रगतिशील पशुपालकों/JSLPS से संबद्व सखी मण्डलों के सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के चयन में प्राथमिकता दिया जायेगा।
04) महिलाओ को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
05) प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अत्यावश्यक है।
06) प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
**नोटः– विहित आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।**

ह0/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, बोकारो

**PR 357301 Animal Husbandry(25-26)#D**

जिला मत्स्य कार्यालय, धनबाद
दूरभाष : 0326–2310438, ईमेल : dfodhanbad0@gmail.com

**राज्यस्तरीय पाँच दिवसीय मत्स्य कृषक प्रशिक्षण हेतु सूचना**

मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र राँची के पत्रांक 308 दिनांक 07.07.2025 के आलोक में धनबाद जिले के सभी मत्स्य कृशकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत मछली पालन की नवीन तकनीक एवं विधियों से अवगत कराने हेतु जिले के 295 मत्स्य कृशकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/इच्छुक मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया जाना है।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति दिन मो0 200/– (दो सौ) रू0 मात्र की दर से पॉच दिनों का कुल 1000/– रू0 मात्र का भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अधिकतम मो0 600/– रू0 मात्र मार्ग व्यय (अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो. जिला मुख्यालय से रॉची मुख्यालय तक) भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को मानदेय का भुगतान संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से किया जायेगा। वैसे मत्स्य कृशकों को ही भेजा जायेगा जिनका बैंक में खाता हो। किसी भी प्रशिक्षणार्थी को नगद भुगतान नही किया जायेगा।

**राज्यस्तरीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की कार्यक्रम सारणी।**

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण स्थल का नाम | लक्ष्य | | कुल | प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियों की सं0 | तिथि का निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 101 | 789 | | | |
| 1 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची। | 245 | 50 | 295 | 45 | 29.07.2025 – 02.08.2025 28.08.2025 – 01.09.2025 24.09.2025 – 28.09.2025 03.11.2025 – 07.11.2025 29.11.2025 – 03.12.2025 26.12.2025 – 30.12.2025 24.01.2026 – 28.01.2026 19.02.2026 – 23.02.2026 |
| | कुल | **245** | **50** | **295** | | |

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण का नाम | कुल प्रशिक्षणार्थियों की सं0 | तिथि का निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1 | हैचरी संचालन | 50 | 14.07.2025–18.07.2025<br>24.07.2025–28.07.2025<br>24.01.2026–28.01.2026<br>03.02.2026–07.02.2026 |
| 2 | केज कल्चर | 100 | 19.07.2025–23.07.2025<br>28.08.2025–01.09.2025<br>10.09.2025–14.09.2025<br>18.11.2025–22.11.2025<br>09.12.2025–13.12.2025 |
| 3 | बायोफ्लॉक एवं आर0ए0एस0 पर प्रशिक्षण | 50 | 15.09.2025–19.09.2025<br>29.10.2025–02.11.2025<br>15.12.2025–19.12.2025 |
| 4 | फीड मिल पर प्रशिक्षण | 50 | 04.08.2025–08.08.2025<br>08.11.2025–12.11.2025 |
| 5 | वायुस्वासी मछलियों/झींगा पालन/समेकित मत्स्य पालन पर प्रशिक्षण | 50 | 15.09.2025–19.09.2025<br>24.11.2025–28.11.2025<br>14.02.2026–18.02.2026 |
| 6 | मूल्य संवर्धण एवं मत्स्य विपणन | 50 | 13.01.2026–17.01.2026<br>03.02.2026–07.02.2026<br>19.02.2026–23.02.2026 |
| 7 | मोती पालन | 50 | 03.11.2025–07.11.2025<br>29.11.2025–03.12.2025<br>08.01.2026–12.01.2026<br>09.02.2026–13.02.2026 |

**मत्स्य प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अहर्ता निम्नवत् होगीः–**
1. आवेदक के पास मछली पालन हेतु तालाब होना आवश्यक है।
2- Jharkhandfisheries.com Portal पर Registration करने के पश्चात् ही कार्यालय में आवेदन जमा लिया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी धनबाद

**PR 357286 (Fish)25-26*D**

# लीज होल्ड एरिया में बीसीसीएल डंप करें ओवर बर्डन : उपायुक्त

## अवैध खनन के आवेदन पर उसी दिन दर्ज करें एफआईआर : एसएसपी







धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को भू-अर्जन में नियमों का पालन करने, अपने लीज होल्ड एरिया में ओवर बर्डन डंप करने तथा कोयला खनन के बचे हुए अवैध मुहाने शीघ्र बंद करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि कोयला का अवैध खनन चिंता का विषय है। जिला प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ को साथ मिलकर इसे रोकना है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स के लिए यहां की जनता के भविष्य को ध्यान रखते हुए पर्यावरण, सतत विकास, कार्य योजना तथा माइनिंग क्लोजर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए काम करना है।कोयले का अवैध परिवहन रोकने के लिए उपायुक्त ने कोल ट्रेड में पंजीकृत जीएसटी संख्या की सूची लेकर सभी के पास कोल डिपो या प्लाट, है या नहीं, की जांच करने तथा अवैध कोयला लदा वाहन पकड़ते समय तिथि एवं समय का अनिवार्य रूप से उल्लेख करने का निर्देश टास्क फोर्स को दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सीआईएसएफ या खनन पदाधिकारी से अवैध खनन से संबंधित प्राप्त आवेदन पर उसी दिन प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बीसीसीएल को प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता, विनोद कुमार ने भूमि अधिग्रहण के नियमों से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को अवगत कराया।बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, रितेश राज तिग्गा ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जून तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 58 कांड दर्ज किए हैं। जिसमें 68 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि 890 टन कोयला तथा 7 हाइवा सहित 17 वाहन जब्त किए हैं। वहीं लघु खनिज से संबंधित अवैध खनन के 26 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 9 प्राथमिकी दर्ज हुई है। 33 वाहन जब्त किए हैं और लगभग 9.55 लाख रुपए का जुर्माना जेएमएमसी रूल 2004 के तहत वसूला गया है।बैठक में बीसीसीएल के निदेशक, मानव संसाधन, मुरली कृष्ण रमैया ने बताया कि कोयले के अवैध खनन को रोकने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीआईएसएफ द्वारा ड्रोन सर्विलांस से निगरानी की जा रही है। सभी माइनिंग एरिया में अवैध मुहाने बंद कर उसकी डोजरिंग की गई है। अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर लगातार कार्रवाई जारी है। कोयला परिवहन में लगे सभी वाहनों में आरएफआईडी व व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम है एवं माइनिंग क्षेत्र के प्रवेश एवं निकास द्वार पर बूम बैरियर लगाए गए हैं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी,विकास पालीवाल, ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट, प्रदीप विश्वकर्मा, आशुतोष चौबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी, आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा, रजत मणिक बाखला, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

### जल स्रोतों के मूल नक्शे के आधार पर आकर चिन्हित करते हुए अतिक्रमण को नियमानुसार शीघ्र हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें संबंधित अंचलाधिकारी : उपायुक्त



धनबाद , उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जल स्रोतों के संरक्षण,अतिक्रमण की रोकथाम तथा प्रदूषण मुक्त बनाए जाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने अंचलवार सभी तालाबों, नदी व जलस्त्रोत की जानकारी संबंधित अंचलाधिकारी से प्राप्त की। साथ हीं अंचलवार तालाबों एवं आस पास के सरकारी जमीनों में हो रहे अतिक्रमण की जानकारी भी अंचलाधिकारी से प्राप्त की। इस दौरान झरिया अंचल अधिकारी ने बताया कि बीसीसीएल के क्षेत्र में पूर्व में बने तालाब में अतिक्रमण हो रखा है। जिसको लेकर बीसीसीएल को नोटिस भी किया गया है। वहीं राजा तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करनी है। उपायुक्त ने कहा कि तालाब चाहे सरकारी जमीन पर हो या रैयत के जमीन पर उसे अतिक्रमण करना गैर कानूनी है। अगर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया जाता है तो उसे पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जल स्रोतों तथा सरकारी भूमि का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस भी तालाब की गहराई काम हो रखी है उसका गहरीकरण करना सुनिश्चित करें। साथ हीं जिस तालाब में जीर्णोद्धार की आवश्यकता है उसकी भी सूची बनाकर जिला को उपलब्ध कराएं।

मौके पर नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी,राजेश कुमार समेत विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, सिटी मैनेजर, अमनदीप कुमार भी मौजूद थे।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन

# रुद्राभिषेक में रुद्रिपाठ से गूंजता रहा जागृत मंदिर







### तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धिमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात,

### 101 महिलाओं ने संध्या में किया सामूहिक सुंदरकांड का पाठ

धनबाद, जागृत मंदिर चीरागोड़ा मे तीन दिवसीय प्रथम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ के दूसरे दिन सावन मास के पहले सोमवार को जागृत मंदिर चीरागोरा में महारुद्राभिषेक एवं सामूहिक सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। मंदिर प्रांगण में सुबह छह बजे यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, ऋषभ कुमार पांडे ,सुमन पांडे , द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन शुरू किया गया।

आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने सर्वप्रथम सर्वआवाहित देवताओं का वैदिक रीति से पूजन कराया। वहीं मंदिर में स्थापित

जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण , बजरंग बली , शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा का वैदिक रिति से पूजन किया।दोपहर एक बजे से महारुद्राभिषेक शुरू हुआ जो संध्या पाँच बजे तक चलता रहा. संध्या छह बजे से एक सौ एक महिलाओं द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए सह सचिव बिल्लू गुप्ता ने कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ, पत्रकार, आर एन चौरसिया को बताया कि 15 जुलाई को पुण्यतिथि व पुण्य योग में सुबह 7बजे से यज्ञ मंडप में वेदी पूजन ,मंडप पूजन, कुंड पूजन होगा ।विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा रूद्र व चण्डी पाठ होगा। तत्पश्चात् यज्ञ की पूर्णाहुति होगी । 16 जुलाई को दोपहर दो बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया हैं।

## बीसीसीएल सीएमडी से संगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर मिले पिंटू कुमार सिंह



धनबाद, सोमवार को बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में सीएमडी समीरण दत्ता से जदयू जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह मिले। उन्होंने विस्थापन तथा असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर सीएमडी को ज्ञापन सौंपा। सीएमडी ने उक्त समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को तुरंत कार्यवाही का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में पिंटू कुमार सिंह के साथ धनबाद नगर अध्यक्ष, धनलाल दुबे, जदयू युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह मजदूर नेता बबलू मोदक भी मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में साइकिल वितरण योजना के तहत आठवीं वर्ग में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ीं जाति के छात्र, छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल वितरण हेतु जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कुल 4794 आठवीं वर्ग में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ीं जाति के छात्र, छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल वितरण को लेकर अनुमोदन हेतु समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया। जिसे उपायुक्त की अध्यक्षता में अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त, अदित्य रंजन ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिलने से छात्र एवं छात्राओ को स्कूल आने जाने में मदद मिलेगी और सभी आसानी से स्कूल आ जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है। इसका अवश्य लाभ लें एवं खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में जिला का नाम रोशन करें। वहीं उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि बाकी के छुटे हुए विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बना कर योजना का लाभ सुनिश्चित करें। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे ।

## सावन के पहले सोमवारी पर चिरकुंडा नीचे बाजार में सेवा समिति का खीर स्टाल का उद्घाटन डॉ. डी बनर्जी, एस बी बनर्जी ने फीता काट कर किया

चिरकुंडा, (धनबाद), नीचे बाजार सेवा समिति के द्वारा, प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सावन महीना के पावन अवसर पर सावन का पहला सोमवारी का डिसरगढ़ त्रिवेणी घाट से जल उठाने वाले शिव भक्तों के सेवा में। खिर वितरण करने का स्टाल लगाया गया है। जिसका उद्घाटन डॉ0 डी बनर्जी, डॉ0 एस बी बनर्जी, ने फिता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही अपने हाथों से बाबा भोलेनाथ के भक्तों को श्रद्धालुओं को खिर वितरण किये। डॉ० डी बनर्जी ने कहा की चिरकुंडा नीचे बाजार सेवा समिति के द्वारा, हर साल बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने जाने वाले भक्त गणों के सेवा के लिए, यह स्टाल लगाया जाता है। इसमें सेवा करने का मौका मिला, यह मेरा सौभाग्य है। डॉ० एस बी बनर्जी ने कहा की बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने जाने वाले भक्तों को, सेवा करके बहुत अच्छा लग रहा है।

बोल बम चिरकुंडा नीचे बाजार सेवा समिति के द्वारा सावन के पावन महीने के पहला सोमवारी का जल चढ़ाने जाने वाले भक्तगणों के सेवा में सेवा समिति के सभी सदस्य लगे हुए थे । हर्षोल्लास के साथ, बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालु भक्तों के बीच खीर का वितरण कर रहे हैं, जिसमें रंजीत गोराई, प्रदीप गोराई, भुवन गोराई, पिंटू कुंडू, राजू सेन, और गणेश गोराई, प्रदीप,तापस,बुबाई,रविशंकर गोराई पातु सेन मधुसूदन गोराई, बापी गोराई, सोनू गोराई, लाल रक्षित, दीपू, लक्ष्मण गोराई, कल्याण गोस्वामी,सहित अनेक श्रद्धालु भक्त बाबा भोलेनाथ की सेवा में लगे हुए थे।

# सी ए विनीत तुलस्यान बने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल के नए अध्यक्ष

### सचिव के पद पर अतुल डोकानिया एवं कोषाध्यक्ष का पद पंकज गोयल ने संभाला,



धनबाद, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल द्वारा आयोजित चेंज ओवर समारोह में बिपिन चचान एवं उनकी पत्नी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संयुक्त रूप से केक काटा गया। मुख्य अतिथि ने कहा क्लब की सामाजिक गतिविधियों सराहनीय है। क्लब के सभी मेंबर जनसेवा में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में 2025-26 की नई कार्यकारिणी में पदभार संभाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीत तुलस्यान ने आगामी वर्ष के लिए क्लब की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य,स्वच्छता व पर्यावरणीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है। साथ ही कार्यक्रम में आरसीडीसी को इमर्जिन अवार्ड, रामाश्रम प्रोजेक्ट को स्पेशल अवार्ड एवं सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड मिला। आरसीडीसी के द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन सफल आयोजन के लिए अमरेश सिंह, बलराम अग्रवाल , संजय अग्रवाल एवं डॉ० यश सिंह को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इंटर क्लब एसिटिविटी के लिए मनोज अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए अतुल डोकानिया को सम्मानित किया गया। रोटेरियन अमरेश सिंह ने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नितेश बुबना , राहुल गोयल , डॉ. विभाष सहाय एजी दीपक कनोडिया, अमित जैन , नितिन कोठारी , शैलेन्द्र नरूला, सुशांत कुमार, बलराम अग्रवाल सहित आरसीडीसी के सभी सम्मानित सदस्य की सराहनीय भूमिका रही ।

## बैंक मोड़ के शांति भवन की छह बिल्डिंग जांच के घेरे में, निगम ने भेजा नोटिस

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद शहर के बैंक मोड़ स्थित शांति भवन की छह बहुमंजिली इमारतें अब नगर निगम की जांच के दायरे में आ गई हैं। निगम की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि इन भवनों का निर्माण स्वीकृत नक्शे के अनुरूप नहीं किया गया है।इस संबंध में शांति भवन सोसाइटी के सचिव मुकेश कुमार को नोटिस जारी किया गया है।निगम ने सचिव को 25 जुलाई तक स्वीकृत नक्शे की छायाप्रति सहित अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। तय समय पर जवाब नहीं देने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 व झारखंड भवन उपविधि (बायलॉज) के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह मामला तब प्रकाश में आया जब मनोहर लाल सोनी ने नगर निगम में एक परिवाद पत्र दाखिल कर शिकायत की।उनका आरोप है कि भवन का मूल नक्शा केवल जी +3 (तीन तल्ले) तक ही स्वीकृत था। लेकिन बिल्डर ने जी +4, जी+5, यहां तक कि जी+7 तक का निर्माण करा दिया है। इससे पार्किंग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। अग्निशमन जैसी आपात सेवा की पहुंच भी बाधित हो सकती है।इस संबंध में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बताया कि शांति भवन सोसाइटी के बीडी नंबर पर झमाडा ने छह भवन नर्मदा, गोदावरी, सरस्वती, यमुना, कृष्णा और कावेरी का नक्शा स्वीकृत किया था। लेकिन स्थल निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण स्वीकृत नक्शे से अधिक किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायत के आलोक में जांच की गई और निर्माण में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार नोटिस भेजा गया है। नक्शे की समीक्षा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।वहीं निगम के नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोसाइटी के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि इन इमारतों का निर्माण बिल्डर ने किया है। सोसाइटी के पदाधिकारी केवल बिजली, पानी, सुरक्षा जैसे सामान्य रखरखाव का कार्य देखते हैं।उन्होंने कहा कि निगम से प्राप्त जांच रिपोर्ट और नक्शे की प्रति देखने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है।

## दलूडीह बड्स गार्डन स्कूल में सीबीएसई कलस्टर थ्री में

# झारखण्ड बिहार वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



राजगंज, (धनबाद), राजगंज दलुडीह अवस्थित बड्स गार्डेन स्कूल में सोमवार को संपन्न हुए सीबीएसई क्लस्टर थ्री झारखंड बिहार वालीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया व सभी खिताबों पर कब्जा जमाकर चैंपियन बने। ज्ञात हो की फाइनल मैच के पूर्व झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व बड्स गार्डेन स्कूल दलूडीह राजगंज के प्राचार्य सह प्रतियोगिता के स्थल निदेशक प्रमोद चौरसिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हौसला बढ़ाया। विधायक ने आयोजन को लेकर बड्स गार्डेन स्कूल परिवार का सराहना की।अंडर 14 बालक वर्ग में सेंट स्टेफन स्कूल हजारीबाग ने आरएनएस डीपीएस आरा को 16-25, 25-21, 15-13 से व बालिका वर्ग में होली क्रॉस स्कूल बोकारो ने त्रिभूवन स्कूल पटना को 25-13, 25-16 से हराकर चैंपियन बना । अंडर 17 बालक वर्ग में सेंट स्टेफन स्कूल हजारीबाग ने बड्स गार्डेन स्कूल राजगंज को 26-24, 25-23 से व बालिका वर्ग में सेंट स्टेफन हजारीबाग ने एटॉमिक एनर्जी स्कूल नरवा पहाड़ जमशेदपुर को 25-21, 25-16 से हराया व चैंपियन बना । अंडर 19 बालक वर्ग में जेभीएम श्यामली रांची ने स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा को 18-25, 25-17, 16-14 से व बालिका वर्ग में अयप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो ने होली क्रॉस हजारीबाग को 25-10, 25-19 से हराते हुए चैंपियन बना । अंडर 14 बालक में आर्यन मैन ऑफ द मैच, यशु पाल मैन ऑफ द टूर्नामेंट, अंडर 14 बालिका में प्रतिभा मैन ऑफ द मैच व श्वेता लकड़ा मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। अंडर 17 बालक में सचिन मैन ऑफ द मैच व सागर मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बालिका में काजल मैन ऑफ द मैच व गुड्डी मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। अंडर 19 बालक में आदित्य मैन ऑफ द मैच व मनमोहन मैन ऑफ द टूर्नामेंट व बालिका वर्ग में लक्ष्मी मैन ऑफ द मैच व प्रेरणा मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। धनबाद जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जेएलएन डिगवाडीह के प्राचार्य रूना दुबे, विवेकानंद चिरकुंडा के प्राचार्य संजीव कुमार, बीजीएस राजगंज के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया, चेयरमैन ए के पॉल, धनबाद जिला वालीबॉल सचिव सुरज कुमार, भाजपा नेता ज्ञान रंजन सिन्हा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ◗ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।